@Qpatrika
@qaumipatrika hindi
instagram.com/qaumipatrika

# कौमी पत्रिका
राष्ट्रीय दैनिक अखबार

दिल्ली-हरियाणा-पंजाब-चण्डीगढ़-उत्तर प्रदेश से प्रसारित
रविवार, 18 अगस्त 2024

VISIT:
www.qaumipatrika.in
Email: qpatrika@gmail.com

R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472 सम्पादक - गुरचरन सिंह बब्बर वर्ष 17 अंक 282 qaumipatrikahindi 011-41509689, 23315814, 9312262300 गाजियाबाद संवत् 2077-78, पेज (12) मूल्य 3.00 रुपये (हवाई शुल्क 50 पैसे अतिरिक्त)

## कुछ लोग राजनीतिक हित को राष्ट्र हित से ऊपर रखते हैं: उपराष्ट्रपति

नेल्लोर, 17 अगस्त। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ आंध्र प्रदेश में नेल्लोर जिले के वेंकटचलम में स्वर्ण भारत ट्रस्ट की बैठक को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने राहुल गांधी पर निशाना भी साधा। धनखड़ ने कहा कि इस देश में कुछ लोग राजनीतिक हित को राष्ट्र हित से ऊपर रखते हैं। धनखड़ ने कहा कि इन लोगों को सद्बुद्धि मिले। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा, देश में कुछ लोगों ने अनुचित कारणों से अपने राजनीतिक हित को राष्ट्रीय हित से ऊपर रख दिया। आइए हम प्रार्थना करें कि वे समझदार हो जाएं। धनखड़ ने शुक्रवार को लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी का नाम लिए बिना हमला करते हुए, चिंता व्यक्त की कि संवैधानिक पद पर बैठे एक व्यक्ति ने सुप्रीम कोर्ट से हमारी अर्थव्यवस्था को नष्ट करने के उद्देश्य से गलत विचारधारा को बढ़ावा देने के लिए स्वत: संज्ञान लेने को कहा है। उपराष्ट्रपति का यह बयान राहुल गांधी पर स्पष्ट हमले के रूप में देखा जा रहा है।

# महिला डॉक्टर की हत्या के केस में आईएमए की हड़ताल जारी

**सिम्मी कौर बब्बर**

कोलकाता, 17 अगस्त। पश्चिम बंगाल में कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में एक प्रशिक्षु महिला डॉक्टर की हत्या के मामले में देशभर के डॉक्टरों का गुस्सा उफान पर है। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) ने देशव्यापी हड़ताल की घोषणा की है। इस दौरान आपात सेवाएं जारी हैं, हालांकि ओपीडी बंद रहेंगी और वैकल्पिक सर्जरी को भी टाल दिया जाएगा। आईएमए के इस हड़ताल का असर कई राज्यों में दिखने लगा है। केरल, झारखंड, नगालैंड में डॉक्टरों की हड़ताल से स्वास्थ्य सेवाओं के प्रभावित होने की खबरें आई हैं। भारतीय चिकत्सा संघ (आईएमए) की हड़ताल का असर शनिवार को बिहार में स्वास्थ्य सेवाओं पर देखने को मिला। हालांकि, इससे आपातकालीन सेवाओं पर असर नहीं पड़ा। आईएमए बिहार के प्रमुख सदस्य सहजानंद प्रसाद सिंह ने बताया कि हड़ताल सुबह छह बजे शुरू हुई और अगले चौबीस घंटे तक चलेगी। इस दौरान नियमित ओपीडी और अन्य सर्जरी नहीं होंगी। उन्होंने यह भी साफ किया कि इस हड़ताल के दौरान सभी जरूरी सेवाओं को जारी रखा जाएगा और अस्पतालों में आपातकालीन मामलों का ध्यान रखा जाएगा। राजधानी पटला सहित बिहार के अन्य जिलों जैसे पूर्णिया और बेगूसराय में भी चिकित्सा सेवाओं पर हड़ताल का असर देखने को मिला है। डॉक्टरों ने पश्चिम बंगाल में महिला डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या की कड़ी निंदा की और चिकित्सा




पेशेवरों, खासकर महिलाओं की सुरक्षा की मांग की। महिला डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या के खिलाफ कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल से श्याम बाजार तक विरोध मार्च निकाला गया। इसमें डॉक्टर और छात्र शामिल हुए। गोवा में निजी प्रैक्टिस करने वाले डॉक्टरों और प्राइवेट अस्पताल के डॉक्टर्स भी शनिवार को राष्ट्रव्यापी हड़ताल में शामिल हुए। आईएमए गोवा के अध्यक्ष डॉ. संदेश चोडानकर ने कहा कि उनके सभी सदस्य शनिवार सुबह छह बजे से विरोध प्रदर्शन में शामिल हो गए हैं जो 24 घंटे तक जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि इससे आपातकालीन सेवाओं पर कोई असर नहीं पड़ेगा। आईएमए के सदस्यों ने शनिवार को आजाद मैदान से ओल्ड गोवा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल भवन तक मौन विरोध मार्च की भी योजना बनाई है। नगालैंड में भी शनिवार को डॉक्टर्स हड़ताल पर चले गए जिससे राज्यभर में स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित रहीं। आईएमए नगालैंड स्टेट ब्रांच, नगालैंड इन-सर्विस डॉक्टर्स एसोसिएशन और इंडियन डेंटल एसोसिएशन नगालैंड स्टेट ब्रांच ने सुबह छह बजे से शाम छह बजे तक आपातकालीन सेवाओं को छोड़कर सभी सेवाएं बंद रखने की घोषणा की। कोलकाता के सरकारी अस्पताल में प्रशिक्षु चिकित्सक के साथ दुष्कर्म और हत्या की घटना के विरोध में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) की ओर से 24 घंटे की हड़ताल से झारखंड में स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित रहीं।

## एक साथ क्यों नहीं करा रहे चुनाव, मोदी की बातों में सच्चाई नहीं: शरद पवार

नागपुर, 17 अगस्त। विधानसभा चुनाव को लेकर एनसीपी नेता शरद पवार ने पीएम नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी एक राष्ट्र एक चुनाव की वकालत करते हैं, फिर भी आगामी समय में राज्यों में विधानसभा चुनाव अलग-अलग



समय पर कराए जा रहे हैं। इससे साफ है कि पीएम मोदी जो कहते हैं उसमें बिल्कुल सच्चाई नहीं है। चुनाव आयोग ने शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर में तीन चरण और हरियाणा में सितंबर-अक्टूबर में एक चरण के मतदान की घोषणा की। इसमें कहा गया है कि महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा आवश्यकताओं के कारण बाद में होंगे। इस पर एनसीपी नेता ने कहा कि जम्मू-कश्मीर और हरियाणा में चुनाव की तारीखों की घोषणा कर दी गई है, लेकिन झारखंड और महाराष्ट्र में चुनाव की घोषणा नहीं की गई। चुनाव कार्यक्रम को लेकर महाराष्ट्र में विपक्षी महा विकास अघाड़ी (एमवीए) के सहयोगी दल शिव सेना (यूबीटी) और एनसीपी (सपा) ने आयोग पर सवाल उठाए थे। नेताओं ने कहा था कि ऐसा लगता है कि भाजपा के नेतृत्व वाली महायुति अपने झूठे वादों के साथ महाराष्ट्र के लोगों को मूर्ख बनाने के लिए अधिक समय चाहती है। हिंदू धार्मिक नेता रामगिरि महाराज की टिप्पणियों को लेकर पवार ने कहा कि यह समाज के हित में नहीं है। धार्मिक नेता ने कहा है कि उन्होंने यह बयान बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार की प्रतिक्रिया में दिया है। इस पर पवार बोले कि आज शांति की जरूरत है। समाज और राजनेताओं को इसके प्रति धैर्यवान और सतर्क रहना होगा। उन्होंने कहा कि सरकार और गृह विभाग की जिम्मेदारी तय की जानी चाहिए। बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन के बारे में पवार ने कहा कि हमें कभी नहीं लगता कि बांग्लादेश में जो हुआ उस पर महाराष्ट्र से प्रतिक्रिया दी जाए। जम्मू कश्मीर में तीन चरण में विधानसभा चुनाव कराए जाएंगे।

## आरक्षण विरोधी है भाजपा सरकार, न्याय और संविधान की जीत हुई

लखनऊ, 17 अगस्त। 69000 शिक्षक भर्ती मामले में हाई कोर्ट की डबल बेंच ने सभी चयन सूचियां को रद्द कर नई चयन सूची बनाकर आरक्षण नियमावली 1994 में निहित प्रावधानों के अनुसार नियुक्ति किए जाने का आदेश दिया है। इस पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष व पूर्व मंत्री अजय राय ने कहा कि भाजपा सरकार आरक्षण विरोधी है। दलित और पिछड़ों के हक के लिए सिर्फ जबानी जमा खर्च करने वाली भाजपा सरकार हर कदम पर उनके साथ छल करती है, इतना ही नहीं भाजपा सरकार दलित और पिछड़ों को उनके जायज हक से महरूम रखने का हर संभव प्रयास करती है। राय ने कहा कि इस मामले में हाईकोर्ट की सिंगल और डबल बेंच से सरकार के आरक्षण विरोधी चेहरे को बेनकाब किया गया है। हालत यह हैं कि सरकार के अपने मंत्री और सहयोगी दल, सरकार को आरक्षण के मुद्दे पर आइना दिखा रहे हैं। सच तो यह है कि सरकार के वे मंत्री जो आज फैसले को सही बता रहे हैं वो भी इस अन्याय पर चुप थे। जबकि पीड़ित अभ्यर्थियों ने इन सभी के दरवाजों पर न्याय की गुहार लगाई थी।

## पहले मुख्यमंत्री चेहरा घोषित करें फिर लड़ेंगे विधानसभा चुनाव: उद्धव

**तेजिन्दर कौर बब्बर**

मुंबई, 17 अगस्त। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव की उल्टी गिनती शुरू होने के साथ ही राजनीतिक मतभेद खुलकर सामने आने लगे है। शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने एक बार फिर कहा है कि पहले मुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित करें फिर विधानसभा चुनाव का प्रचार अभियान शुरू करें। पिछले दिनों उद्धव ने इसी मकसद से दिल्ली की दौड़ लगाई थी लेकिन खाली हाथ वापस लौट आए थे। शुक्रवार को उद्धव ठाकरे ने एक बार फिर गुजारिश की। लेकिन कांग्रेस और एनसीपी (शरद) सुप्रीमो शरद पवार ने उन्हें कोई भाव नहीं दिया। राज्य में विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर शुक्रवार को मुंबई के षडमुखानंद हाल में शिवसेना, कांग्रेस और एनसीपी (एसपी) गठबंधन एमवीए के पदाधिकारियों का सम्मेलन आयोजित किया गया। इस दौरान उद्धव ठाकरे ने कहा कि गठबंधन में लाठी चलाने वाले बैठे हैं। लेकिन मुख्यमंत्री पद का चेहरा कौन होगा, उद्धव ठाकरे या कोई और। यहां शरद पवार और पृथ्वीराज चव्हाण अपनी पसंद की घोषणा करें। आप में से कोई भी मुख्यमंत्री का चेहरा बने, हम उसका समर्थन करेंगे। उद्धव ने कहा कि बिना चेहरा घोषित किए चुनाव लड़ना खतरा है। ठाकरे ने कहा कि अगर, यह फार्मूला अपनाया गया कि जिसके पास अधिक सीटें उसका मुख्यमंत्री, तो दूसरे सहयोगी दल को कमजोर करने की कोशिश की जाती है। इसलिए हमें उस नीति पर नहीं चलना है। उद्धव ठाकरे ने वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक पर भी अपना रुख स्पष्ट किया। उद्धव ने कहा कि वक्फ बोर्ड और मंदिर संस्थान की संपत्ति को किसी को छूने नहीं दूंगा। अगर, इस विधेयक पर चर्चा तय होता तो सांसद सदन में होते और विधेयक पर अपना पक्ष रखते। उद्धव ने कहा कि वक्फ बोर्ड छोड़ो, मंदिर की जमीन भी चोरी हो रही है। हम ऐसा नहीं होने देंगे। बता दें कि दो दिन पूर्व लोकसभा में विधेयक पेश होने पर शिवसेना (यूबीटी) के सांसदों के गैरहाजिरी पर मुस्लिम संगठनों ने उद्धव ठाकरे के आवास (मातोश्री) पर मोर्चा निकालकर विरोध प्रदर्शन किया था।

# दिग्विजय सिंह मोरबी-राजकोट के हादसों को लेकर राज्य सरकार पर साधा निशाना

**नरेश मल्होत्रा**

सुरेंद्रनगर (गुजरात), 17 अगस्त। कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने शनिवार को गुजरात सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने राज्य में मोरबी पुल हादसे और राजकोट गेम जोन में अग्निकांड जैसी घटनाओं को लेकर भाजपा सरकार पर हमला किया। सिंह ने कहा कि राज्य सरकार नियमों और सुरक्षा प्रक्रिया का पालन नहीं कर रही है। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह मोरबी से शुरू हुई न्याय यात्रा में शामिल होने आए। इस यात्रा का मकसद पिछले पांच वर्षों में भाजपा शासित गुजरात में हुई बड़ी त्रासदियों के पीड़ितों को न्याय दिलाना है। सिंह ने कहा कि यात्रा के दौरान कांग्रेस-व्यवस्था, गरीबों के अधिकार और राज्य में हुई घटनाओं पर फोकस कर रही है। उन्होंने कहा कि मोरबी पुल गिरने और आग लगने की घटनाएं सरकार द्वारा नियमों का पालन न करने के कारण हुईं। उन्होंने कहा, अगर सरकार नियमों का पालन करती, तो ऐसी घटनाएं न होतीं। उदाहरण के लिए, मोरबी में पुल का रखरखाव करने वाले व्यक्ति को नियमों का पालन करना चाहिए था। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा चुके गए व्यक्ति को पुल (संचालन और रखरखाव के लिए) सौंप दिया गया था। जिन नियमों और प्रक्रियाओं का पालन किया जाना जरूरी था, उनका पालन नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि उचित सुरक्षा प्रक्रियाओं का पालन किए बिना अनुमति दी गई, जिससे त्रासदी हुई और 135 लोगों की जान चली गई। कांग्रेस नेता ने कहा कि इसी तरह राजकोट गेम जोन में आग लगने से कई लोग मारे गए। उन्होंने कहा, ऐसी चार घटनाओं में राज्य सरकार द्वारा नियमों का पालन करने के कारण 400 से ज्यादा लोग मारे गए हैं। सिंह कहा कि पिछले कुछ वर्षों में कई लोगों की जान आग और पुल गिरने की घटनाओं में गई है। न्याय यात्रा नौ अगस्त से शुरू होकर 23 अगस्त को गांधीनगर में समाप्त होगी। 14 दिन की यात्रा में 350 किलोमीटर कवर किया जाएगा। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने छह जुलाई को अहमदाबाद जाकर पीड़ित परिवारों से मिलने और उनकी समस्याओं को संसद में उठाने का वादा किया था। अब सिद्धारमैया के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी, मुडा केस में कब क्या हुआ? कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की मुश्किलें बढ़ गई हैं। राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने मुख्यमंत्री के खिलाफ मुडा मामले में मुकदमा चलाने की मंजूरी दे दी है। यह मामला कर्नाटक के मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (मुडा) भूमि



आबंटन में कथित अनियमितता से जुड़ा हुआ है। मुडा का मामला अदालत की चौखट तक भी पहुंच गया है। राज्य के विपक्षी दल मुडा मामले में लगातार कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को घेर रहे हैं। विपक्ष का आरोप है कि मुख्यमंत्री इस भ्रष्टाचार में सीधे संलिप्त हैं और उन्हें इस्तीफा देना चाहिए। उधर मुख्यमंत्री लगातार सारे आरोपों को झूठा बता रहे हैं। आइए टाइमलाइन में जानते हैं कि आखिर कथित मुडा भूमि घोटाला क्या है? इस मामले में किस पर और क्या आरोप लगे हैं? मामले की शुरुआत कैसे हुई? राज्यपाल की तरफ से इस मामले में अभी क्या कार्रवाई की गई है? अदालत में क्या हो रहा है? विपक्ष क्या आरोप लगा रहा है? कर्नाटक के सीएम आरोपों पर क्या कह रहे हैं? मुडा में कथित गड़बड़ी का मामला जुलाई के शुरुआत में सामने आया था। 1 जुलाई को आईएएस अधिकारी वेंकटचलपति आर के नेतृत्व में जांच के लिए एक सरकारी आदेश जारी किया गया, जिसमें कहा गया कि प्रथम दृष्टया मुडा के भूखंडों के आवंटन में अनियमितताओं का संदेह है। इसमें कहा गया कि भूखंडों को पात्र लाभार्थियों को देने के बजाय, उन्हें प्रभावशाली लोगों और रियल एस्टेट एजेंटों को आवंटित किए जाने की शिकायतें मिली थीं। इसके बाद राज्य के शहरी विकास मंत्री ब्यारती सुरेश ने 1 जुलाई को मैसूर में एक बैठक की और मुडा आयुक्त दिनेश कुमार सहित चार अधिकारियों का तबादला कर दिया। राज्य में कथित घोटाले की खबरें सामने आने के बाद, कर्नाटक के नेता प्रतिपक्ष आर. अशोक ने दावा किया कि सिद्धारमैया की पत्नी पार्वती को भी नियमों का उल्लंघन करते हुए एक वैकल्पिक साइट दी गई।

## झगड़े में युवक की मौत से जयपुर में तनाव, शास्त्री नगर थाने में पत्थरबाजी

जयपुर, 17 अगस्त। शास्त्री नगर इलाके में दिनेश स्वामी नामक युवक की मौत के बाद जयपुर में तनाव की स्थिति बन गई है। एक तरफ समाज के लोग शास्त्री नगर थाने पर ही धरना देने बैठ गए। तो वहीं दूसरी ओर थाने के बाहर लोगों ने धरना दे रहे समाज के लोगों पर पथराव कर दिया। पुलिस ने थाने के बाहर बैठे दो युवकों को हिरासत में लिया। जानकारी के अनुसार झगड़े में युवक की मौत के बाद समाज के लोग थाने पर धरना दे रहे थे। इस बीच विधायक गोपाल शर्मा और हवामहल विधायक बाल मुकुंद आचार्य थाने पहुंचकर समझाइश कर रहे थे। तभी थाने के बाहर धरना दे रहे लोगों पर सामने के मकान से पथराव हुआ, जिसके जवाब में हिंदू समुदाय के लोगों ने भी पथराव किया। इस पर पुलिस ने थाने के बाहर बैठे दो युवकों को हिरासत में लिया। इस गिरफ्तारी के विरोध में सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा और आईपीएस राशि डोगरा के बीच नोकझोंक हो गई। पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर थाने से लोगों को बाहर निकलने का प्रयास किया।

## जजपा को बड़ा झटका, दो दिन में चार विधायकों ने दिया इस्तीफा

टोहाना (हरियाणा), 17 अगस्त। हरियाणा विधानसभा चुनाव से पहले जननायक जनता पार्टी को बड़ा झटका लगा है। पूर्व पंचायत मंत्री रहे टोहाना के विधायक देवेंदर बबली ने पार्टी छोड़ दी है। उन्होंने पार्टी अध्यक्ष अजय चौटाला को पत्र भेज सभी पदों से त्यागपत्र दे दिया है। वहीं, कैथल के गुहला आरक्षित विधानसभा क्षेत्र से वर्ष 2019 में जजपा पार्टी से जीत दर्ज करने वाले ईश्वर सिंह ने भी पार्टी को अलविदा कह दिया है। वर्तमान विधायक ईश्वर सिंह ने जजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर अजय चौटाला को लिखित में अपना त्यागपत्र दिया है। वहीं, शाहबाद से विधायक रामकरण ने भी पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। पार्टी को दो दिन में चार विधायक अलविदा कह चुके हैं। ईश्वर सिंह और रामकरण ने निजी कारणों से इस्तीफा देने की बात कही है। उकलाना से विधायक एवं पूर्व मंत्री अनूप धानक ने जननायक जनता पार्टी के सभी दायित्वों व पदों से इस्तीफा दे दिया है। विधायक अनूप धानक ने आचार संहिता लागू होने के दो घंटे में ही यह एलान किया था। उन्होंने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला को अपना इस्तीफा भेजा है। अनूप धानक के इस्तीफे से पार्टी को सबसे अधिक नुकसान पहुंचा है। उनको पार्टी के सबसे वफादारों में गिना जाता था। हिसार में जजपा के तीन विधायक हैं, जिसमें तीनों ही अब पार्टी के खिलाफ हो चुके हैं। नारनौंद से विधायक रामकुमार गौतम सबसे पहले बागी हो गए थे। लोकसभा चुनाव से पहले बरवाला विधायक जोगीराम सिहाग ने पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा देकर भाजपा प्रत्याशी चौधरी रणजीत सिंह के लिए प्रचार किया। जजपा उनकी सदस्यता रद्द कराने के लिए प्रयास कर रही है। अब पूर्व मंत्री अनूप धानक ने पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया है। अनूप धानक इंडियन नेशनल लोकदल से 2014 में विधायक बने थे। वर्ष 2019 में विधानसभा चुनाव से पहले वह जजपा में शामिल हो गए थे। जजपा ने उन्हें उकलाना से प्रत्याशी बनाया और वे जीतकर विधायक बने। गठबंधन की सरकार में वे राज्यमंत्री बनाए गए थे। लोकसभा चुनाव के समय से ही पार्टी में उनकी सक्रियता कम हो गई थी। लोकसभा चुनाव में प्रचार के दौरान वह गुरुग्राम में अस्पताल में भर्ती बताए गए थे।

भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान
(संसद के अधिनियम द्वारा स्थापित)
CA INDIA
MSME — Ministry of MSME, Govt. of India
#startupindia
Digital India Power To Empower
MeitY Startup Hub Delivering Innovation!
CAIT

विकास और उद्यम की यात्रा के साथ जुड़ें
आईसीएआई एमएसएमई स्टार्टअप यात्रा
27 जून 2024 – 7 अक्टूबर 2024
100 दिन 100 कार्यक्रम 100 शहर

"हमारे एमएसएमई क्षेत्र का भारतीय अर्थव्यवस्था में एक तिहाई हिस्सा है। एमएसएमई क्षेत्र के सशक्तिकरण का मतलब है सम्पूर्ण समाज को सशक्त बनाना। इसलिए, एमएसएमई क्षेत्र के विस्तार को अभूतपूर्व प्रोत्साहन दिया जा रहा है।"
श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री



आईसीएआई यात्रा उत्तर प्रदेश में
(18 अगस्त, 2024 से 21 अगस्त, 2024)
यात्रा बस कार्यक्रम

| शहर | तिथि | मोबाइल |
|---|---|---|
| आगरा | 18th August, 2024 | Mob. 9258338586 |
| मथुरा | 18th August, 2024 | Mob. 9358697932 |
| अलीगढ़ | 19th August, 2024 | Mob. 8126040742 |
| मेरठ | 19th August, 2024 | Mob. 9837211676 |
| मुजफ्फरनगर | 20th August, 2024 | Mob. 9027071901 |
| गाजियाबाद | 21st August, 2024 | Mob. 8109341996 |
| गौतमबुद्ध नगर | 21st August, 2024 | Mob. 9810900418 |

ICAI MSME ECOSYSTEM
Financial & Tax Literacy
नि:शुल्क एमएसएमई उद्यम पंजीकरण




नि:शुल्क: एमएसएमई और स्टार्टअप से जुड़ी समस्याओं का समाधान अब आपके शहर में

- आईसीएआई भारत में चार्टर्ड एकाउंटेंसी के पेशे के विनियमन एवं विकास के लिए 1949 में संसद के अधिनियम द्वारा स्थापित एक सांविधिक निकाय है। इंस्टीट्यूट, कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के प्रशासनिक देखरेख के अधीन कार्य करता है। 9.85 लाख से अधिक छात्रों और 4 लाख से अधिक सदस्यों के साथ आईसीएआई आज विश्व में सबसे बड़ा व्यावसायिक एकाउंटेंसी निकाय है।
- आईसीएआई की एमएसएमई और स्टार्टअप यात्रा, एमएसएमई को सहायता, समर्थन एवं सुविधा प्रदान करने की एक अहम पहल है। एमएसएमई के बीच उद्यमिता की भावना को बढ़ावा देने के साथ-साथ इन्हें अपनी निवेश सूची बढ़ाने में समर्थन करने के मकसद से इस यात्रा की शुरुआत 29 जून 2024 को बेंगलुरु से हुई। यह यात्रा एमएसएमई इकाईयों के बीच विभिन्न राज्य और केंद्र सरकार की आर्थिक सहायता योजनाओं, सब्सिडी और प्रोत्साहन योजनाओं के बारे में जागरूकता फैलाने का कार्य कर रही है। यह वाहन देश के 22 राज्यों को कवर करते हुए लगभग 20,000 किलोमीटर की यात्रा करेगा। यात्रा जनता के बीच वित्तीय और कर साक्षरता के बारे में जागरूकता भी प्रदान करेगी।

Jointly organized by
Committee on MSME & Startup and Financial & Tax Literacy Directorate of ICAI

Follow us on:
Explore ...Engage ... Excel
www.icai.org

## 'बांग्लादेशी सुरक्षा बलों ने अनावश्यक बल प्रयोग किया', संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में इसके पुख्ता संकेत

**एजेंसी**

**कीव।** संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि इस बात के पुख्ता संकेत हैं कि बांग्लादेशी सुरक्षा बलों ने विरोध प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर अनावश्यक बल का प्रयोग किया, जिसके बाद भीड़ हिंसक हो गई और प्रदर्शनकारियों ने ढाका की सड़कों पर अपना कब्जा कर लिया। भीड़ को हिंसक होते देख 76 वर्षीय शेख हसीना प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देकर हेलीकॉप्टर से पड़ोसी देश भारत भाग गईं, जिससे उनके 15 साल के कठोर शासन का नाटकीय अंत हो गया।

यूएन ने कहा कि पांच अगस्त को शेख हसीना के अपदस्थ होने से पहले कई हफ्तों तक चले विरोध प्रदर्शनों में 450 से ज्यादा लोग मारे गए थे। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय ने बांग्लादेश में हुई हिंसा पर एक प्रारंभिक रिपोर्ट जारी की है, जिसमें यूएन ने कहा, सुरक्षा बलों ने स्थिति पर नियंत्रण पाने के लिए अनावश्यक और अनुपातहीन बल का प्रयोग किया। इसके मजबूत संकेत हैं, जो आगे की स्वतंत्र जांच की मांग करते हैं। कथित उल्लंघनों में न्यायेतर हत्याएं, मनमाने ढंग से गिरफ्तारियां और हिरासत, जबरन गायब करना, यातना और दुर्व्यवहार तथा अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और शांतिपूर्ण सभा पर गंभीर प्रतिबंध शामिल हैं। रिपोर्ट में कानून और व्यवस्था की तेजी से बहाली की आवश्यकता पर जोर दिया गया। साथ ही आगे की जानमाल हानि, हिंसा और प्रतिशोध की कार्रवाई को रोकने की आवश्यकता पर जोर दिया गया है। नोबेल पुरस्कार विजेता मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार ने यूएन जांचकर्ताओं को उनके निष्कासन के साथ हुई हिंसा की जांच करने के लिए आमंत्रित किया है। 84 वर्षीय यूनुस पिछले सप्ताह यूरोप से लौटे हैं और एक अस्थायी प्रशासन का नेतृत्व कर रहे हैं, जो लोकतांत्रिक सुधारों को आगे बढ़ाने की चुनौती का सामना कर रहा है।

## 'भारत के साथ द्विपक्षीय व्यापार नही'; पाकिस्तान ने कहा- बांग्लादेश की घटना से कोई संबंध नहीं

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने कहा है कि अगस्त 2019 में जम्मू-कश्मीर में विशेष राज्य का दर्जा खत्म करने के बाद भारत के साथ स्थिति एक ही जैसी बनी हुई है। इसके कारण दोनों के बीच कोई भी द्विपक्षीय बातचीत और व्यापार नहीं हुआ है।

पाकिस्तान के विदेश कार्यालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलूच ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि कश्मीर में अगस्त 2019 के घटनाक्रम के बाद पाकिस्तान द्वारा द्विपक्षीय व्यापार को निलंबित करने सहित कई कदम उठाए गए थे। उन्होंने कहा, 'अभी भी वह स्थिति बरकरार है। इस समय पाकिस्तान और भारत के बीच द्विपक्षीय व्यापार के संबंध में कोई बातचीत नहीं हो रही है।'

**'अच्छे संबंध के लिए आतंकवाद पर लगाम लगानी होगी'**

5 अगस्त, 2019 को भारत द्वारा संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त करने और राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित करने के बाद दोनों देशों के बीच संबंध खराब हो गए थे। भारत हमेशा से पाकिस्तान से यह बात दोहराता रहा है कि केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर और लद्दाख देश का अभिन्न अंग है और रहेगा। भारत हमेशा से ही स्थित को स्पष्ट करता रहा है कि वह पाकिस्तान के साथ अच्छे संबंध रखना चाहता है। लेकिन इसके लिए पाकिस्तान को आतंकवाद पर पूरी तरह लगाम लगानी पड़ेगी।

## हिजबुल्लाह ने ड्रोन से इजरायली सैन्य अड्डे पर किया हमला

**बेरूत।** इजरायल के दक्षिणी लेबनानी गांवों और कस्बों पर हमलों पर जवाबी कार्रवाइ में हिजबुल्लाह ने उत्तरी इजरायल में एक सैन्य अड्डे पर ड्रोन के झुंड से हमला किया। हिजबुल्लाह के मीडिया कार्यालय ने एक बयान में कहा, दृढ़ दक्षिणी गांवों और सुरक्षित घरों पर इजरायली दुश्मन के हमलों के जवाब में, इस्लामिक प्रतिरोध सेनानियों ने राव्या बैरक में 188 वीं ब्रिगेड की बख्तरबंद बटालियन के मुख्यालय पर आत्मघाती ड्रोन के एक स्क्वाड्रन के साथ हवाई हमला किया। हताहतों की संख्या के साफ किये बिना इसमें कहा गया है, ड्रोन ने उन स्थानों को निशाना बनाया जहां इजरायली अधिकारी और सैनिक तैनात थे और बसे हुए थे, उनके लक्ष्यों पर सटीक हमला किया और चोटों की पुष्टि की। इस बीच लेबनानी सैन्य सूत्रों ने बताया कि इजरायली ड्रोन और युद्धक विमानों ने पांच सीमावर्ती कस्बों और गांवों पर सात हवाई हमले किए, जिसमें सात घर नष्ट हो गए और लगभग 20 अन्य क्षतिग्रस्त हो गए।

## संघर्षग्रस्त गाजा में 25 वर्षों में पोलियो का पहला मामला सामने आया

**रामल्ला।** लंबे समय से संघर्ष का सामना कर रही गाजा पट्टी में 25 वर्षों में पोलियो वायरस संक्रमण का पहला मामला दर्ज किया गया।

रामल्लाह स्थित फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि मध्य गाजा के दीर अल-बलाह में एक 10 महीने के बच्चे में वैक्सीन-व्युत्पन्न पोलियोवायरस स्ट्रेन के लिए सकारात्मक परीक्षण किया गया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, अक्टूबर 2023 में चल रहे संघर्ष शुरू होने से पहले एन्क्लेव 25 वर्षों तक पोलियो मुक्त था। इस बच्चे को पोलियो का कोई टीका नहीं मिला था, उसमें लक्षण दिखे, डॉक्टरों को संदेह था कि पोलियो रोग मेल खाता है। मंत्रालय ने कहा कि जॉर्डन में आवश्यक परीक्षण करने के बाद, संक्रमण की पुष्टि वैक्सीन-व्युत्पन्न पोलियोवायरस के एक प्रकार के रूप में की गई।

# कमला हैरिस पर डिबेट में भारी पड़ी थीं ये हिंदू नेता, अब राष्ट्रपति चुनाव के लिए करा रहीं ट्रंप की तैयारी

**एजेंसी**

**अदन ।** अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव के लिए प्रचार चरम पर है और डोनाल्ड ट्रंप और कमला हैरिस मतदाताओं को अपने-अपने पक्ष में लुभाने में जुटे हैं। इस बीच अब सभी की निगाहें 10 सितंबर को होने वाली डिबेट पर लगी हैं, जिसमें पहली बार डोनाल्ड ट्रंप और कमला हैरिस के बीच मुकाबला होगा और दोनों विभिन्न मुद्दों पर अपनी-अपनी राय पेश करेंगे। खबर आ रही है कि डिबेट के लिए तुलसी गबार्ड, डोनाल्ड ट्रंप की तैयारी करा रही हैं। गौरतलब है कि साल 2019 में तुलसी गबार्ड ने ही कमला हैरिस को एक डिबेट में बुरी तरह से पछाड़ा था।

**डिबेट की तैयारी में जुटे हैं डोनाल्ड ट्रंप**

कमला हैरिस के सामने पहले प्रेसिडेंशियल डिबेट को ट्रंप पूरी गंभीरता से ले रहे हैं। ट्रंप चाहते हैं कि जिस तरह से पहली डिबेट में उन्होंने जो बाइडन को पछाड़ा था, उसी तरह



से वह कमला हैरिस को बहस में पछाड़कर मतदाताओं को लुभाने की कोशिश करेंगे। यही वजह है कि ट्रंप डिबेट की तैयारियों में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते हैं। अमेरिकी मीडिया की रिपोर्ट्स के अनुसार, पूर्व डेमोक्रेट सांसद तुलसी गबार्ड इस काम में ट्रंप की मदद कर रही हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, तुलसी गबार्ड, ट्रंप के घर और प्राइवेट क्लब मार ए लागो में पूर्व राष्ट्रपति को डिबेट की तैयारी करा रही हैं।

**2019 में डिबेट में कमला हैरिस पर भारी पड़ीं थी तुलसी गबार्ड**

गबार्ड ने साल 2020 में डेमोक्रेट पार्टी छोड़ दी थी और अब उन्हें ट्रंप समर्थक माना जाता है। कुछ समय तक ये भी चर्चा रही थी कि तुलसी गबार्ड भी ट्रंप की रनिंग मेट हो सकती हैं। हालांकि ये सब अफवाह साबित हुआ। तुलसी गबार्ड को डोनाल्ड ट्रंप को डिबेट की तैयारी कराने के लिए इसलिए चुना गया है क्योंकि साल 2019 में तुलसी गबार्ड ने एक बहस के दौरान कमला हैरिस को बुरी तरह से पछाड़ दिया था और कई मुद्दों पर हैरिस को निरुत्तर कर दिया था। दरअसल 2020 के अमेरिकी राष्ट्रपति पद के दावेदारों में तुलसी गबार्ड और कमला हैरिस का भी नाम था। इसके चलते डेमोक्रेट प्राइमरी चुनाव के दौरान दोनों के बीच साल 2019 में बहस हुई थी। इस बहस में गबार्ड, कमला हैरिस पर भारी पड़ी थीं। हालांकि बाद में कमला हैरिस और तुलसी गबार्ड दोनों को राष्ट्रपति पद की दावेदारी से हटना पड़ा था।

## हमास ने प्रस्तावित गाजा डील में नई शर्तों को खारिज किया, इस्राइली सैनिकों की तैनाती पर जताई आपत्ति

**एजेंसी**

**हमास।** हमास ने कतर में इस्राइल के साथ फलस्तीनी समूह की हुई बैठक के प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। हमास की ओर से कहा गया कि दो दिनों की बातचीत के बाद संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा प्रस्तुत गाजा युद्धविराम के लिए इस्राइल की नई शर्तों का विरोध करते हैं।

वहीं गाजा पट्टी में इस्राइल और हमास के बीच 10 महीने से चले रहे युद्ध के बाद अंतरराष्ट्रीय दबाव बढ़ने पर अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन ने कहा था कि हम युद्धविराम के लिए पहले से कहीं ज्यादा करीब हैं। मध्यस्था करने वाले अमेरिका सहित अन्य देशों ने भी कहा कि दोहा में दो दिनों की बातचीत काफी गंभीर और सकारात्मक रही है। 31 जुलाई को ईरान में एक हमले में हमास के नेता इस्माइल हानिया की हत्या कर दी गई थी। जिसके बाद से ईरान की जवाबी कार्रवाई की धमकियों के बीच मध्य पूर्व में युद्ध की आशंका पैदा हो गई। इसलिए अमेरिका अपने यूरोपीय साथियों के साथ गाजा में युद्ध विराम पर जोर दे रहा है।

हमास ने कई शर्तों पर जताई आपत्ति

सूत्रों की मानें तो जिन शर्तों पर हमास ने आपत्ति जताई थी, उनमें मिस्त्र के साथ सीमा पर गाजा के अंदर इस्राइल सैनिकों को रखना, इस्राइली बंधकों के बदले फलस्तीनी कैदियों पर इस्राइल के लिए वीटो अधिकार और कुछ कैदियों को गाजा भेजने के बजाय निर्वासित करने की शर्तें शामिल हैं। दो दिनों के मंथन के बाद भी कोई सहमति नहीं बन पाई है। इस वार्ता में इस्राइल के खुफिया प्रमुख डेविड बार्निया, अमेरिका और मिस्त्र के समकक्षों के साथ शामिल हुए थे। अब सभी पक्ष युद्ध को रोकने के लिए अगले सप्ताह फिर से वार्ता करेंगे।

# नेपाल का सार्क के विदेश मंत्रियों की बैठक न्यूयार्क में करने का प्रस्ताव

**एजेंसी**

**काठमांडू।** दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन (सार्क) को एक बार फिर से सक्रिय बनाने को लेकर नेपाल सरकार ने पहल की है। नेपाल के विदेश मंत्रालय की पहल पर काठमांडू में रहे सार्क सचिवालय की तरफ से सार्क के सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक का समय तय करने का आग्रह किया गया है। सार्क सचिवालय की तरफ से 26 सितम्बर की तारीख प्रस्तावित की गई है। हालांकि अफगानिस्तान को अब तक यह पत्र नहीं भेजा गया है।

काठमांडू में रहे सार्क सचिवालय के तरफ से दी गई जानकारी के मुताबिक अमेरिका के न्यूयार्क में होने वाले संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक में सहभागी होने के दौरान सार्क देशों की विदेश मंत्री स्तरीय बैठक प्रस्तावित की गई है। नेपाल के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अमृत राई ने बताया कि सार्क के अध्यक्ष होने के नाते नेपाल ने एक बार फिर से इसकी सक्रियता को लेकर पहल की है। उन्होंने बताया कि यदि भारत और पाकिस्तान दोनों





सहमत होते हैं तो यह 5 वर्ष के बाद विदेश मंत्रियों की पहली औपचारिक बैठक होगी। आखिरी सार्क विदेश मंत्रियों की बैठक सितम्बर 2019 में न्यूयार्क में ही हुई थी। सार्क देशों का पिछली बार शिखर सम्मेलन नेपाल में 2014 में हुआ था। उसके बाद 2016 में यह बैठक पाकिस्तान में प्रस्तावित थी परन्तु पाकिस्तानी आतंकियों द्वारा काश्मीर में सेना के कैंप पर आतंकी हमला करने के कारण भारत ने इस्लामाबाद में होने वाले सार्क शिखर सम्मेलन में नहीं जाने का फैसला किया था। उसके बाद वह सम्मेलन स्थगित हो गया। उस समय से अब तक सार्क की गतिविधि बिलकुल ठप पड़ गई है।

## बांग्लादेश में अंतरिम सरकार का विस्तार, यूनुस ने चार और सलाहकारों को किया शामिल

**एजेंसी**

**ढाका।** बांग्लादेश में अंतरिम सरकार का विस्तार किया गया और मोहम्मद युनूस के नेतृत्व वाली टीम में चार और सलाहकार शामिल किये गये। नए सलाहकारों में अर्थशास्त्री वहीदुद्दीन महमूद, पूर्व कैबिनेट सचिव अली इमाम मजूमदार, पूर्व ऊर्जा सचिव मोहम्मद फौजुल कबीर खान और लेफ्टिनेंट जनरल जहांगीर आलम चौधरी शामिल हैं।

इन चार सदस्यों के शामिल होने के साथ ही अंतरिम सरकार की सलाहकार परिषद में सदस्यों की संख्या बढ़कर 21 हो गई। यूनुस और 13 अन्य सलाहकारों को आठ अगस्त को शपथ दिलाई गई थी। दो सलाहकारों को 11 अगस्त को तथा एक को इसके एक दिन बाद शपथ दिलाई गई थी। सरकारी नौकरियों में आरक्षण के खिलाफ विद्यार्थियों के व्यापक प्रदर्शन के बाद शेख हसीना (76) को इस्तीफा देना पड़ा था और पांच अगस्त को वह देश छोड़कर भारत चली गयी थीं। राष्ट्रपति भवन के प्रवक्ता ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने सरकार के मुख्यालय



बंगभवन में चार नये सलाहकारों को शपथ दिलाई। उन्होंने बताया कि सलाहकार परिषद और संबंधित अधिकारियों की मौजूदगी में एक सादे समारोह में उन्हें शपथ दिलाई गई। उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि यूनुस बाद में उनके विभागों का आवंटन करेंगे। ज्यादातर सलाहकार नागरिक समाज के लोग, शिक्षाविद, गैर सरकारी संगठन और अधिकार समूह के नेता हैं।

# नेपाल दौरे पर आए अमेरिकी उप विदेश मंत्री की प्रधानमंत्री ओली से मुलाकात

**एजेंसी**

**काठमांडू।** नेपाल के दौरे पर आए अमेरिका के विदेश मामलों के उप मंत्री रिचर्ड आर वर्मा ने प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली से मुलाकात की। सिंहदरबार में स्थित प्रधानमंत्री कार्यालय में दोनों के बीच आपसी हित और द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा हुई।

इस मुलाकात के दौरान अमेरिकी उपमंत्री ने नेपाल को संक्रमणकालीन न्याय प्रणाली के पूरा होने पर बधाई दी है। हाल ही में संसद की प्रतिनिधि सभा ने माओवादी द्वंद्वकाल के समय हुई अमानवीय घटनाओं के निस्तारण के लिए एक बिल को सर्वसम्मति से पारित किया है। अमेरिकी विदेश उपमंत्री ने संक्रमणकालीन न्याय को लेकर सभी प्रमुख दलों के बीच आम सहमति



बनने के बाद यह बिल पास होने पर प्रधानमंत्री और सभी दलों को बधाई दी है। मुलाकात के दौरान उन्होंने कहा है कि यह नेपाल की शांति प्रक्रिया की सबसे बड़ी उपलब्धि है।

मुलाकात के दौरान ओली ने नेपाल के विकास में अमेरिका द्वारा विगत 77 वर्षों से दिए जा रहे सहयोग पर आभार व्यक्त किया। उन्होंने नेपाल में वर्षों से लम्बित शांति प्रक्रिया को पूरा करने में अमेरिकी योगदान की प्रशंसा की। जवाब में अमेरिकी उप विदेश मंत्री ने भी नेपाल के विकास और शांति प्रक्रिया में योगदान का मौका दिए जाने पर नेपाल के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया है कि दस वर्षों तक चले माओवादी सशस्त्र संघर्ष के दौरान दोनों पक्षों से पीड़ित एक-एक व्यक्ति को न्याय मिलेगा।

नेपाल को इस पृष्ठभूमि में संयुक्त राज्य अमेरिका की बधाई मिली है कि कुछ दिन पहले संसद द्वारा एक विधेयक पारित किया गया था, जिसमें माओवाद के दौरान लंबित युद्धकालीन घटनाओं के लिए एक आयोग बनाने के लिए न्याय वितरण प्रक्रिया पर पार्टियों ने सहमति व्यक्त की थी।

## अमेरिका ने ईरान को चेताया, कहा- अगर इस्राइल पर किया हमला तो भुगतने होंगे विनाशकारी परिणाम

**एजेंसी**

**ढाका।** अमेरिका के एक अधिकारी ने चेतावनी दी है कि अगर ईरान ने इस्राइल पर हमला किया तो उसे विनाशकारी परिणाम भुगतने होंगे। साथ ही चेताया कि इससे गाजा संघर्ष विराम की दिशा में चल रही वार्ता भी पटरी से उतर जाएगी। बता दें, बीते माह के आखिरी दिन हमास की राजनीतिक शाखा के प्रमुख इस्माइल हानिया की ईरान की राजधानी तेहरान में हत्या कर दी गई थी। हानिया की मौत का जिम्मेदार लगातार इस्राइल को माना जा रहा है। हालांकि, इस्राइल ने अभी तक इसकी जिम्मेदारी नहीं ली है।

**परिणाम काफी विनाशकारी हो सकता**

अमेरिका के एक वरिष्ठ अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर पत्रकारों से कहा, संयुक्त राज्य अमेरिका ईरानियों को प्रोत्साहित करेगा और मुझे पता है कि कई लोग पहले से उस रास्ते पर नहीं जाना चाहते हैं, क्योंकि इसका परिणाम काफी विनाशकारी हो सकता है, विशेष रूप से ईरान के लिए। वहीं, राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा था कि कतर में दो दिनों तक चली बातचीत से गाजा में संघर्ष विराम होने की उम्मीद कहीं अधिक पास दिख रही है।

अमेरिकी अधिकारी ने कहा,यह ईरान का एक प्रतिनिधि हमास था, जिसने सात अक्तूबर को इस युद्ध को शुरू किया था। अब अगर ईरान कुछ ऐसा कर दे, जिससे व्यापक युद्ध विराम और बंधक रिहाई समझौते का सबसे अच्छा अवसर पटरी से उतर जाए, तो यह विडंबना होगी। ईरान ने इस्राइल को तेहरान में 31 जुलाई के हमले की प्रतिक्रिया की चेतावनी दी है। इस हमले में हमास के राजनीतिक प्रमुख इस्माइल हानिया मारा गया था।

# राष्ट्रपति चुनाव से पहले प्रचार सामग्री पर कसी गई नकेल, अवैध पोस्टर हटाने के लिए 1500 कर्मी तैनात

**एजेंसी**

**कोलंबो।** श्रीलंका में अगले महीने राष्ट्रपति चुनाव होने वाला है। इस चुनाव से पहले सार्वजनिक स्थानों से अवैध चुनावी पोस्टरों और कटआउट को हटाने के लिए 1500 कर्मचारियों को तैनात किया। इसी के साथ पुलिस ने 21 सितंबर को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के लिए कानूनों का उल्लंघन करने वाली सभी चुनाव प्रचार सामग्री पर नकेल कसने के लिए अभियान शुरू कर दिया है। इसके लिए अतिरिक्त श्रमिकों की भर्ती की गई है।

**श्रमिकों को किया जाएगा प्रतिदिन भुगतान**

चुनाव के प्रभारी वरिष्ठ पुलिस उप निरीक्षक (एसडीआईजी) असंका कराविता ने कहा कि श्रमिकों को प्रतिदिन 1500 रुपये का भुगतान किया जाएगा और उन्हें अवैध चुनावी पोस्टरों को हटाने के कार्य को पूरा



करने के लिए पुलिस सुरक्षा की दी जाएगी। सभी अवैध पोस्टरों, बैनरों और कटआउट्स को हटाया जाएगा। चुनाव कानून सार्वजनिक स्थानों में चुनाव प्रचार सामग्री को प्रदर्शनत करने की अनुमति नहीं देता है। उम्मीदवार इन्हें केवल अपने कार्यलयों में प्रदर्शित कर सकते हैं।

मानवाधिकार आयोग (एचआरसी) ने बताया कि उन्होंने इस अभियान में पुलिस बल की भूमिका को लेकर पुलिस के उच्च पदस्थ अधिकारियों से बात की। इसके लिए दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। एचआरसी आयुक्त ने कहा, हमने दिशानिर्देशों पर व्यापक बातचीत की। मौजूदा स्थिति में पुलिस बिना प्रमुख के हैं। उच्चतम न्यायालय ने पुलिस प्रमुख को निलंबित कर दिया है। उन्हें उनकी नियुक्ति को लेकर दायर मौलिक अधिकार याचिका के आधार पर निलंबित किया गया है। इस मामले की सुनवाई चुनाव के बाद होगी।

**इन तीन नेताओं के बीच कांटे की टक्कर**

चुनाव आयोग ने बताया कि चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की संख्या को देखते हुए मतपत्र 2019 की तुलना में अधिक जानकारी वाला होगा। इस बार 39 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। 2019 में उम्मीदवारों की संख्या 35 थी। इस चुनाव में वर्तमान राष्ट्रपति रनिल विक्रमसिंघे, मुख्य विपक्षी नेता साजिथ प्रेमदासा और मार्क्सवादी जेवीपी नेता अनुरा कुमारा दिसानायके के बीच कांटे की टक्कर है।

# मुंबई हमले के मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा को झटका, अमेरिकी अदालत ने कहा- भारत प्रत्यर्पित किया जा सकता है

**एजेंसी**

**वाशिंगटन ।** पाकिस्तान मूल के कनाडाई व्यवसायी तहव्वुर राणा को अमेरिकी अदालत से झटका लगा है। दरअसल अमेरिका की अपीलीय अदालत ने कहा कि उसे भारत प्रत्यर्पित किया जा सकता है। इसके बाद तहव्वुर राणा के जल्द भारत प्रत्यर्पित किए जाने की उम्मीद बढ़ गई है। तहव्वुर राणा साल 2008 के मुंबई आतंकी हमले में वांछित है। अमेरिकी अपीलीय अदालत ने कहा कि दोनों देशों के बीच प्रत्यर्पण संधि के तहत उसे भारत प्रत्यर्पित किया जा सकता है।

**तहव्वुर राणा ने दायर की थी याचिका**

राणा द्वारा दायर अपील पर फैसला सुनाते हुए अमेरिकी अपीलीय न्यायालय के न्यायाधीशों के एक पैनल ने कैलिफोर्निया के सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट में जिला न्यायालय द्वारा राणा की बंदी प्रत्यक्षीकरण



याचिका को खारिज करने को सही ठहराया। राणा ने अपनी याचिका में मुंबई में आतंकवादी हमलों में उसकी कथित भागीदारी के लिए उसे भारत प्रत्यर्पित किए जाने को चुनौती दी थी। पैनल ने माना कि राणा का कथित अपराध संयुक्त राज्य अमेरिका और भारत के बीच प्रत्यर्पण संधि की शर्तों के अंतर्गत आता है।

**अभी भी तहव्वुर राणा के पास प्रत्यर्पण रोकने के विकल्प मौजूद**

तहव्वुर राणा एक पाकिस्तानी मूल का कनाडाई व्यवसायी है, जिस पर मुंबई में आतंकवादी हमले करने वाले एक आतंकवादी संगठन को समर्थन देने का आरोप है। ज्यूरी ने राणा को एक विदेशी आतंकवादी संगठन को सहायता प्रदान करने और डेनमार्क में आतंकवादी हमलों को अंजाम देने की नाकाम साजिश रचने का दोषी ठहराया।

**कौमी पत्रिका**

**संपादक-गुरचरन सिंह बब्बर**

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक, गुरचरन सिंह बब्बर ने कौमी पत्रिका प्रिंटिंग प्रेस, सेक्टर ए-4/ए-144 इंडस्ट्रीयल एरिया ट्रोनिका सिटी लोनी (गाजियाबाद), उत्तर प्रदेश से छापकर प्रकाशित किया।

**Corporate Office:**
5, Bahadurshah Zafar Marg
ITO, New Delhi-110002

फोन : 011-41509689, 23315814
**मोबाइल नंबर** : 9312262300

**E - mail address :**
qpatrika@gmail.com
**Website:** www.qaumipatrika.in

**R.N.I. No.**
**UP-HIN/2007/21472**

**Legal Advisors:**
Advocate Mohd. Sajid
Advocate Dr. A.P.Singh
Advocate Manish Sharma
Advocate Pooja Bhaskar Sharma

# पाकिस्तान में एमपॉक्स वायरस के तीन मरीजों की पुष्टि, जानिए इस खतरनाक बीमारी के लक्षण

**एजेंसी**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में पहली बार एमपॉक्स की पहचान हुई है। खास बात यह है कि यह अधिक आसानी से फैल सकता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने एमपॉक्स के फैलाव को वैश्विक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित किया है। बताया जा रहा है कि जो लोग इस वायरस से पॉजिटव पाए गए हैं, उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया गया है कि तीनों मरीज खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के रहने वाले हैं। खैबर पख्तुनख्वा के स्वास्थ्य



सेवा निदेशक जनरल, सलीम खान ने बताया कि दो मरीज संयुक्त अरब अमीरात से आए थे। इसके अलावा तीसरे मरीज के नमूनों को पुष्टि के लिए इस्लामाबाद के नेशनल हेल्थ इंस्टीट्यूट भेजा गया है।

पाकिस्तान के स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता का कहना है कि प्रभावित व्यक्तियों की संपर्क सूची बनाई जा रही है। इसके अलावा लोगों के नमूने लिए जा रहे हैं।'अधिकारियों ने बताया कि तीनों मरीजों को अलग सूची बनाई जा रही है। स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता का कहना है कि 'प्रभावित व्यक्तियों की संपर्क सूची बनाई जा रही है और लोगों के नमूने लिए जा रहे हैं।' सरकार का कहना है कि देश के विभिन्न अस्पतालों को एहतियाती उपाय अपनाने के निर्देश दिए गए हैं। सरकार ने आगे कहा, स्वास्थ्य मंत्रालय और बॉर्डर हेल्थ सर्विसेज हर स्थिति से निपटने के लिए तैयार हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने अफ्रीका के कुछ हिस्सों में एमपॉक्स के प्रकोप को अंतरराष्ट्रीय चिंता का कारण घोषित किया है।

## संघर्षग्रस्त गाजा में 25 वर्षों में पोलियो का पहला मामला सामने आया

**एजेंसी**

**रामल्ला।** लंबे समय से संघर्ष का सामना कर रही गाजा पट्टी में 25 वर्षों में पोलियो वायरस संक्रमण का पहला मामला दर्ज किया गया। रामल्लाह स्थित फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि मध्य गाजा के दीर अल-बलाह में एक 10 महीने के बच्चे में वैक्सीन-व्युत्पन्न पोलियोवायरस स्ट्रेन के लिए सकारात्मक परीक्षण किया गया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन



(डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, अक्टूबर 2023 में चल रहे संघर्ष शुरू होने से पहले एन्क्लेव 25 वर्षों तक पोलियो मुक्त था।

इस बच्चे को पोलियो का कोई टीका नहीं मिला था, उसमें लक्षण दिखे, डॉक्टरों को संदेह था कि पोलियो रोग मेल खाता है। मंत्रालय ने कहा कि जॉर्डन में आवश्यक परीक्षण करने के बाद, संक्रमण की पुष्टि वैक्सीन-व्युत्पन्न पोलियोवायरस के एक प्रकार के रूप में की गई।

## प्रदूषण के खिलाफ एक्शन में दिल्ली सरकार


**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने प्रदूषण के खिलाफ विंटर एक्शन प्लान तैयार करने को लेकर पर्यावरण विभाग और डीपीसीसी के अधिकारी के साथ बैठक की। गोपाल राय ने बताया कि दिल्ली सरकार ने प्रदूषण के खिलाफ आगामी दिनों के लिए विंटर एक्शन प्लान की तैयारी शुरू कर दी है। इस वर्ष का विंटर एक्शन प्लान, वाहन व धूल प्रदूषण, हॉटस्पॉट,पराली व कूड़ा जलाने, केंद्र सरकार और पड़ोसी राज्यों से संवाद, ग्रीन वाररूम व ग्रीन एप को उन्नत बनाने जैसे 14 फोकस बिंदुओं पर आधारित है। इसके साथ ही 5 सितंबर को सभी संबंधित 33 विभागों के साथ बैठक कर निर्धारित फोकस बिंदुओं पर संयुक्त कार्ययोजना तैयार की जाएगी।गोपाल राय ने विंटर एक्शन प्लान तैयार करने को लेकर लिए गए कुछ प्रमुख निर्णयों के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि सर्दियों में होने वाली प्रदूषण की समस्या के खिलाफ दिल्ली सरकार ने दिल्लीवासियो के लिए विंटर एक्शन प्लान बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। बैठक के दौरान कई महत्वपूर्ण सुझाव आए, जिनमे मुख्य तौर पर 14 फोकस बिंदु चिंहित किए गए है। जिस पर सरकार आगामी दिनों में प्रमुखता के साथ काम करेगी और इसी के आधार पर आगे का विंटर एक्शन प्लान तैयार किया जाएगा।

## केजरीवाल के नेतृत्व में हरियाणा में बदलाव लाएगी जनता : 'आप'

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) ने कहा कि हरियाणा की जनता अपने बेटे दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में इस बार प्रदेश में बदलाव लाने जा रही है। चुनाव आयोग द्वारा हरियाणा विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा के बाद 'आप' के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद संदीप पाठक ने आज कहा कि हरियाणा में एक अक्टूबर को चुनाव किया जाएगा और चार अक्टूबर को नतीजे आएंगे। हरियाणा की जनता ने सभी राजनीतिक दलों को बार-बार मौका दिया है। इसके बावजूद, जनता को सभी पार्टियों से सिर्फ धोखा मिला है। इस बार हरियाणा की जनता उनके सारे कारनामों पर पानी फेरते हुए बदलाव के लिए आम आदमी पार्टी को वोट देगी।

## भारत जापान टू प्लस टू बैठक 20 को



**नई दिल्ली।** भारत एवं जापान के बीच रक्षा एवं विदेश मंत्रियों की तीसरी टू प्लस टू बैठक 20 अगस्त को नयी दिल्ली में आयोजित की जाएगी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने आज यहां नियमित ब्रीफिंग में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भारत-जापान तीसरी टू प्लस टू विदेश-रक्षा मंत्रियों की बैठक 20 अगस्त को नयी दिल्ली में होगी जिसमें भारत की ओर से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और विदेश मंत्री एस जयशंकर भाग लेंगे।

## मोदी-नेतन्याहू पश्चिम एशिया में तनाव कम करने पर जोर दिया

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने टेलीफोन पर बातचीत के दौरान पश्चिम एशिया में तनाव कम करने पर जोर दिया। प्रधानमंत्री कार्यालय ने बताया कि नेतन्याहू ने मोदी को टेलीफोन किया था। इजरायली प्रधानमंत्री ने मोदी को भारत के 78वें स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं और बधाई दी। दोनों नेताओं ने पश्चिम एशिया की स्थिति पर चर्चा की। मोदी ने वहां स्थिति सामान्य बनाए रखने पर जोर दिया। उन्होंने एक बार फिर भारत के रुख को दोहराते हुए कहा कि सभी बंधकों को तत्काल रिहा किया जाना चाहिए और प्रभावित लोगों तक मानवीय सहायता पहुंचाई जानी चाहिए। उन्होंने संघर्ष का बातचीत तथा कूटनीति से शांतिपूर्ण समाधान किए जाने पर बल दिया।

दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं तथा भारत-इजरायल सामरिक भागीदारी को और मजबूत बनाए जाने के तरीकों पर बातचीत की। दोनों नेताओं ने संपर्क बनाए रखने पर भी सहमति जताई। इससे पहले बांग्लादेश में कार्यवाहक सरकार के मुख्य सलाहकार प्रोफेसर मोहम्मद युनुस ने भी मोदी से फोन पर बात की थी।

## कांग्रेस ने कारा को सौंपी जम्मू कश्मीर की कमान



**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने वरिष्ठ नेता तारीक हामिद कारा को जम्मू कश्मीर प्रदेश कांग्रेस का नया अध्यक्ष नियुक्त किया है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल में यह जानकारी देते हुए आज देर रात बताया कि पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे उनके नाम को मंजूरी दी है। इसके साथ ही पार्टी ने वरिष्ठ नेता तारा चंद और रमन भल्ला को प्रदेश कांग्रेस का कार्यकारी अध्यक्ष बनाया है।

# देश बँटा और कोई कुछ नहीं बोला: केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल

**सिमरनजीत सिंह मक्कड़**

नई दिल्ली। विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर दिल्ली विश्वविद्यालय के सेंटर फार इंडिपेंडेंस एंड पार्टीशन स्टडीज के द्वारा भारत के विभाजन का सच विषय पर एक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह जी ने की । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय कानून एवम् न्याय मंत्री श्री अर्जुन मेघवाल जी और प्रो कपिल कपूर जी मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे । प्रो योगेश सिंह ने इस अवसर पर विभाजन और उसके दुखद परिणामों के प्रति सभी का ध्यान आकृष्ट किया उन्होंने कहा ये दिन विभाजन काल के लाखों बलिदानियों और करोड़ों विस्थापितों को स्मरण करते हुए उनके प्रति श्रद्धा व्यक्त की । प्रो. सिंह ने कहा कि इस दिन हमे मिलकर भविष्य को लेकर चिंतन करना चाहिए और संकल्प लेना चाहिए । उन्होंने बल देते हुए कहा कि विश्वविद्यालयों को राष्ट्रभाव का केंद्र होने चाहिए । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री अर्जुन मेघवाल जी ने विभाजन जुड़े अनेक संस्मरणों को सभी से साझा किया । उन्होंने इस अवसर पर विभाजन से जुड़ी हुई उन घटनाओं को बताया जिनका संबंध भारत रत्न बाबा साहब अंबेडकर से रहा है । इस अवसर पर उन्होंने प्राध्यापकों तथा शोधार्थियों को विभाजन और इसकी त्रासदी से जुड़े विषयों पर और गहन शोध करने के लिए प्रेरित किया । इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रो कपिल कपूर जी ने बँटवारे और इस घटना से अपने जीवन से जुड़े हुए अनेक किस्से लोगों से साझा किए और ये बताया कि उन्होंने विभाजन के दौर को अपनी आँखों से कैसे देखा । प्रो. कपूर ने बँटवारे में लोगों पर हुए अत्याचारों की अनकही दास्तों को लोगों के समक्ष प्रस्तुत किया । इस कार्यक्रम में दक्षिणी परिसर के निदेशक प्रो. श्रीप्रकाश सिंह जी ,सेंटर के निदेशक प्रो. रवींद्र कुमार जी , प्रो. रवि टेक चंदानी जी ,प्रो. ज्योति त्रेहन शर्मा जी और अनेक प्रधानाचार्यों तथा बड़ी संख्या में प्राध्यापकों और विद्यार्थियों ने भाग लिया ।



के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण के अनुरूप आयोजित किया गया था। वायु सेना ने क्यूब को एयरलिफ्ट करने और सटीक रूप से पैरा-ड्रॉप करने के लिए अपने उन्नत सामरिक परिवहन विमान सी 130 करने की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया।

## भारतीय तटरक्षक समुद्री बचाव समन्वय केंद्र का उद्घाटन करेंगे राजनाथ

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह चेन्नई में नवनिर्मित अत्याधुनिक भारतीय तटरक्षक समुद्री बचाव समन्वय केंद्र (एमआरसीसी) भवन का रविवार को उद्घाटन करेंगे। तट रक्षक बाल के प्रवक्ता नेबताया कि श्री सिंह दो अतिरिक्त सुविधाओं, चेन्नई क्षेत्रीय समुद्री प्रदूषण प्रतिक्रिया केंद्र (आरएमपीआरसी) और पुडुचेरी में तटरक्षक एयर एन्क्लेव (सीजीएई) का भी उद्घाटन करेंगे।

उन्होंने कहा कि यह ऐतिहासिक अवसर समुद्री सुरक्षा और क्षेत्रीय समन्वय में एक बड़ी प्रगति को उजागर करता है, जो भारतीय समुद्र तट पर समुद्री सुरक्षा और आपातकालीन प्रतिक्रिया को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। चेन्नई में नया एमआरसीसी प्रतिष्ठित संस्थान बनने के लिए तैयार है, जो समुद्र में संकट में फंसे नाविकों और मछुआरों के लिए समुद्री बचाव कार्यों के समन्वय और प्रभावशीलता को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाएगा।

यह अत्याधुनिक सुविधा केंद्र समुद्र में जीवन की सुरक्षा और गंभीर परिस्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने के लिए आईसीजी की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। चेन्नई बंदरगाह परिसर में स्थित आईसीजी क्षेत्रीय समुद्री प्रदूषण प्रतिक्रिया केंद्र (आरएमपीआरसी) भी समुद्री प्रदूषण प्रबंधन में एक अग्रणी कदम है।

# देशभर में भाजपा ने किये संवाददाता सम्मेलन, ममता का इस्तीफा मांगा

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पश्चिम बंगाल में महिलाओं पर अनवरत बर्बर दुराचार को लेकर तृणमूल कांग्रेस की ममता बनर्जी सरकार के खिलाफ देश भर में संवाददाता सम्मेलनों का आयोजन करके सुश्री बनर्जी पर अपराधियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया और सुश्री बनर्जी का इस्तीफा मांगा।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ताओं, वरिष्ठ नेताओं, केंद्र और राज्य सरकार के मंत्रियों ने हर राज्य में संवाददाता सम्मेलन आयोजित किये और पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी सरकार में महिलाओं पर निरंतर हो रहे बर्बर दुराचार को लेकर उन पर जमकर हमला किया। महिलाओं के सम्मान का दम भरते भाजपा नेताओं ने कहा कि कोलकाता के आर जी कर अस्पताल में महिला पीजी डॉक्टर के साथ बलात्कार और निर्मामातापूर्ण हत्या से पूरा देश शर्मसार हुआ है। पश्चिम बंगाल में जो जघन्य अपराध महिला डॉक्टर के साथ हुआ है, उसे देश अब सहने वाला नहीं है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की सरकार प्रदेश में बेटियों को बचाने के बजाय अपरधियों को बचाने में लगी हुई है, तब ही सुश्री ममता बनर्जी कोलकाता में महिला पीजी डॉक्टर की रेप और



हत्या मामले को सीबीआई को सौंपने में टालमटोल कर रही थी। हाथरस में राजनीतिक पर्यटन करने वाले राहुल गाँधी, कांग्रेस और इंडी गठबंधन के नेता ममता बनर्जी सरकार में महिलाओं पर निरंतर हो रहे बर्बरतापूर्ण दुराचार चुप्पी साध ली है।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ सुधांशु त्रिवेदी ने कोलकाता में कहा कि ममता बनर्जी को यह मामला सीबीआई को सौंपने में मात्र 70 सेकंड लगते और वह ऐसा करने के लिए 7 दिन का समय मांग रहीं थी। यह उनकी हताशा को दर्शाता है। पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस जिस तरह का असंवेदनशील व्यवहार दिखा रही है, वैसा ही व्यवहार उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी भी दिखा रही है। कन्नौज से लेकर कोलकाता तक नफरत, महिलाओं के प्रति हीन भावना और अपराधियों को संरक्षण देने की खतरनाक मानसिकता देखने को मिल रही है।श्री त्रिवेदी ने कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी सवाल पूछे कि क्या उनकी मोहब्बत की दुकानें केवल अपराधी, भ्रष्ट लोग और बलात्कारी चला रहे हैं? कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा है कि पश्चिम बंगाल में लोकतंत्र नहीं है और ममता बनर्जी पूरी तरह से तानाशाह हैं और अपराधियों को संरक्षण दे रही हैं। इसके बावजूद कांग्रेस पार्टी तृणमूल कांग्रेस के साथ गठबंधन में कैसे है। सुश्री बनर्जी और तृणमूल कांग्रेस के शासन में बंगाल महिलाओं के लिए नर्क से भी बदतर बन चुका है। कोलकाता की 'निर्भया' के बाद बर्दवान में भी आधी रात को एक खेत में युवती का खून से लथपथ शव मिला, जिसका गला कटा हुआ था। शक्तिगढ़ में एक दिव्यांग लड़की के साथ सामूहिक बलात्कार की घटना घटी। लेकिन 'बेटी बचाओ' पर ध्यान देने के बजाय, तृणमूल कांग्रेस 'बलात्कारी बचाओ अभियान' पर जोर दे रही है। कोलकाता उच्च न्यायालय द्वारा मामले को सीबीआई को सौंपने का आदेश देने के दिन ही अस्पताल की इमरजेंसी बिल्डिंग पर हमला कर दिया, जहां अपराध स्थल और सेमिनार रूम स्थित हैं। ऐसा कैसे संभव है कि बिना योजना बनाए इस तरह से भीड़ घटनास्थल पर हमला कर सकती है।

# मॉरीशस के लोगों का भारतीय संस्कृति से जुड़ाव दोनों देशों की एकजुटता, सामूहिक शक्ति का परिचायक : बिरला

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।**भारत के दौरे पर आये मॉरीशस के नेशनल एसेंबली के स्पीकर डुवाल एड्रिएन चार्ल्स ने संसद भवन परिसर में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के साथ द्विपक्षीय बैठक की। श्री बिरला ने कहा कि मॉरीशस के लोगों का भारतीय संस्कृति से जुड़ाव दोनों देशों की एकजुटता, सामूहिक शक्ति का परिचायक है। इस अवसर पर श्री बिरला ने श्री डुवाल को स्पीकर के पद पर नियुक्ति के लिये बधाई देते हुये प्रसन्नता व्यक्त की कि मॉरीशस नेशनल असेंबली के स्पीकर के रूप में नियुक्त होने के पश्चात वह सबसे पहले राजकीय दौरे पर भारत आये हैं। उन्होंने कहा कि यह दोनों देशों के बीच घनिष्ठ और मजबूत द्विपक्षीय संबंधों का परिचायक है।



लोकसभा अध्यक्ष ने भारत में संसदीय लोकतंत्र की सफलता के बारे में कहा कि संविधान देश की ताकत और इसकी प्राणशक्ति है। उन्होंने कहा कि पिछले 78 वर्षों में देश में व्यापक सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन हुये हैं। इस सन्दर्भ में उन्होंने यह भी कहा कि चर्चा एवं संवाद के माध्यम से न केवल अनेक समस्याओं का समाधान हुआ है बल्कि देश की विकास यात्रा भी निर्बाध रूप से आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि आज भारत विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। श्री बिरला ने भारत और मॉरीशस के सदियों पुराने सम्बन्धों का उल्लेख करते हुये कहा कि दोनों देशों के बीच अध्यात्म, भाषा और संस्कृति से जुड़ी अनेक समानतायें हैं जिससे दोनों देशों के लोग एक दूसरे के साथ जुड़े हुये हैं। उन्होंने कहा कि आज भी मारीशस के लोगों का भारतीय संस्कृति से जुड़ाव दोनों देशों की एकजुटता और सामूहिक शक्ति को दर्शाता है। श्री बिरला ने यह भी कहा कि भारत से मॉरीशस जाने वाले हज़ारों पर्यटकों को दोनों देशों के लोगों के घनिष्ठ संबंधों का मज़बूत स्तम्भ है ।

उन्होंने इस बात पर हर्ष व्यक्त किया कि भारत और मॉरीशस के बीच विभिन्न क्षेत्रों में साझेदारी लगातार बढ़ रही है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि डिजिटलीकरण और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में यह सहयोग और बढ़ेगा। भारतीय संसद के संसदीय लोकतंत्र शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान (प्राइड) के बारे में श्री बिरला ने कहा कि प्राइड संसदीय प्रशिक्षण के क्षेत्र में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है और इसके प्रशिक्षण कार्यक्रमों से अब तक 100 से अधिक देशों के संसद सदस्य और अधिकारी लाभान्वित हुये हैं ।

श्री बिरला ने भारत और मॉरीशस के बीच संसदीय सहयोग को बढ़ावा देने के लिये दोनों देशों के बीच संसदीय शिष्टमंडलों के आदान-प्रदान पर बल दिया। उन्होंने कहा कि संसदीय राजनय के माध्यम से भारत और मॉरीशस के नागरिकों के बीच संबंधों को और अधिक मजबूत बनाया जा सकता है। साझे लोकतान्त्रिक मूल्यों और आदर्शों पर आधारित भारत और मॉरीशस के द्विपक्षीय संबंधों की घनिष्ठता पर संतोष व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि इन साझे मूल्यों के आधार पर दोनों संसदों को भी आपस में सहयोग बढ़ाना चाहिये।

इस अवसर पर श्री डुवाल ने कहा कि वह भारत यात्रा के दौरान हुए स्वागत-सत्कार के लिये आभारी हैं। उन्होंने श्री बिरला को उनके ऐतिहासिक पुनर्निर्वाचन पर बधाई दी। उन्होंने भारत के 78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मॉरीशस के लोगों और संसद की ओर से बधाई दी। भारतीय निर्वाचन प्रक्रिया की प्रशंसा करते हुये श्री डुवाल ने निर्वाचन आयोग के निष्पक्ष और पारदर्शिता की सराहना की।

## पटना के बिहटा में नये हवाई अड्डे सहित देश में दो हवाई अड्डों और तीन नये मेट्रो लाइनों की मंजूरी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने तीन शहरों बेंगलुरु, ठाणे और पुणे में नयी मेट्रो रेल परियोजनाओं और पश्चिम बंगाल के बागडोगरा और बिहार के बिहटा में दो सिविल हवाई अड्डा परियोजनाओं को मंजूरी दी। तीनों मेट्रो रेल परियोजनाएं 2029 तक चालू हो जायेंगी। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्वनी वैष्णव ने प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में आज शाम हुई मंत्रिमंडल की बैठक की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बेंगलुरु में मेट्रो रेल के तीसरे चरण में 44.65 किलोमीटर की लाइन का विकास होगा, जिस पर 15,611 करोड़ रुपये की लागत आने का अनुमान है। इस लाइन पर 31 मेट्रो स्टेशन होंगे और इससे पीनिया औद्योगिक क्षेत्र, बन्नेरघट्टा रोड, आउटर रिंग रोड़ और तुमकुर औद्योगिक क्षेत्र के लिए आवागमन आसान होगा। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही आईटी हब के रूप में मशहूर बेंगलुरु शहर में मेट्रो रेल का नेटवर्क 220 किलोमीटर पहुंच जायेगा और मेट्रो से सफर करने वाले दैनिक यात्रियों की संख्या 26 लाख तक पहुंच जायेगी तथा शहर की परिवहन व्यवस्था बेहतर होगी।श्री वैष्णव ने बताया कि ठाणे में समन्वित मुद्रिका मेट्रो रेल परियोजना के तहत 29 किलोमीटर की नयी लाइन का निर्माण किया जायेगा जिस पर 12,200 करोड़ रुपये की लागत आयेगी। उन्होंने कहा कि ठाणे मेट्रो रेल का नेटवर्क मुंबई मेट्रो रेल नेटवर्क और निर्माणाधीन बुलेट ट्रेन नेटवर्क से भी जुड़ेगा। इससे पुणे में मेट्रो रेल का नेटवर्क दोगुना हो जायेगा।

## इंद्रेश कुमार की पाकिस्तान को सख्त चेतावनी : बांग्लादेश में बर्बरता की निंदा, खामोश विपक्ष पर उठाए सवाल

**नई दिल्ली ।** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कालेज में महिला डॉक्टर के साथ बलात्कार के बाद हत्या के मामले में दिल्ली के राम मनोहर लोहिया अस्पताल में डॉक्टर



हड़ताल कर धरने पर बैठ गए हैं। उनकी मांग है कि आरजी कर मेडिकल कालेज में महिला डॉक्टर के दोषियों को जल्द गिरफ्तार करने के अलावा प्रोटेक्शन एक्ट के लिए सरकार से लिखित आश्वासन, पीड़ित परिवार को एक करोड़ का मुआवजा और अस्पतालों की हालत में सुधार होना चाहिए।

राम मनोहर लोहिया अस्पताल की डॉक्टर ज्योति ने आईएएनएस से बात करते हुए अपनी मांगें रखी। उन्होंने कहा, हमारी पहली मांग यही है कि दोषी को त्वरित प्रभाव से गिरफ्तार किया जाए। साथ ही हम चाहते हैं कि 14 अगस्त को आरजी कर अस्पताल में जो तोड़फोड़ हुई थी, उसमें गिरफ्तारी हो। इसके अलावा प्रोटेक्शन एक्ट के लिए हमें सरकार से लिखित आश्वासन चाहिए। अगली मांग हमारी यह है कि पीड़ित परिवार को एक करोड़ का मुआवजा दिया जाय। बेकार प्रशासनिक व्यवस्था जैसे-सीसीटीवी का न होना, डार्क शेड वाले एरिया होने की वजह से हमारे इस अस्पताल में ड्यूटी करने वाले हर व्यक्ति को कभी न कभी असुरक्षित जरूर महसूस होता है।

एमबीबीएस के तृतीय वर्ष के छात्र आदर्श मिश्रा ने कहा, जब डॉक्टरों की सुरक्षा की बात आती है तो सरकार पीछे हट जाती है। पश्चिम बंगाल में इतना बड़ा कांड हो गया और वहां की सरकार सोती रही। इसके बाद वहां पर धरना दे रहे डॉक्टरों को गुंडों ने पीटा। राज्य में किसी व्यक्ति की सुरक्षा है ही नहीं। चौबीस घंटा लोगों की सेवा करने वाले डॉक्टरों की सुरक्षा के लिए कड़े नियम बनने चाहिए। बता दें, महिला डॉक्टर के साथ हुई दरिंदगी और हत्या के बाद पश्चिम बंगाल में तनाव की स्थिति है। देश के अलग-अलग हिस्सों में डॉक्टर इस घटना को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। गौरतलब है कि पिछले दिनों कोलकाता आरजी कर मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल की महिला डॉक्टर रहस्यमय परिस्थितियों में मृत पाई गई थी।


**Lost & found**
I,ASHOK KUMAR GROVER, S/O MANOHAR LAL GROVER, HAVE LOST BUILDER AGREEMENT COPY OF OUR SHOP ADDRESS G7A SAHYOG BUILDING, 58 NEHRU PLACE, NEW DELHI 110019,FINDER PLEASE CONTACT., 9811605055,9711605055.

**Name Change**
I hitherto known as YOSHITA D/O RAM VINOD SHARMA Permanant Address - C/2, Jay Prakash Nagar, Digha Ghat, Danapur - Cum-Khagaul, Patna, Bihar- 800011, Present Address- A-273, Ground Floor, Gali No.09, Wazirabad, Delhi-110084, have changed my name and shall hereafter be known as SHIFA AKHTER. I have changed only my name not my religion.

**Name Change**
I, KAVITA W/O Army No - 2800092L HAV NAMDEV YALLAPPA SAMBHAJICHE R/O VILL- Katthanbhavi POST- Bambarge TEH- Belgavi DIST - Belgavi PIN 591143 have checked my name from KAVITA TO KAVITA Namdev sambhajiche for all future purposes vide affidavit date 05/08/2024 before notary public ,UP

**CHANGE OF DATE OF BIRTH**
I, PREMLATA Wife of NO-3202337N Rank-NK Name-DEEPAK KUMAR R/o VILL-AJAROI, PO-SASNI, DIST-HATHRAS, UTTAR PRADESH-204216, in my husband's service records my date of birth wrongly mentioned as 20/09/1989 instead of my correct date of birth as 20/07/1990 vide affidavit dated 17/08/2024 before Notary Public, Delhi.

**Name Change**
I, Mayank Taneja S/o Ved Prakash R/o A-41, Tagore Garden Extn., New Delhi-110027, declare that name of mine and my father has been wrongly written as MAYANK and VED PRAKASH TANEJA in my 10th class education documents. The actual name of mine and my father are MAYANK TANEJA and VED PRAKASH.

**Name Change**
I, ABHIRAMY CK Sister of NO-15447233M NK ABHIJITH C K Presently residing at CHANDARUKANDIYIL-HOUSE, VPO-KAKKODI, DISTT-KOZHIKODE, KERALA-673611 have changed my name from ABHIRAMY CK to ABHIRAMI C K for all future purposes vide Affidavit dated 17/08/2024 before Notary Public, Delhi.

**Name Change**
I, SHILPA ABHIJITH Wife of NO-15447233M NK ABHIJITH C K Presently residing at CHANDARUKANDIYIL-HOUSE, VPO-KAKKODI, DISTT-KOZHIKODE, KERALA-673611 have changed my name from SHILPA ABHIJITH to SHILPA P K for all future purposes vide Affidavit dated 17/08/2024 before Notary Public, Delhi.

**CHANGE OF DATE OF BIRTH**
I, AMMINI Mother of No.16112303Y HAV ARUN KUMAR S Permanent address is KARUKACHIRA HOUSE, OORUKARY (PO), RAMANKARY ALAPPUZHA (DISTT), KERELA-689595, in my son's service records my date of birth wrongly mentioned as 01/07/1955 instead of my correct date of birth as 01/01/1955 vide affidavit dated 17/08/2024 before Notary Public Delhi.

**Name Change**
I, ASHA wife of JC-332208P SUB MAJ RAMESH KUMAR residing at VILL-BASS, PO-ACHINA, TEHSIL-CHARKHI DADRI, DISTT-CHARKHI DADRI, HARYANA-127307 have changed my name from ASHA to ASHA DEVI for all future purposes vide Affidavit dated 17/08/2024 before Notary Public, Delhi.

**सार्वजनिक सूचना**
मेरे मुवक्किल श्री. बाबू लाल, उम्र लगभग 63 वर्ष, पुत्र स्व. मूलचंद और श्रीमती. बादामी देवी पत्नी श्री. बाबू लाल दोनों निवासी सी-1635, जी/एफ, जेजे कॉलोनी तिगड़ी, नई दिल्ली-110062 ने अपने बेटे यानी मनोज कुमार पुत्र श्री बाबू लाल और उनकी पत्नी रिन्शी भसीम के साथ सभी रिश्ते को उनके दुर्व्यवहार व गलत आचरण के करण अपनी समस्त चल-अचल संपत्तियों से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए हैं। इनके किसी कार्य, लेन-देन व व्यवहार के लिए मेरे मुवक्किल या उसके परिजन जिम्मेदार नहीं होंगे।
**Nischal Sharma Advocate**
OFF: 101, CENTRAL MARKET
DAKSHIN PURI NEW DELHI-110062

**सार्वजनिक सूचना**
सर्व साधरण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किलो नन्हे पुत्र जफरूददीन उर्फ जाफरू व समीम पत्नी नन्हे पता सहजना, जिला सम्भल, उत्तर प्रदेश-202522 ने अपने पुत्रों बन्ने आयु करीब 35 वर्ष व सुहेल आयु करीब 19 वर्ष के अवज्ञाकारी व नियन्त्रण में न होने के कारण अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिये है और अपने सारे संबंध विच्छेद कर लिये है। यदि कोई व्यक्ति मेरे मुवक्किलों के पुत्रो से किसी भी तरह का लेन देन करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा इसमें मेरे मुविक्कलो व मेरे मुविक्कलो के परिवार की कोई जिम्मेदारी नही होगी।
**एस एस हैदर नकवी अधिवक्ता**
चैम्बर नं0 639 जिला न्यायालय, द्वारका कोर्ट, द्वारका, नई दिल्ली 110075
मो0 नं0 9711702569

**Name Change**
I, AMARJEET KAUR W/O PARAMJEET SINGH R/O D-163A, ARYA SAMAJ ROAD, UTTAM NAGAR, DELHI - 110059, have changed my name from AMARJIT KAUR TO AMARJEET KAUR for all future purpose.

**Name Change**
I, DEEPAK KUMAR VERMA S/O SATPAL residing at PLOT NO-314A, 2ND FLOOR, FLAT NO-4, SECTOR-3A, VAISALI, I.E. SAHIBABAD, UTTAR PRADESH-201010 have changed the name of mine and shall hereafter be known as DEEPAK KUMAR ARORA .

**PUBLIC NOTICE**
My clients Mr. ABDUL KAISH S/O Sh. MANAUR ALI & his wife Smt. RAHMATI KHATOON R/o F-685, Jaitpur Extension part-2, Badarpur, south east Delhi-110044, have disowned their SON (INZEMAMUL HAQUE) AND his wife SHAISTA ZAHID from their all movable /immovable properties due to their misconduct, bad habits and beyond their control. My clients shall not be responsible for their any acts in future.
**SHAMSUL HAQ ADVOCATE**
CHAMBER NO 663 LAWYERS
BLOCK SAKET COURT
NEW DELHI-17

**Name Change**
I, PARAMJEET SINGH S/O AMRIK SINGH R/O D-163A, ARYA SAMAJ ROAD, UTTAM NAGAR, DELHI - 110059, have changed my name from PARAMJIT SINGH TO PARAMJEET SINGH for all future purpose.

**COURT NOTICE**
**IN THE COURT OF SH. PARAS DALAL, ADMINISTRATIVE CIVIL JUDGE, SOUTH DISTRICT, SAKET COURT COMPLEX, NEW DELHI**
SUCC.P.No.6012/2016
AMAR SINGH VS. STATE & ORS.
Memo of Parties
NDOH 18.09.2024
Sh. Amar Singh, S/o Late Sh. Babu Lal R/o 215, First Floor. Khanpur Village Dr. Ambedkar Nagar, South Delhi, Delhi-110062............**Petitioner**
**Vs**
1. The State, (NCT of Delhi) Through ConcernedSub Divisional Magistrate, Haus Khas, M. B. Road, District South, Delhi-110068
2. Smt. Poonam. W/o Late Sh. Narender Kumar.
3.Mr. Rohan, S/o Smt. Poonam through Mother, S/o Late Sh. Narender Kumar
4. Ms. Arpan, D/o Late Sh. Narender Kumar.
All R/o 2 to 4 H.No. 496, Janta Jeewan Camp, Tigri, New Delhi-110062
5. MCD, South Zone, Green Park. New Delhi-110016.
6. State Bank of India, Ambedkar Nagar, Sector-1. New Delhi...................**Respondents**

To,
The State/General public
Whereas, an application U/S 372 of the Indian Succession Act, 1925 has been made by Sh. Amar Singh, claiming to be successor of Late Sh. Babu Lal, for grant of Succession Certificate in respect of debts/securities of said deceased.
And whereas the said applicant shall come for hearing on 18 day of September 2024 at 10.00 A.M.
Therefore, the public at large is hereby given notice if any person has objection to the grant of succession certificate in favour of the said applicant, he may appear and file objections in writing, in person or through duly appointed pleader, on the said date and time.
Given under may hand and seal of the Court on this 07 day of August 2024.
**(PARAS DALAL)**
Administrative Civil Judge,
Room no-204
South District Saket Courts
New Delhi-110017.

**NANI RESORTS & FLORICULTURE PVT. LTD.**
**Corporate Office: ROF Group, Building No. 80, First Floor, Sector-44, Gurugram-122003, Ph.0124-4399399**

Applications are invited from general public out for booking of residential apartments in the Affordable Housing Project **"ROF AMALTAS"** being developed by M/s. **NANI RESORTS & FLORICULTURE PVT. LTD.**

On first come first serve basis at **Sector 92, Gurugram, Haryana (License No. - 37 of 2019 dated: 06.12.2018)** which have been either surrendered by the applicants or allotment of which has been cancelled by the Developer due non-payment or any other reason in terms of the Haryana Affordable Housing Policy 2013 dated 19.08.2013 (as amended):

| Application No. | Carpet Area (Sq. Ft.) | Apartment No. |
|---|---|---|
| 1835 | 1 BHK, TYPE-2 (312.47 SQ.FT.) | F- G-011 |

* Payable as per payment plan.

The Applications forms containing detailed terms and conditions can be obtained from our office situated at **First Floor, Building No. 80, Sector-44, Gurgaon-122003**

For **Nani Resorts and Floriculture Pvt. Ltd.**

Place: Gurugram (Haryana)

## चिकित्सकों ने काले बिल्ले लगा किया काम

एजेंसी

**जींद।** हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विस एसोसिएशन के आह्वान पर पंश्चिम बंगला में महिला डॉक्टर के साथ हुए बलात्कार एवं हत्या के रोष स्वरूप चिकित्सकों ने काले बिल्ले लगा काम किया। चित्सिकों ने इस घटना की कड़े शब्दों में निंदा की और हत्यारों को तुरंत गिरफ्तार कर फांसी की सजा दिए जाने की मांग की। इसके अलावा चिकित्सकों, नर्सिंग अधिकारियों, पैरामेडिकल स्टाफ सहित अस्पताल के सभी कर्मचारियों को चौबीसों घंटे सुरक्षा प्रदान करने की भी बात कही गई। एचसीएमएस प्रधान डा. बिजेंद्र ढांडा ने कहा कि चिक्तिसकों पर हमले की वारदातें समय-समय पर सामने आती हैं। इस बारे में सरकार, स्थानीय प्रशासनों को ज्ञापन भी सौंपे जाते हैं कि सुरक्षा मुहैया करवाई जाए। डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने कहा कि चिकित्सक को भगवान का दर्जा प्राप्त है, लेकिन कुछ लोग चिकित्सकों पर हमला करने से भी गुरेज नहीं करते हैं। उन्होंने मांग की कि हत्यारों को तुरंत प्रभाव से गिरफ्तार कर फांसी की सजा दी जाए। इस मौके पर डा. बृजेंद्र घणघस, डा. तंवर, डा. सुषमलता, डा. संदीप लोहान, डा. रघुवीर पूनिया, डा. अजय अग्रवाल, डा. विनोद, डा. मृत्युंजय, डा. सुरेंद्र सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने ली चुनाव प्रक्रिया में शामिल संबंधित अधिकारियों की बैठक

**रेवाड़ी।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक मीणा ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार की ओर से हरियाणा के 15वीं विधानसभा आम चुनाव 2024 का कार्यक्रम घोषित कर दिया है। विधानसभा आम चुनाव 2024 की घोषणा के साथ ही संपूर्ण हरियाणा प्रदेश सहित रेवाड़ी जिला में आदर्श आचार संहिता तुरंत प्रभाव से लागू हो गई है। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण, स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को गंभीरता से अपनी ड्यूटी का निर्वहन करना है। उपायुक्त अभिषेक मीणा विधानसभा आम चुनाव के मद्देनजर संबंधित अधिकारियों की बैठक ले रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की ओर से जारी शेड्यूल अनुसार हरियाणा में सभी 90 विधानसभा सीट के लिए मंगलवार 1 अक्टूबर को चुनाव होंगे तथा शुक्रवार 4 अक्टूबर को मतगणना उपरांत चुनाव परिणाम घोषित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि विधानसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता भी लागू हो गई है, जिसकी सभी को सख्ती से पालना करनी होगी। उन्होंने बताया कि रेवाड़ी जिला की तीन विधानसभा सीट 72 बावल, 73 कोसली व 74 रेवाड़ी के लिए चुनाव होंगे। ऐसे में हरियाणा निर्वाचन आयोग की ओर से गुरूवार 5 सितंबर को चुनाव से संबंधित गजट नोटिफिकेशन जारी किया जाएगा तथा गुरूवार 12 सितंबर तक नामांकन किए जा सकेंगे। उन्होंने बताया कि शुक्रवार 13 सितंबर को नामांकन पत्रों की जांच पड़ताल व छटनी की जाएगी जबकि सोमवार 16 सितंबर को उम्मीदवार अपना नामांकन वापिस ले सकेंगे।

## मुख्यमंत्री सैनी ने 74 दिन के कार्यकाल में कीं 300 घोषणाएं

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा के चुनाव घोषित हो गए हैं। राज्य में आदर्श आचार संहिता भी लागू हो गए है।राज्य में मनोहर लाल के बाद हरियाणा के मुख्यमंत्री बने नायब सैनी स्वतंत्र रूप से केवल 74 दिन ही सरकार चला सके। अब उनका शेष कार्यकाल चुनाव आचार संहिता में ही व्यतीत होगा। मुख्यमंत्री सैनी ने अपने कार्यकाल के दौरान तीन सौ छोटी-बड़ी घोषणाएं की। भारतीय जनता पार्टी ने करीब साढ़े नौ साल तक राज करने के बाद बीती 12 मार्च को तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल को बदलकर नायब सैनी को मुख्यमंत्री बनाया था। 13 मार्च को नायब सैनी ने विधानसभा में बहुमत हासिल किया। 16 मार्च को लोकसभा चुनाव का ऐलान हो गया है। देशभर में आचार संहिता लग गई। सैनी केवल 74 दिन ही फुलफ्लैश काम कर सके। आचार संहिता के दौरान ही 19 मार्च को नायब मंत्रिमंडल का विस्तार हुआ और नए मंत्रियों ने शपथ ग्रहण की। इसके बाद सभी मंत्रियों ने अपना कार्यक्रम शुरू कर दिया। लोकसभा चुनाव के परिणाम 4 जून को घोषित कर दिए गए और छह जून को देशभर में आचार संहिता हटी। जिसके बाद नायब सैनी सरकार एक्शन मोड में आ गई। नायब सैनी ने अपने कार्यकाल के दौरान लगभग तीन सौ छोटी-बड़ी घोषणाएं की और पूर्व मनोहर सरकार के कार्यकाल के दौरान लिए गए करीब एक दर्जन फैसलों को वापस भी लिया गया। नायब सैनी की घोषणाओं की खास बात यह रही कि उन्होंने अपने अल्प कार्यकाल के दौरान घोषणा करने के बाद उसकी अधिसूचना जारी करवाने पर भी जोर दिया। सैनी को सही मायने में 7 जून से 15 अगस्त तक का ही समय मिला, जिसमें उन्होंने खुद को साबित किया।

## जिला स्तरीय महोत्सव एक पेड़ मां के नाम लगा विधायक ने की शुरूआत

**जींद।** विधायक डा. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि पेड़ पर्यावरण का एक अनिवार्य हिस्सा हैं। पृथ्वी पर पेड़, पौधों के अस्तित्व के बिना मनुष्य और जानवरों की अन्य प्रजातियों का अस्तित्व संभव नहीं है। यही कारण है कि पेड़ों की कटाई की निंदा की जाती है। सरकार अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए प्रचार करती है। इसलिए पेड़ लगाने की जरूरत पर बार-बार जोर दिया जाता है। जीवन में पेड़ों का बहुत ही महत्व है। पेड़ हमें जीवन जीने के लिए वातावरण से कार्बन डाई ऑक्साइड को ग्रहण करके हमें ऑक्सीजन प्रदान करते हैं। पेड़ ही हमारे सच्चे साथी हैं। यदि वातावरण में पेड़ नहीं होते तो पृथ्वी पर कभी जीवन संभव होता ही नहीं।

## बीजेपी एक चुनाव के बाद दूसरे चुनाव की तैयारियों में जुट जाती है : मोहनलाल बडोली

एजेंसी

**सोनीपत।** दिल्ली में चुनाव आयोग प्रेस कांफ्रेंस कर रहा है, जिसके बाद हरियाणा में अटकलों का बाजार गर्म है कि हरियाणा समेत कई राज्यों में विधानसभा चुनावों के लिए आचार संहिता लागू हो सकती है। इस पर बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडोली ने कहा कि चुनाव आयोग क्या फैसला लेगा ये देखना होगा। बीजेपी हमेशा से ही एक चुनाव के बाद दूसरे चुनाव के लिए तैयार रहती है और विधानसभा चुनाव के लिए तैयार हैं। सावन में




हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरुआत की थी। जिस अभियान को लेकर आज सोनीपत के गांव रोलद में दस एकड़ पंचायती जमीन पर ऑक्सिजन बाग लगाने की अनुमति जिला प्रशासन ने दी है और अभियान में हिस्सा लेने पहुंचे बीजेपी के हरियाणा अध्यक्ष और राई से विधायक मोहनलाल बडोली ने मां के नाम एक पेड़ अभियान के तहत पौधारोपण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि हरियाणा में पेड़ों की संख्या बढ़ाने के लिए एक पेड़ मां के नाम अभियान शुरुआत की है। आज गांव रोलद में 10 एकड़ जमीन पर ऑक्सीजन बाग लगाने की तैयारी हुई है। हरियाणा में इस सावन में कई लाख पेड़ लगाए गए हैं। चुनाव आयोग की प्रेस कांफ्रेंस की खबर के बाद हरियाणा के राजनीतिक दलों में चुनावी हलचल पैदा कर दी है और अब सबकी निगाहें चुनाव आयोग की प्रेस कांफ्रेंस पर अटकी हुई है और सब ये इंतजार कर रहे हैं कि कब चुनाव आयोग हरियाणा में चुनावों की घोषणा करे और कब चुनावी राजनीति हरियाणा में और भी तेजी से आगे बढ़े ।

## कार्यकर्ताओं के उत्साह में दिख रहा है जीत का जज्बा : धर्मेंद्र प्रधान

एजेंसी

**चंडीगढ़।** भारतीय जनता पार्टी के विधानसभा चुनाव प्रभारी एवं केंद्रीय मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने गुरुग्राम में कार्यकर्ताओं के बीच पहुंचकर कहा कि कार्यकर्ताओं के उत्साह में जीत का जज्बा दिख रहा है। उन्होंने कहा कि पार्टी हर चुनाव कार्यकर्ताओं के दम पर और जनता के आशीर्वाद से जीतती आ रही है और तीसरी बार भी सीएम सैनी के नेतृत्व में हरियाणा में भाजपा की सरकार बनेगी। प्रधान पार्टी कार्यालय गुरुकमल में गुरुग्राम विधानसभा के मंडल पदाधिकारियों, शक्ति केंद्र प्रमुख, त्रिदेव व मंडल में रहने वाले राष्ट्रीय, प्रदेश व जिला स्तर के पदाधिकारियों के साथ संवाद कर रहे थे। बैठक में चुनाव प्रभारी ने विधानसभा चुनाव जीतने की रणनीति कार्यकर्ताओं के बीच साझा की और नायब सरकार की उपलब्धियों और कामकाज की बदौलत जनता तक पहुंचने का रोडमैप रखा। धर्मेन्द्र प्रधान ने कहा कि विधानसभा चुनाव जीतने के लिए बीजेपी के कार्यकर्ता पूरी ऊर्जा और शक्ति के साथ जुट जाएं। उन्होंने कहा कि बूथ जीता चुनाव जीता के मंत्र को आत्मसात करते हुए सभी कार्यकर्ता दिन-रात बूथ को और अधिक मजबूत करने का काम करें। उन्होंने कहा कि हमारे पास मोदी और नायब सरकार की उपलब्धियां हैं, हर वर्ग के लोगों के हितों के लिए किए गए कार्य हैं, जबकि कांग्रेस के पास वंशवादी परम्परा और भ्रष्टाचार है। सरकार ने कृषि पद्धति को सशक्त करने के लिए 133.55 करोड़ रुपये के ऋष्ण माफ किया ताकि किसान बिना चिंता के फसलें उगा सकें।



एक तरफ मोदी और नायब सरकार की विकासात्मक सोच है तो दूसरी तरफ कांग्रेस की भाई-भतीजावाद और भ्रष्टाचार को आगे बढ़ाने का एजेंडा है। प्रधान ने कार्यकर्ताओं से कहा कि आप सभी लोगों के बीच जाएं तथा कांग्रेस व भाजपा सरकार के कार्यों की तुलना करें। नायब सरकार की उपलब्धियां गिनवाते हुए चुनाव प्रभारी ने कहा कि भाजपा सरकार हरियाणा को विकास के पथ पर नॉन स्टॉप आगे ले जा रही है। 24 फसलों को एमएसपी पर खरीदने की गारंटी भाजपा सरकार ही दे सकती है। उन्होंने कहा कि नायब

धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के लाभार्थियों को 500 रुपये में गैस सिलेंडर देने की घोषणा, अग्निवीरों को 10 प्रतिशत नौकरी में आरक्षण और 5 लाख रुपये तक बिना ब्याज के ऋष्ण मुहैया कराना नायब सरकार का ऐतिहासिक निर्णय है। प्रधान ने कहा कि कांग्रेस के समय में बिना पैसे के नौकरियां नहीं मिलती थी वहां केवल पर्ची और खर्ची चलती थी। लेकिन भाजपा की सरकार ने पारदर्शी और ईमानदार शासन व्यवस्था लागू करके युवाओं को योग्यता के आधार पर 1 लाख 40 हजार से ज्यादा नौकरियां दी हैं और पर्ची तथा खर्ची का सिस्टम समाप्त किया है।

प्रधान ने कहा कि चुनाव आयोग ने चुनाव की तिथियों की घोषणा कर दी है। भाजपा का कार्यकर्ता पूरी तरह से तैयार है और कार्यकर्ताओं के जज्बे के दम पर हरियाणा में एक बार फिर से भाजपा सरकार बनने जा रही है। भाजपा जिला अध्यक्ष कमल यादव ने चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान का स्वागत किया और विश्वास दिलाया कि भाजपा के सभी कार्यकर्ता पूरी मेहनत के साथ जनता के बीच जाकर काम कर रहे हैं। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव में गुरुग्राम जिला की चारों विधानसभाओं में कमल का फूल खिलेगा और तीसरी बार मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनेगी।

बैठक में जिला अध्यक्ष कमल यादव, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अशोक गुर्जर, विधानसभा प्रभारी वीरेंद्र यादव, विधानसभा संयोजक अजीत यादव, शीतला मंडल अध्यक्ष प्रियव्रत कटारिया, सरस्वती मंडल अध्यक्ष अभिषेक गुलाटी, अर्जुन मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र बजाज, दयानंद मंडल अध्यक्ष अजीत भारद्वाज, मीडिया प्रभारी गजेंद्र गुप्ता, सह मीडिया प्रमुख पवन यादव आदि मौजूद रहे।

## समाजसेवा के क्षेत्र में बेहतरीन कार्यों के लिए सुमन वर्मा सम्मानित

एजेंसी

**सिरसा।** अखिल भारतीय सेवा संघ की महिला शाखा की ओर से स्वतंत्रता दिवस के मौके पर समाज सेवा के क्षेत्र में बेहतर काम करने



वाली महिलाओं के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम में लक्ष्मीनारायण संकीर्तन मंडल, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ ग्रुप, भारतीय प्रजापति हिरोज आग्रेनाइजेशन व मौज मस्ती ग्रुप की अध्यक्ष सुमन वर्मा व उनकी टीम को सम्मानित किया गया। सुमन वर्मा ने कहा कि संस्था न केवल बेटियों के लिए, बल्कि समाज के गरीब व कमजोर तबके के लिए भी भरपूर प्रयास कर रही है। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ ग्रुप के साथ-साथ उनकी टीम असहाय व गरीब लोगों का सहारा बनकर उनके लिए उम्मीद की किरण बनकर उभरी हैं। सुमन वर्मा ने कहा कि जहां भी उन्हें सेवा का मौका मिलता है, वे कभी अवसर नहीं चूकती हैं। कार्यक्रम के आयोजकों ने प्रधान सुमन वर्मा व उनकी टीम को सराहनीय कार्यों के लिए बधाई देते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार से समाजसेवा के इस सिलसिले को लगातार आगे बढ़ाते रहनेके लिए प्रोत्साहित किया।

सुमन वर्मा ने भी अखिल भारतीय सेवा संघ महिला शाखा द्वारा सम्मान के लिए आभार जताया। वहीं लक्ष्मीनारायण संकीर्तन मंडल की ओर से स्वतंत्रता दिवस समारोह भी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सभी ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर इस ऐतिहासिक दिन की बधाई दी। इस अवसर पर डा. पूजा, सविता गोयल, विमला, निंदिया, खुशबू, संजू, सुनीता मकानी, मिक्की, ज्योति, नीरू, सुनीता सेठी, प्रवीन मिढ़ा, वंदना जैन, करूणा जैन सहित सभी टीम सदस्य उपस्थित थे।

## अनिल विज ने की कांग्रेस की हरियाणा इकाई को भंग करने की मांग

एजेंसी

**अंबाला ।** हरियाणा के पूर्व गृह मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल विज ने कांग्रेस पार्टी को भंग करने की मांग की है।

उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग को चाहिए कि हरियाणा की कांग्रेस इकाई को भंग कर दे। क्योंकि जिस पार्टी में चुनाव न हो, उसे भंग कर देना चाहिए। हरियाणा कांग्रेस में सब कुछ परिवार है, कुछ गैंग हैं जो हरियाणा को लूटने के लिए चुनाव के समय इकट्ठे हो जाते हैं। विज ने आगे कहा कि सबसे पहले तो हमें यह समझना चाहिए कि कांग्रेस नाम की कोई पार्टी ही नहीं है। 19 सालों से इनके हरियाणा इकाई में चुनाव नहीं हुए, इसलिए चुनाव आयोग को हरियाणा कांग्रेस को भंग करना चाहिए। मेरा साफ तौर पर मानना है कि जिस पार्टी के चुनाव न हो, उसे भंग कर देना उचित है।

प्रधानमंत्री मोदी के समान नागरिक संहिता वाले बयान पर अनिल विज ने कहा कि इसकी बहुत समय से जरूरत है। एक देश एक कानून के तहत देश में सबको बराबरी का हक मिले। देश के लिए सब बराबर हो। हम अलग-अलग



आंखों से अलग-अलग व्यक्तियों को अलग-अलग धर्मों से नहीं देख सकते। सबके लिए एक कानून होना चाहिए। विपक्ष तो हर बात पर सवाल उठाता है। अगर विपक्ष को देखें तो देश एक कदम भी आगे नहीं बढ़ सकता। विधानसभा चुनावों को लेकर अनिल विज ने कहा कि हम तैयार हैं। चुनावों की घोषणा के बाद चुनाव प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। हम नामांकन कर देंगे और जनता के बीच जाकर वोट देने की अपील करेंगे।

हरियाणा में 1 अक्टूबर को सभी 90 विधानसभा सीटों के लिए वोट डाले जाएंगे। वोटों की गिनती 4 अक्टूबर को होगी। यानी जम्मू कश्मीर और हरियाणा विधानसभा के लिए डाले गए वोटों के नतीजे एक ही दिन 4 अक्टूबर को आएंगे।

## मुख्यमंत्री ने पौधा लगाकर की कैथल से राज्य स्तरीय पौधारोपण अभियान की शुरुआत

एजेंसी

**कैथल।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि मानसून सीजन के दौरान विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरूआत की गई थी। इसी अभियान को गति देते हुए हरियाणा में एक साथ राज्यस्तरीय पौधारोपण कार्यक्रम के तहत 51 लाख पौधे लगाए गए। यह कार्यक्रम हर जिलों में आयोजित किया गया है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी कैथल में आयोजित एक पेड़ मां के नाम राज्य स्तरीय एक दिवसीय पौधारोपण महा अभियान कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में 1 करोड़ 60 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि पौधा लगाने के साथ-साथ उसकी परवरिश भी करनी जरूरी है। इससे वातावरण स्वच्छ और वायु शुद्ध होती है। स्वच्छ पर्यावरण से व्यक्ति का स्वास्थ्य भी अच्छा रहता है। इस अवसर पर वन मंत्री संजय सिंह, वन विभाग अतिरिक्त मुख्य सचिव आनंद मोहन शरण, प्रधान मुख्य वन




संरक्षक हरियाणा पंकज गोयल, विधायक लीला राम, कमलेश ढांडा, हैफेड चेयरमैन कैलाश भगत, मीडिया प्रभारी भीम सैन अग्रवाल, सुरेश संधु, सीमा देवी, बलविंद्र जांगड़ा, अशोक सैनी, आदित्य भारद्वाज, प्रवीण प्रजापति, कृष्ण पिलनी मौजूद रहे। पर्यावरण, वन व वन्य जीव राज्य मंत्री संजय सिंह ने कहा कि मुझे खुशी है कि कैथल से प्रधानमंत्री के एक पेड़ मां के नाम अभियान के राज्य स्तरीय समारोह की शुरुआत की गई है और 51 लाख पौधे आज पूरे प्रदेश में एक साथ लगाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री 24 घंटे जनता के बीच रहते हैं और उनकी समस्याओं का समाधान करवाते हैं।

## हरियाणा ने भी हुड्डा के राज में 10 साल तक जंगलराज देखा : रोहन गुप्ता

एजेंसी

**रोहतक।** पश्चिम बंगाल में सरकारी अस्पताल के अंदर पोस्ट ग्रेजुएट ट्रेनी डाक्टर के साथ हुई दरिंदगी व हत्या मामले से भाजपा भड़की हुई है। रोहतक में भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता रोहन गुप्ता ने प्रेसवार्ता के दौरान पश्चिम बंगाल में डाक्टर के साथ हुए रेप व मर्डर कांड के बहाने हरियाणा कांग्रेस पर भी निशाना हमला बोला। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में जिस तरह का जंगलराज आज कायम है, उसी तरह कभी हरियाणा में कांग्रेस राज के दौरान भी जंगलराज होता था। रोहन गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी शासन व्यवस्था संभालने में नाकाम हो रही है। महिला होते हुए भी पश्चिम बंगाल की महिलाओं की पीड़ा उन्हें दिखाई नहीं देती।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने पश्चिम बंगाल के सरकारी अस्पताल के अंदर ट्रेनी डाक्टर के साथ हुई दरिंदगी व हिंसा के मामले में ममता बनर्जी से इस्तीफा की मांग की। रोहन गुप्ता ने कहा कि ममता बनर्जी शासन में पश्चिम बंगाल सुरक्षित नहीं है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में हो रही दरिंदगी भरी घटनाओं की




जिम्मेदारी लेते हुए ममता बनर्जी को तुरंत मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे देना चाहिए।

रोहन गुप्ता ने कहा कि कलकत्ता हाईकोर्ट द्वारा मामला सीबीआई को देने से स्पष्ट हो जाता है कि ममता बनर्जी के शासन में अब महिलाएं सुरक्षित नहीं रही है। गुप्ता ने कहा कि देश में जहां भी इंडी गठबंधन की सरकार है वहां की जनता ने जंगल राज देखा है। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि हरियाणा ने भी हुड्डा के राज में 10 साल तक जंगलराज देखा है और आज उसी जंगलराज की झलक हमको पश्चिम बंगाल में देखने को मिली है।

गुप्ता ने कहा कि देश की एक बेटी के साथ हैवानियत हुई, लेकिन इंडी गठबंधन के नेताओं के मुंह में दही जमा हुआ है। पश्चिम बंगाल में इंडी गठबंधन की साथी और एक महिला मुख्यमंत्री के होते हुए भी एक महिला डॉक्टर के साथ हैवानियत हुई, सरकार वहां तथ्यों को छिपाने और आरोपियों को बचाने के प्रयास में लगी हुई है। जिन लोगों ने इसके लिए आवाज उठाने का प्रयास किया, उनकी आवाज को दबाने का प्रयास किया जा रहा है।

रोहन गुप्ता ने कहा कि 10 अगस्त 2024 को सुबह करीब 10.53 बजे आरजी कार मेडिकल कॉलेज अस्पताल के सहायक अधीक्षक ने ट्रेनी डाक्टर के माता-पिता को सूचना दी कि उनकी बेटी की तबियत खराब है। सहायक अधीक्षक कहता है कि उनकी बेटी ने आत्महत्या कर ली है, जबकि लड़की के साथ दरिंदगी हुई थी आखिरकार नई-नई कहानी किसलिए गढ़ी जा रही थी। श्री गुप्ता ने सवाल पूछते हुए कहा कि लड़की के माँ-बाप को तीन घंटे तक इंतजार कराया गया और उसके बाद भी बेटी का पार्थिव शरीर देखने तक नही दिया गया।

## हरियाणा की लैंड बैंक पॉलिसी की प्रधानमंत्री ने सराहना

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने किसानों के भूमि विवादों के समाधान के लिए लैंड बैंक पॉलिसी की अनोखी पहल का देशभर में डंका बज रहा है। यही नहीं खुद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी मनोहर लाल की नीतियों को पसंद किया है। स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राज्यों को विकास परियोजनाओं को गति देने के लिए लैंड बैंक बनाने का आह्वान किया। दरअसल, मनोहर लाल ने अपने मुख्यमंत्रित्व काल में हरियाणा में किसानों के विवादों का समाधान करने और सीएलयू माफिया के खात्मे के कदम उठाए थे, जो न केवल कारगर साबित हुए बल्कि किसानों को भू-माफियाओं से छुटकारा भी मिला। मनोहर लाल की लैंड बैंक पालिसी से शहरों में नए सेक्टर बनाने, वाणिज्यिक, संस्थागत और ढांचागत विकास के साथ ही औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने में मदद मिली। परियोजनाओं के लिए भू-मालिक को पोर्टल पर खुद जमीन देने की पेशकश करने का ऑफर दिया गया। इससे शहरीकरण और औद्योगीकरण के लिए लैंड बैंक बनाने में मदद मिली और नई परियोजनाएं भूमि की कमी के चलते नहीं अटकी। लाल किले की प्राचीर से स्वतंत्रता



दिवस पर प्रधानमंत्री ने राज्यों को विकास परियोजनाओं को गति देने के लिए लैंड बैंक (भूमि बैंक) बनाने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने राज्यों से आह्वान किया कि नीतियों में परिवर्तन लाते हुए विकास परियोजनाओं को गति दी जाए। लैंड की आवश्यकता है तो राज्यों को लैंड बैंक बनाना चाहिए। इसके साथ ही राज्यों को गुड गर्वनेंस (सुशासन) पर काम करने के लिए आगे आना होगा। यही नहीं राज्यों को निवेश बढ़ाने के लिए प्रयास करने होंगे। राज्य सरकारों को बड़े प्रोजेक्टों पर काम करने दिशा में कदम बढ़ाना होगा। किसानों की समृद्धता का भी किया जिक्र मनोहर लाल ने अपने मुख्यमंत्री के कार्यकाल में प्रदेश के किसानों को समृद्ध बनाने की दिशा में कदम बढ़ाया। मनोहर के इस कदम से न केवल किसानों के आर्थिक नुकसान की भरपाई करने में भी मददगार बने। प्रधानमंत्री मोदी ने कृषि क्षेत्र में क्षमता को बढ़ाने और कौशल मिशन पर जोर दिया। यह दोनों योजनाएं भी मनोहर लाल की देन हैं। मनोहर लाल के शासनकाल में 14 फसलें एमएसपी पर खरीदी जाती थीं, अब हरियाणा में सभी 24 फसलें खरीदी जाएंगी। मनोहर लाल ने भावांतर भरपाई योजना के तहत फल व सब्जी उत्पादक 12 हजार से अधिक किसानों को 33.26 करोड़ रुपये की राशि वितरित की। इसके साथ ही बागवानी क्षेत्र को बढ़ाने के लिए 2030 तक दोगुणा यानि 22 लाख एकड़ करने और उत्पादन तीन गुणा करने का लक्ष्य निर्धारित किया था।

## छात्रा से रेप के दोषी को 20 साल सजा

**हिसार।** अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश विवेक सिंगल की अदालत ने छात्रा से रेप करने के मामले में युवक को दोषी करार देते हुए 20 साल की सजा सुनाई है।



अदालत ने दोषी को एक लाख का जुर्माना लगाया है। उकलाना पुलिस ने इस मामले में पीड़िता की मां के बयान पर 3 जनवरी, 2021 को केस दर्ज किया था। मामले के अनुसार उकलाना थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाली छात्रा स्कूल गई थी। इस दौरान स्कूल के गेट पर उसे एक युवक मिला जिसने खुद को टीचर बताया और वह छात्र को उकलाना से लुधियाना ले गया।

## चुनाव के लिए हर कार्यकर्ता है तैयार, तीसरी बनेगी भाजपा सरकार : बिप्लब कुमार देब

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा चुनाव सह प्रभारी एवं त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री व सांसद बिप्लब कुमार देब कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद करने तोशाम पहुंचे। यहां उन्होंने कहा कि हरियाणा में तीसरी बार सरकार बनाने के लिए भाजपा का हरेक कार्यकर्ता तैयार है। उन्होंने केंद्रीय चुनाव आयोग द्वारा हरियाणा विधानसभा चुनाव की घोषणा का स्वागत किया। तोशाम विधानसभा के इस्सरवाल और बापोड़ा मंडल की संगठनात्मक बैठक में कार्यकर्ताओं से श्री देब ने कहा कि हरियाणा में समग्र विकास के लिए हर वर्ग के उत्थान और कल्याण के लिए भाजपा कृतसंकल्पित है। उन्होंने कहा कि जनता जनार्दन के असीम आशीर्वाद से हरियाणा में भाजपा प्रचंड बहुमत की सरकार बनाएगी। श्री देब ने कार्यकर्ताओं से कहा कि मोदी और नायब सरकार की उपलब्धियों को लेकर जनता के बीच जाएं तथा लोगों को भाजपा की नीतियों को भी बताएं। तोशाम पहुंचने पर चुनाव सह प्रभारी श्री देब का स्थानीय विधायक किरण चौधरी और जिला अध्यक्ष मुकेश गौड़ ने स्वागत और अभिनंदन किया। बिप्लब कुमार देब ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है और कार्यकर्ताओं की मेहनत के दम पर लगातार चुनाव जीतती आ रही है। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव की तिथियों की घोषणा आज हो चुकी है, इसलिए सभी कार्यकर्ता कड़ी मेहनत करें और पार्टी की जीत को बड़ी जीत में बदलने के काम में जुट जाएं। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता आधारित पार्टी है। सभी कार्यकर्ता लगन व मेहनत के साथ भाजपा की नीतियों और उपलब्धियों का जन-जन तक प्रचार कर तीसरी बार सरकार बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।बिप्लब कुमार देब ने कहा कि हरियाणा में नायब सरकार ऐतिहासिक निर्णय लेकर हर वर्ग को लाभ पहुंचा रही है। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने 1 लाख 20 हजार कर्मचारियों की नौकरियां सुरक्षित करके उनके परिवारों में खुशी दी है। श्री देब ने कहा कि 2014 से पहले कांग्रेस राज में हरियाणा में पर्ची और खर्ची का सिस्टम चलता था। कांग्रेस के समय भाई भतीजावाद और क्षेत्रवाद के हिसाब से नौकरियां बंटती थी।

# कच्चा तेल 80 डॉलर प्रति बैरल के करीब, पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड का भाव फिसल कर 80 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 77 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों (पीएसयू) ने शनिवार को पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक राजधानी नई दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये और डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर है। मुंबई में पेट्रोल 103.44 रुपये और डीजल 89.97 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है। वहीं, कोलकाता में पेट्रोल का भाव 104.95 रुपये और डीजल 91.76 रुपये प्रति लीटर है, जबकि चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है। उल्लेखनीय है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के अंतिम दिन के कारोबार में ब्रेंड क्रूड 1.36 डॉलर यानी 1.68 फीसदी की गिरावट के साथ 89.68 डॉलर प्रति बैरल पर है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी 1.51 डॉलर यानी 1.93 फीसदी लुढ़क कर 76.65 यूएस डॉलर प्रति बैरल पर स्थिर है।




# रुपया 83.94 रुपये प्रति डॉलर पर सपाट

**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजार में ज़बरदस्त तेजी की बदौलत आज अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया 83.94 रुपये प्रति डॉलर पर सपाट बंद हुआ। इसी तरह इसके पिछले कारोबारी दिवस भी रुपया 83.94 रुपये प्रति डॉलर पर रहा था। शुरुआती कारोबार में रुपया 83.94 रुपये प्रति डॉलर पर सपाट खुला, यही उच्चतम स्तर रहा और इसी स्तर पर बंद भी हुआ। वहीं, सत्र के दौरान तेल आयातकों एवं बैंकरों की डॉलर मांग बढ़ने से यह 83.97 रुपये प्रति डॉलर के निचले स्तर तक लुढ़का।

# अंतरराष्ट्रीय एमएसएमई एक्सपो-2024 प्रगति मैदान में 22-24 अगस्त तक

**नई दिल्ली।** सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमियों के मंच एमएसएमई डेवलपमेंट फोरम ने राष्ट्रीय राजधानी में 22 अगस्त से इस क्षेत्र पर केंद्रित तीन दिन की एक अंतरराष्ट्रीय औद्योगिक प्रदशनी आयोजित करने की घोषणा की है। फोरम के संस्थापक चेयरमैन रजनीश गोयनका ने यहां जारी एक विज्ञप्ति कहा, 'दसवीं इंटरनेशनल एमएसएमई एक्सपो-2024 प्रदर्शनी प्रगति मैदान, भारत मंडपम में हॉल संख्या- 4 में 22 से 24 अगस्त को आयोजित की जाएगी।' श्री गोयनका ने कहा है कि इस बार इस प्रदर्शनी में तीस हज़ार से अधिक व्यावसायिक दर्शक, दो हजार से अधिक क्रेता और प्रदर्शनी लगाने वाली 400 से अधिक इकइयां, निवेशक, प्रतिनिधि, वक्ता और राजनयिक शामिल होंगे। इस दौरान क्रेताओं-बिक्रेताओं की बैठकें भी होंगी। विज्ञप्ति के मुताबिक प्रदर्शनी में लगभग 2000 से अधिक उत्पाद, नयी प्रौद्योगिकी और नयी परियोजनाओं की जानकारी दिए जाने की योजना है। इस आयोजन में केंद्र के कई मंत्रालय, सार्वजनिक उपक्रम और लगभग छह राज्य सरकारों की भागीदारी होगी। बयान में कहा गया है कि इस प्रदर्शनी की एक विशेषता 150 ओडीओपी उद्यमियों के उत्पादों की भागीदारी है। इस दौरान युवा उद्यमियों को नयी परियोजनाओं की जानकारी के साथ ही उसे लगाने में हैंड होल्डिंग की सुविधा भी उपलब्ध कराने की तैयारी है।प्रदर्शनी में सस्ते एवं सुलभ ऋण, फंडिंग, आईपीओ, डैट फंडिंग आदि के लिये एसबीआई बैंक, एक्सिस फ़ाइनेशियल, सीडबी बैंक,वैल्यूवाईज़ इन्वेस्टमेंट्स- कोलकोता, एग्नियोल सर्विसेज़ एवं अन्य एनबीएफ़सी, एंजेल फंड्स, वीसी एवं विदेशी कंसल्टैंट्स आदि उपस्थित होंगे। श्री गोयनका ने बताया कि इस दौरान आयोजित गोष्ठियों में भारत के अलावा अमेरिका, रूस, जापान एवं नीदरलैंड जैसे देशों के पेशेवर, बाजार विशेषज्ञ, कंसल्टेंट लगभग 12 प्रस्तुति देंगे।

# महिंद्रा फाइनेंस में दो वरिष्ठ अधिकारियों की नियुक्ति


**मुंबई।** गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी महिंद्रा फाइनेंस ने आज दो वरिष्ठ अधिकारियों की नियुक्ति की घोषणा की जिसमें श्री बिजॉय थपलियाल को मुख्य व्यवसाय अधिकारी -लीजिंग, भागीदारी और भुगतान और श्री मोद नारायण सिंह को मुख्य अनुपालन अधिकारी (सीसीओ) के रूप में नियुक्त किया गया। कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि ये नियुक्तियाँ उभरते भारत के लिए पसंदीदा वित्तीय भागीदार बनने की दिशा में नवाचार और ग्राहक-केंद्रित समाधान को आगे बढ़ाने में महिंद्रा फाइनेंस की प्रतिबद्धता को मजबूत करेंगी। 27 से अधिक वर्षों के अनुभव के साथ श्री क्विकलीज़ (वाहन लीजिंग और सदस्यता व्यवसाय) का नेतृत्व करेंगे, गठबंधनों की पहचान करेंगे और उन्हें बढ़ावा देंगे तथा सभी भुगतान उत्पादों में निष्पादन रणनीति को मजबूत करेंगे। वह विकास को बढ़ावा देने और ग्राहक संतुष्टि को बढ़ाने के लिए लीजिंग रणनीतियों को आगे बढ़ाने, साझेदारी को बढ़ावा देने और भुगतान और उधार समाधानों को बेहतर बनाने पर ध्यान केंद्रित करेंगे। श्री सिंह पूरे संगठन में अनुपालन कार्य की देखरेख करेंगे और कंपनी की अनुपालन नीति के कार्यान्वयन की देखरेख में बोर्ड और वरिष्ठ प्रबंधन की सहायता करेंगे।

# वित मंत्रालय ने सीमा पार विलय एवं अधिग्रहण बढ़ाने वाले नियमों को बनाया आसान

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने विदेशी मुद्रा प्रबंधन (गैर-ऋण उपकरण) नियम, 2019 में संशोधन किया है, जिसका उद्देश्य प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) और विदेशी निवेश के लिए नियमों को सरल बनाना है।

वित्त मंत्रालय ने जारी एक बयान में बताया कि आर्थिक मामलों के विभाग ने केंद्रीय बजट 2024-25 की घोषणा के अनुसरण में विदेशी मुद्रा प्रबंधन (गैर-ऋण साधन) नियम, 2019 में संशोधन किया है। इस संशोधनों का उद्देश्य व्यापार करने में अधिक आसानी के लिए सीमा पार शेयर स्वैप को सरल बनाना है। वहीं, इसका संशोधन का मकसद विदेशी कंपनी इक्विटी उपकरणों के बदले भारतीय कंपनी इक्विटी उपकरणों को जारी करने या स्थानांतरित करने की अनुमति देना है। मंत्रालय ने कहा कि वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग (डीईए) ने 16 अगस्त, 2024 की अधिसूचना के माध्यम से विदेशी मुद्रा प्रबंधन (गैर-ऋण साधन) नियम, 2019 में संशोधन किया गया है। ये संसोधन केंद्रीय वित?त और कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रत्यक्ष विदेशी निवेश और विदेशी निवेश के लिए नियमों और विनियमों को सरल बनाने के लिए केंद्रीय बजट 2024-25 की घोषणा के अनुसरण और पहल के रूप में की गई है।




# आरबीआई ने बैंक ऑफ महाराष्ट्र पर 1.27 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ महाराष्ट्र (बीओएम) पर 1.27 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। आरबीआई ने बीओएम पर अपने ग्राहक को जानिए (केवाईसी) सहित विभिन्न दिशा-निर्देशों का उल्लंघन करने के चलते ये जुर्माना लगाया है।

आरबीआई ने जारी बयान में कहा कि उसने अपने निर्देशों का उल्लंघन करने के लिए बैंक ऑफ महाराष्ट्र पर 1.27 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है, जिसमें नो योर कस्टमर भी शामिल है। रिजर्व बैंक ने कहा कि 8 अगस्त, 2024 के एक आदेश के जरिए बीओएम पर 'बैंक ऋण वितरण के लिए ऋण प्रणाली', 'बैंकों में साइबर सुरक्षा ढांचा' और 'नो योर कस्टमर' पर आरबीआई के जारी कुछ निर्देशों का पालन न करने के लिए यह मौद्रिक जुर्माना लगाया है। आरबीआई ने हिंदुजा लीलैंड फाइनेंस लिमिटेड पर नो के कुछ प्रावधानों का पालन न करने के लिए 4.90 लाख रुपये का मौद्रिक जुर्माना लगाया है। इसके अलावा केंद्रीय बैंक ने पूनावाला फिनकॉर्प लिमिटेड पर 'गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी-प्रणालीगत रूप से महत्वपूर्ण गैर-जमा लेने वाली कंपनी और जमा लेने वाली कंपनी पर रिजर्व बैंक के कुछ प्रावधानों का अनुपालन न करने के लिए 10 लाख रुपये का मौद्रिक जुर्माना लगाया है। केंद्रीय बैंक ने कहा कि ये कार्रवाई विनियामक अनुपालन में कमी के आधार पर की गई है। इसका उद्देश्य कंपनी के अपने ग्राहकों के साथ किए गए किसी भी लेन-देन या समझौते की वैधता पर निर्णय लेना नहीं है।




# एस्थेटिक इंजीनियर्स की शेयर बाजार में जोरदार शुरुआत

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में आज एस्थेटिक इंजीनियर्स के शेयरों ने जोरदार एंट्री की। इंटीरियर डिजाइन सर्विस मुहैया कराने वाली इस कंपनी के शेयर आज 90 प्रतिशत के लिस्टिंग गेन के साथ 110.20 रुपये के स्तर पर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्ट हुए। लिस्टिंग के बाद खरीदारी के सपोर्ट से इस शेयर में और तेजी आई, जिससे ये 115.70 रुपये के अपर सर्किट तक पहुंच गया। इस तरह इस शेयर के निवेशकों को पहले दिन ही 99.48 प्रतिशत का जबरदस्त मुनाफा हो गया।

एस्थेटिक इंजीनियर्स का 26.47 करोड़ रुपये का आईपीओ 8 से 12 अगस्त तक सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस दौरान निवेशकों ने इस आईपीओ को हाथों-हाथ लिया, जिससे ये आईपीओ ओवरऑल 705.26 गुना सब्सक्राइब हो गया। इसमें नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के हिस्से में 1,933.96 गुना सब्सक्रिप्शन मिला, जबकि रिटेल इन्वेस्टर्स के हिस्से में 461.58 गुना सब्सक्रिप्शन आया। एस्थेटिक इंजीनियर्स ने इस आईपीओ के जरिए 10 रुपये की फेस वैल्यू वाले 45.64 लाख नए शेयर 48 रुपये के प्रीमियर के साथ जारी किए हैं। इस तरह आईपीओ के जरिए निवेशकों को 58 रुपये के भाव पर शेयर का अलॉटमेंट किया गया है।

एस्थेटिक इंजीनियर्स की ओर से उपलब्ध कराई गई जानकारी के मुताबिक आईपीओ के जरिए जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी अपने कैपिटल एक्सपेंडिचर, कॉरपोरेट जरूरतों को पूरा करने और वर्किंग कैपिटल से जुड़ी जरूरतों को पूरा करने में करेगी। इंटीरियर डिजाइनिंग के काम में लगी ये कंपनी एल्युमिनियम के दरवाजे, खिड़कियां, सीढ़ियां, रेलिंग आदि का डिजाइन तैयार करती है। इसके अलावा ये ग्लास फाइबर रिइंफोर्सड कंक्रीट (जीएफआरसी) भी तैयार करती है। 2003 से काम कर रही इस कंपनी के शुद्ध मुनाफे में 2023-24 के दौरान 346.74 प्रतिशत का इजाफा हुआ था इसी तरह इसके रेवेन्यू में भी 50.64 प्रतिशत की उछाल दर्ज की गई थी।




# डीबीएस बैंक ने वरिष्ठ नागरिकों के लिए शुरू किया 'डीबीएस गोल्डन सर्कल'

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** डीबीएस बैंक इंडिया ने 'डीबीएस गोल्डन सर्कल' के शुभारंभ की घोषणा की है जो यह वरिष्ठ नागरिकों की खास जरूरतों को पूरा करने के लिए डिज़ाइन की गई एक प्रॉयारिटी बैंकिंग सेवा है।

बैंक ने यहां जारी बयान में कहा कि इस कार्यक्रम में कई खास सेवाएं और सुविधायें मिलती हैं। यह कार्यक्रम 60 वर्ष और उससे अधिक उम्र के भारतीय नागरिकों के लिए बैंकिंग को सरल और अधिक फायदेमंद बनाता है। यह लॉन्च भारत में डीबीएस की 30वीं वर्षगांठ के अवसर पर किया गया है। यह एक ऐसी उपलब्धि है जो अंरदेशीय ग्राहकों के लिए बैंक की प्रतिबद्धता पर जोर देता है। डीबीएस बैंक इंडिया अपने विशाल नेटवर्क और डिजिटल क्षमताओं का लाभ उठाकर ऐसे समाधान प्रदान करता है जो उनके ग्राहकों की बदलती जरूरतों को पूरा करते हैं, विश्वास को बढ़ावा देते हैं और स्थायी रिश्ते बनाते हैं।

'डीबीएस गोल्डन सर्कल' इन चिंताओं का समाधान करता है। बचत खातों और जमा राशियों पर दी जाने वाली आकर्षक ब्याज दर, इसकी प्रमुख विशेषताओं में से एक है। इसमें वरिष्ठ नागरिक 4 लाख रुपये से अधिक और 5 लाख रुपये तक के बचत खाते की शेष राशि पर प्रति वर्ष 7 प्रतिशत तक की ब्याज हासिल कर सकते हैं। इसके अलावा वे 376 दिनों से लेकर 540 दिनों तक की अवधि वाले सावधि जमा पर 0.50 प्रतिशत प्रति वर्ष की बढ़ी हुई ब्याज दर का लाभ उठा सकते हैं। ये प्रतिस्पर्धी ब्याज दरें वरिष्ठ नागरिकों को अपनी बचत को प्रभावी ढंग से बढ़ाने और अधिक वित्तीय स्थिरता हासिल करने में सहायता करती हैं।

# राष्ट्रीय कोयला सूचकांक जून में 3.48 फीसदी गिरा, बाजार में पर्याप्त उपलब्धता का संकेत

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय कोयला सूचकांक (एनसीआई) जून, 2024 में 3.48 फीसदी की गिरावट के साथ 142.13 अंक पर आ गया है, जो बाजार में इस शुष्क ईंधन की पर्याप्त उपलब्धता का संकेत है।

कोयला मंत्रालय ने जारी एक बयान में कहा कि पिछले साल जून, 2023 में एनसीआई 147.25 अंक पर था। एनसीआई में 3.48 फीसदी गिरावट बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए बाजार में कोयले की पर्याप्त उपलब्धता का संकेत है। मंत्रालय ने कहा कि इस साल जून के दौरान देश के कोयला उत्पादन में सालाना आधार पर 14.58 फीसदी की वृद्धि हुई थी। मंत्रालय ने कहा कि पिछले वर्ष इसी अवधि की तुलना में जून 2024 के दौरान देश के कोयला उत्पादन में प्रभावशाली वृद्धि कोयले पर निर्भर विभिन्न क्षेत्रों को स्थिर आपूर्ति सुनिश्चित करती है, जो राष्ट्र की समग्र ऊर्जा सुरक्षा में महत्वपूर्ण योगदान देती है।

उल्लेखनीय है कि एनसीआई एक मूल्य सूचकांक है, जो कि अधिसूचित मूल्य, नीलामी मूल्य और आयात मूल्य सहित सभी बिक्री चैनल से कोयले की कीमतों को जोड़ता है। यह विनियमित (बिजली और उर्वरक) और गैर-विनियमित क्षेत्रों में विभिन्न श्रेणी के कोकिंग और गैर-कोकिंग कोयले की कीमतों पर भी विचार करता है। एनसीआई की स्थापना वित्त वर्ष 2017-18 को आधार वर्ष मानकर की गई है। यह बाजार की गतिशीलता का भरोसेमंद सूचकांक है।



# मुंबई बंदरगाह पर भारत का पहला बायोफ्यूल ब्लेंड एचएफएचएसडी बंकर बना

**एजेंसी**

**मुंबई।** भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) ने मुंबई बंदरगाह पर एक ओएमसी द्वारा पहला बायोफ्यूल ब्लेंड हाई फ्लैश हाई स्पीड डीजल (एचएफएचएसडी) बंकर लॉन्च करके भारतीय समुद्री उद्योग में एक नया मानदंड स्थापित किया है।

कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि बीपीसीएल की यह अग्रणी पहल हरित ऊर्जा समाधानों के प्रति इसकी अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है और शिपिंग क्षेत्र को कार्बन मुक्त करने के वैश्विक जनादेश के अनुरूप है। चूंकि समुद्री उद्योग वैश्विक स्तर पर कार्बन उत्सर्जन को कम करने और पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है, बीपीसीएल द्वारा बायोफ्यूल ब्लेंड एचएफएचएसडी बंकर की शुरूआत शिपिंग कंपनियों को पारंपरिक ईंधन के लिए एक स्वच्छ, बायोडिग्रेडेबल विकल्प प्रदान करती है। यह पहल न केवल पर्यावरणीय स्थिरता का समर्थन करती है बल्कि भारतीय बंकरिंग बाजार में एक नेता के रूप में बीपीसीएल की स्थिति को भी मजबूत करती है। बीपीसीएल ने भारतीय बंकरिंग क्षेत्र में लगातार अपने नेतृत्व का प्रदर्शन किया है, जो देश में आईएमओ 2020 अनुरूप बंकर ईंधन पेश करने वाली पहली कंपनी है। पश्चिमी तट पर मजबूत उपस्थिति के साथ, बीपीसीएल समुद्री ईंधन का एक विश्वसनीय आपूर्तिकर्ता बन गया है। जैव ईंधन मिश्रणों में कंपनी का प्रवेश एलएनजी, हाइड्रोजन और मेथनॉल सहित हरित बंकर ईंधन के अपने पोर्टफोलियो का विस्तार करने की एक व्यापक रणनीति का हिस्सा है, जिससे विकसित हो रहे ऊर्जा परिदृश्य में आगे रहा जा सके। यह पहल भारत सरकार के स्वच्छ ऊर्जा भविष्य के दृष्टिकोण के अनुरूप है, जैसा कि राष्ट्रीय जैव ईंधन नीति और समुद्री भारत विजन 2030 में रेखांकित किया गया है।

# ग्लोबल सपोर्ट और डीआईआई की खरीदारी से शेयर बाजार में आई जोरदार तेजी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** पिछले कुछ दिनों से लगातार उतार-चढ़ाव का सामना करने के बाद घरेलू शेयर बाजार ने आज जोरदार छलांग लगाई। आज के कारोबार में सेंसेक्स इंट्रा-डे में 1,412 अंक से अधिक उछल गया। इसी तरह निफ्टी ने भी 420 अंक से अधिक की छलांग लगाई। माना जा रहा है कि पॉजिटिव ग्लोबल संकेतों के साथ ही घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई)की ओर से आक्रामक अंदाज में की गई खरीदारी और कंपनियों के शानदार तिमाही नतीजे की वजह से घरेलू शेयर बाजार ने आज 1.6त्न से अधिक की मजबूती दिखाई। धामी सिक्योरिटीज के वाइस प्रेसिडेंट प्रशांत धामी के मुताबिक अमेरिका में महंगाई दर में गिरावट आने की वजह से अमेरिकी निवेशकों ने राहत की सांस ली है। महंगाई दर में गिरावट आने की वजह से अमेरिका में मंदी आने की आशंका तो कम हुई ही है, ब्याज दरों में भी जल्द कटौती होने की संभावना बन गई है। धामी का मानना है कि महंगाई दर में आई गिरावट और अमेरिका में खुदरा बिक्री में हुई बढ़ोतरी की वजह से वॉल स्ट्रीट में तेजी का रुख बना है, जिससे दुनिया भर के शेयर बाजारों में पॉजिटिव संकेत गए हैं??। घरेलू शेयर बाजार में भी निवेशक अमेरिकी बाजार के संकेत की वजह से उत्साहित होकर आज चौतरफा खरीदारी करते रहे, जिसकी वजह से शेयर बाजार में तेजी का रुख बन गया। प्रशांत धामी का मानना है कि अमेरिकी बाजार में आई तेजी की वजह से ग्लोबल मार्केट का सेंटीमेंट भी हाई बना रहा। वॉल स्ट्रीट के सूचकांकों के अलावा शंघाई कंपोजिट इंडेक्स, हैंग सेंग इंडेक्स, कोस्पी इंडेक्स और निक्केई इंडेक्स जैसे प्रमुख एशियाई सूचकांकों ने भी मजबूती का प्रदर्शन किया। इस वजह से भी घरेलू शेयर बाजार में उत्साह का माहौल बना रहा।एडेलवाइज इन्वेस्टमेंट एंड सिक्योरिटीज लिमिटेड के चीफ एडवाइजर मुकेश सिंह का कहना है कि शेयर बाजार की मजबूती की एक बड़ी वजह घरेलू संस्थागत निवेशकों द्वारा बाजार में लगातार निवेश करते रहना भी है। अगस्त के महीने में शेयर बाजार में लगातार उतार-चढ़ाव होता रहा है। इसके बावजूद घरेलू संस्थागत निवेशक शुद्ध खरीदार की भूमिका निभा रहे हैं। इस महीने अभी तक घरेलू संस्थागत निवेशक 31,450 करोड़ रुपये की खरीदारी कर चुके हैं। सबसे बड़ी बात तो ये है कि घरेलू खुदरा निवेशक भी लगातार छोटे और मझोले शेयरों की खरीदारी कर रहे हैं, जिससे विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) द्वारा की गई बिकवाली का घरेलू शेयर बाजार पर अधिक असर नहीं पड़ा है।इसी तरह धनलक्ष्मी इन्वेस्टमेंट प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ संदीप बत्रा का कहना है कि अमेरिका में महंगाई दर में गिरावट आने की खबर से आज घरेलू बाजार में आईटी सेक्टर के शेयरों में जबरदस्त खरीददारी हुई। सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों में आईटी सेक्टर के शेयरों की काफी बड़ी हिस्सेदारी है। इसी वजह से आईटी सेक्टर में आई तेजी के कारण सेंसेक्स और निफ्टी की चाल में भी जबरदस्ती तेजी आ गई। संदीप बत्रा के मुताबिक भारत की आईटी कंपनियों की आय का सबसे बड़ा हिस्सा अमेरिका से ही आता है। इसलिए अमेरिकी अर्थव्यवस्था की बेहतरी से जुड़ा कोई भी आंकड़ा भारतीय आईटी कंपनियां को उत्साह प्रदान करता है, जिसका प्रत्यक्ष असर घरेलू शेयर बाजार में उनके प्रदर्शन पर भी नजर आता है। इसके साथ ही कंपनियों के तिमाही नतीजे ने भी घरेलू शेयर बाजार की चाल पर काफी असर डाला है। ज्यादातर कंपनियों के तिमाही नतीजे अनुमान के मुताबिक या उससे बेहतर रहे हैं। खासकर सरकारी उपक्रमों के नतीजे उम्मीद से भी ज्यादा अच्छे रहे हैं। इसके अलावा कॉरपोरेट सेक्टर की कई बड़ी कंपनियों ने भी तिमाही नतीजे में जबरदस्त प्रदर्शन किया है, जिससे घरेलू शेयर बाजार के निवेशकों का उत्साह बढ़ा है।



# अडाणी पॉवर लिमिटेड बांग्लादेश को बिजली की आपूर्ति जारी रखेगा

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** अडाणी पॉवर लिमिटेड अपने 1,600 मेगावाट क्षमता वाले झारखंड के गोड्डा संयंत्र से बांग्लादेश को बिजली की आपूर्ति जारी रखेगा।

आडाणी पॉवर लिमिटेड ने एक बयान में कहा कि हम अपने गोड्डा संयंत्र से बांग्लादेश को निर्बाध बिजली दे रहे हैं। कंपनी ने कहा कि हम बांग्लादेश को भरोसेमंद बिजली आपूर्ति के महत्व को समझते हैं, बांग्लादेश विद्युत विकास बोर्ड (बीपीडीबी) की मांग अनुसूची तथा पीपीए के प्रावधानों के अनुसार समझौते के दायित्वों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

बिजली मंत्रालय ने इस महीने की शुरुआत में निर्यातोन्मुख इकाई के रूप में स्थापित संयंत्रों से भारत के भीतर बिजली बेचने की अनुमति देने के लिए बिजली आयात-निर्यात दिशा-निर्देशों में संशोधन किया था। इस संशोधन में ये प्रावधान है कि सरकार ऐसे उत्पादन संयंत्र को भारतीय ग्रिड से जोड़ने की अनुमति दे सकती है। भारत के भीतर बिजली की बिक्री को सुविधाजनक बनाने के लिए ऐसा किया गया। अडाणी पावर लिमिटेड का 1,600 मेगावाट का गोड्डा प्लांट संभवतः देश का एकमात्र ऐसा पावर प्लांट है, जिसे बांग्लादेश को 100 फीसदी बिजली आपूर्ति की प्रतिबद्धता के साथ स्थापित किया गया है।




# विदेशी मुद्रा प्रबंधन (गैर-ऋण साधन) नियम, 2019 में संशोधन

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने चालू वित्त वर्ष के आम बजट में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश और विदेशी निवेश के लिए नियमों और विनियमों को सरल बनाने की घोषणा की थी। इसी घोषणा के अनुसरण में, एक पहल के रूप में, वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग (डीईए) ने दिनांक आज जारी अधिसूचना के माध्यम से विदेशी मुद्रा प्रबंधन (गैर-ऋण साधन) नियम, 2019 में संशोधन किया है।

इन संशोधनों का उद्देश्य सीमा पार शेयर स्वैप को सरल बनाना तथा विदेशी कंपनी इक्विटी उपकरणों के बदले भारतीय कंपनी इक्विटी उपकरणों को जारी करने या स्थानांतरित करने का प्रावधान करना है। इससे विलय, अधिग्रहण तथा अन्य रणनीतिक पहलों के माध्यम से भारतीय कंपनियों के वैश्विक विस्तार में सुविधा होगी। इससे भारतीय कंपनियां नए बाजारों तक पहुंच सकेंगी तथा दुनिया भर में अपनी उपस्थिति बढ़ा सकेंगी। इसमें एक अन्य अहम बदलाव प्रवासी भारतीय (ओसीआई) स्वामित्व वाली संस्थाओं द्वारा गैर-प्रत्यावर्तन आधार पर किए गए डाउनस्ट्रीम निवेशों के उपचार पर और स्पष्टता लाता है, जो इसे प्रवासी भारतीय (एनआरआई) स्वामित्व वाली संस्थाओं के उपचार के साथ तालमेल बिठाता है।अन्य अधिनियमों तथा कानूनों के साथ संगति सुनिश्चित करने के लिए 'नियंत्रण' की परिभाषा को मानकीकृत करना। देश भर में वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने के लिए व्हाइट लेबल एटीएम में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) को सक्षम बनाना। उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग द्वारा जारी 19 फरवरी, 2019 की अधिसूचना जी.एस.आर. 127 (ई) के साथ 'स्टार्टअप कंपनी' की परिभाषा को सुसंगत बनाया गया था। ये संशोधन विदेशी निवेशकों के लिए अनुकूल माहौल बनाने की सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हैं। इसके साथ ही, नियमों को सरल बनाने और व्यापार करने में आसानी को बढ़ावा देने के लिए निरंतर उपाय किए जा रहे हैं।

# इम्युनिटी बूस्ट करने के साथ ही आंखों को हेल्दी बनाएंगे अंडे, मानसून में इसे खाने के हैं और भी कई फायदे



**अंडे यानी श्वद्दद्दह्य कई लोगों की डाइट का एक अहम हिस्सा होते हैं। आमतौर पर लोग इसे प्रोटीन का बढ़िया सोर्स होने की वजह से इसे अपनी डाइट में शामिल करते हैं। हालांकि इसे अन्य कई वजहों से भी खाया जा सकता है। खासकर मानसून में इसे खाने से इम्युनिटी बूस्ट करने से लेकर बीमारियों और संक्रमणों से बचने तक में मदद मिलती है।**

संडे हो या मंडे, रोज खाओ अंडे सब हम सभी ने बचपन से ही यह कहावत सुनी होगी। ऐसा इसलिए क्योंकि इसे डाइट में शामिल करने से शरीर को अंदर से मजबूती मिलती है। यह पोषक तत्वों से भरपूर एक बढ़िया सुपरफूड है, जो आपकी सेहतमंद बनाने में मदद करता है। खासतौर पर मानसून में जब बीमारियां और संक्रमण लोगों को अपना शिकार बनाते हैं, ऐसे समय में अंडे आपको इस मौसम सुरक्षित रखते हैं।रसात के दिनों में जब डेंगू, मलेरिया, टाइफाइड, डायरिया, कब्ज आदि जैसी बीमारियों का प्रकोप ज्यादा होता है, तब अंडे इससे बचने और लड़ने में मदद करते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल में हम आपको बताएंगे मानसून में अंडे खाने के गजब के फायदों के बारे में-

**इम्युनिटी बढ़ाए**

मानसून के दिनों में अक्सर इम्युनिटी कमजोर होने की वजह से बीमारियां और संक्रमण लोगों को अपना शिकार बनाती हैं। ऐसे में अंडे खाने से इम्युनिटी मजबूत करने में मदद मिलती है। इसमें विटामिन डी होता है, जो इम्यून सेल फंक्शन को रेगुलेट करने में मदद करता है और इम्यून सिस्टम का समर्थन करता है।

**प्रोटीन से भरपूर**

प्रोटीन से भरपूर होने की वजह से अंडे मांसपेशियों की वृद्धि और मरम्मत में मदद करते हैं। साथ ही प्रोटीन कई तरह के स्वास्थ्य समस्याओं से भी रक्षा कर सकता है और इस बरसात के मौसम में यह आपकी इम्युनिटी को बूस्ट करने में भी मदद कर सकता है।

सेल डैमेज से बचाए

अंडे में ल्यूटिन और जेक्सैन्थिन जैसे एंटीऑक्सीडेंट पाए जाते हैं, जो सेल्स को डैमेज होने से बचाते हैं और सूजन को भी कम करते हैं।

**आई हेल्थ में सुधार**

रोजाना अंडे खाने से आपकी आई हेल्थ में सुधार करने में मदद मिलती है। इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट आंखों के स्वास्थ्य को लाभ पहुंचा सकते हैं और उम्र से जुड़े मैक्यूलर डीजेनरेशन के खतरे को कम कर सकते हैं।

**बालों और नाखूनों को बनाए मजबूत**

चूंकि अंडे प्रोटीन के बहुत बेहतरीन स्रोत होते हैं, इसलिए वे त्वचा और बालों के लिए बहुत अच्छे माने जाते हैं। अंडे बायोटिन, विटामिन बी12 और अन्य पोषक तत्वों से भी भरपूर होते हैं, जो स्वस्थ बालों और नाखूनों को बेहतर बनाने में मदद करते हैं।

**वेट मैनेजमेंट में मददगार**

अगर आप अपना वजन कम करना चाहते हैं, अंडों को अपनी डाइट में जरूर शामिल करें। इसमें कैलोरी कम और प्रोटीन ज्यादा होता है, जो वेट मैनेजमेंट के लिए इसे एक बढ़िया विकल्प साबित होगा।

**एनीमिया से बचाए**

इन सभी फायदों के अलावा अंडे आयरन का भी अच्छा स्रोत होते हैं, जिसकी वजह से इसे डाइट में शामिल करने से एनीमिया को रोकने और हेल्दी रेड ब्लड सेल्स के प्रोडक्शन में मदद मिलती है।

# वक्फ अधिनियम में संशोधन पर देश विभाजित




वक्फ अधिनियम, 1995 की स्थापना औकाफ को विनियमित करने के लिए की गयी थी, जिसका अर्थ है वक्फ के रूप में दान की गयी और नामित वह संपत्ति जो एक वाकिफ द्वारा मुस्लिम कानून द्वारा पवित्र, धार्मिक या धर्मार्थ के रूप में मान्यता प्राप्त उद्देश्यों के लिए समर्पित करता है। प्रस्तावित संशोधन विभिन्न राज्य निकायों में मुस्लिम महिला सदस्यों को शामिल करके समावेशिता की बात करते हैं।

नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा वक्फ अधिनियम, 1995 में संशोधन करने के कदम की धर्मनिरपेक्ष पार्टियों और मुस्लिम संगठनों दोनों ने कड़ी आलोचना की है। लेकिन यह इस तथ्य को भी उजागर करता है कि तथाकथित मुस्लिम नेता खुद अपने घर को सही करने के लिए तैयार नहीं हैं। कई राज्यों के वक्फ बोर्डों में कथित अनियमितताओं का फायदा उठाते हुए, सरकार ने इन नेताओं को देश की राजनीति में उनकी जगह दिखाने के लिए यह कदम उठाया है, इससे पहले ट्रिपल तलाक के मुद्दे पर उन्हें कड़ी फटकार लगायी गयी थी।प्रस्तावित संशोधनों के अनुसार, वक्फ बोर्ड द्वारा संपत्तियों पर किये गये सभी दावों का अनिवार्य सत्यापन किया जायेगा। वक्फ बोर्ड द्वारा दावा की गयी संपत्तियों के लिए एक अनिवार्य सत्यापन प्रक्रिया प्रस्तावित है।वक्फ अधिनियम, 1995 की स्थापना औकाफ को विनियमित करने के लिए की गयी थी, जिसका अर्थ है वक्फ के रूप में दान की गयी और नामित वह संपत्ति जो एक वाकिफ द्वारा मुस्लिम कानून द्वारा पवित्र, धार्मिक या धर्मार्थ के रूप में मान्यता प्राप्त उद्देश्यों के लिए समर्पित करता है। प्रस्तावित संशोधन विभिन्न राज्य निकायों में मुस्लिम महिला सदस्यों को शामिल करके समावेशिता की बात करते हैं।

दरअसल, मुस्लिम खुद इसके खिलाफ नहीं हैं, क्योंकि इस्लाम एक महिला को मुतवल्ली - वक्फ संपत्ति का प्रबंधक या किसी वक्फ बोर्ड का सदस्य होने की अनुमति देता है, क्योंकि यह एक प्रबंधकीय पद है और इसके लिए इस्लामी कानूनों के किसी विशेष प्रशिक्षण की आवश्यकता नहीं होती है, ऐसा दिल्ली स्थित इस्लामिकफिकह अकादमी से जुड़े एक मुफ्ती ने बताया। दरअसल, ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड में भी कई महिला सदस्य हैं, उन्होंने आगे कहा। इसलिए, यह बहाना व्यापक आबादी को गुमराह करने के लिए है कि मुसलमान विभिन्न वक्फ निकायों में एक महिला सदस्य को शामिल करने के खिलाफ हैं।इस विधेयक को लाने की नींव पिछले साल तब रखी गयी थी जब मार्च 2023 में वकील अश्विनी कुमार उपाध्याय द्वारा एक जनहित याचिका दायर की गयी थी। केंद्र ने दिल्ली उच्च न्यायालय को बताया था कि वक्फ अधिनियम के एक या अधिक प्रावधानों को चुनौती देने वाली लगभग 120 रिट याचिकाएं देश की विभिन्न अदालतों में लंबित हैं।

उपाध्याय ने वक्फ अधिनियम के कुछ प्रावधानों की वैधता को चुनौती दी थी और केंद्र से %ट्रस्ट और ट्रस्टी, दान और धर्मार्थ संस्थाओं, और धार्मिक बंदोबस्ती और संस्थाओं के लिए एक समान कानून बनाने का निर्देश मांगा था।याचिकाकर्ता ने कहा कि वक्फ अधिनियम 1995 वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन की आड़ में बनाया गया था, लेकिन हिंदू धर्म, बौद्ध धर्म, जैन धर्म, सिख धर्म, यहूदी धर्म, बहाई धर्म, पारसी धर्म और ईसाई धर्म के अनुयायियों के लिए समान कानून नहीं थे। %इसलिए, यह राष्ट्र क धर्मनिरपेक्षता, एकता और अखंडता के खिलाफ है।%यहां, यह पूछने पर मजबूर होना पड़ता है कि क्या सरकार भारत भर में विभिन्न ट्रस्टों को विनियमित करने के लिए उसी आधार पर तैयार होगी, जो बद्रीनाथ/केदारनाथ से लेकर तिरुपति तक विभिन्न मंदिरों का प्रबंधन करते हैं। क्या यह इन ट्रस्टों को महिला सदस्यों को शामिल करने के लिए मजबूर कर पायेगी, ताकि समावेशिता बढ़े?मामले को और जटिल बनाने और मुस्लिम समुदाय के बीच कलह के बीज बोने के लिए, सरकार कथित तौर पर बोहरा. आगाखानी और अन्य के लिए अलग वक्फ बोर्ड का गठन करना चाहती है।सरकार द्वारा वक्फ अधिनियम, 1995 में संशोधन की तैयारी के बीच, अल्पसंख्यक मामलों के केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि कानून में संशोधन के लिए गरीब मुस्लिम समूहो% की ओर से लंबे समय से मांग की जा रही है।

लेकिन वे इन गरीब मुस्लिम समूहों की पहचान करने में विफल रहे। संशोधनों का समर्थन करने के लिए अब तक एकमात्र समूह अखिल भारतीय सूफी सज्जादानशीन परिषद (एआईएसएससी) है, जिसने सरकार के कदम का स्वागत किया है और निहित स्वार्थों पर मुस्लिम समुदाय को गुमराह करने का आरोप लगाया है। लेकिन एआईएसएससी भारतीय मुसलमानों का प्रतिनिधित्व नहीं करता है और इसके सदस्य के रूप में विभिन्न संप्रदायों के मुस्लिम मौलवी नहीं हैं।प्रस्तावित कानून केंद्रीय वक्फ परिषद और राज्य वक्फ बोर्डों में %मुस्लिम और गैर-मुस्लिमों का प्रतिनिधित्व% सुनिश्चित करेगा। अब मुसलमानों के कल्याण से संबंधित संगठन में गैर-मुस्लिम सदस्यों को क्यों शामिल किया जाना चाहिए? एक बार फिर, पहले वाला सवाल उठता है कि क्या हिंदू मंदिर और धार्मिक ट्रस्ट किसी भी मुस्लिम को अपना सदस्य बनने की अनुमति देंगे?आलोचना से बचने के लिए सरकार यह तर्क देती है कि वह न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) राजिंदर सच्चर की अध्यक्षता वाली उच्च स्तरीय समिति की सिफारिशों और केआर रहमान की अध्यक्षता वाली वक्फ और केंद्रीय वक्फ परिषद पर संयुक्त संसदीय समिति की रिपोर्ट के आधार पर काम कर रही है, हालांकि उनकी सिफारिशों और अन्य हितधारकों के साथ विस्तृत परामर्श के बाद वर्ष 2013 में अधिनियम में व्यापक संशोधन किये गये थे।भारत भर के अधिकांश मुस्लिम संगठनों ने प्रस्तावित संशोधनों की तीखी निंदा की है। एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीनओवैसी ने प्रस्तावित विधेयक की निंदा करते हुए भाजपा पर %हिंदुत एजेंडा% चलाने का आरोप लगाया है।विपक्षी दल भी इसके खिलाफ हैं। समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि च्व्हम इसके (वक्फ अधिनियम संशोधन विधेयक) खिलाफ होंगे।आईयूएमएल के ई. टी. मोहम्मदबशीर ने कहा कि सरकार की ओर से उठाया गया यह कदम गलत इरादे से उठाया गया है। शिवसेना (यूबीटी) सांसद प्रियंकाचतुर्वेदी ने आरोप लगाया कि भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार बजट पर चर्चा से भागना चाहती है और इसलिए वे वक्फ मुद्दे को लेकर आयी है।सीपीआई (एम) सांसद अमरा राम ने कहा कि भाजपा च्विभाजनकारी राजनीतिज्ज् में विश्वास करती है और वक्फ बोर्डों को मजबूत करने के बजाय, वे उनमें हस्तक्षेप करने की कोशिश कर रही है। एक अन्य सीपीआई (एम) सांसद सुदामा प्रसाद ने कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार का एकमात्र इरादा विभाजनकारी एजेंडे को बढ़ावा देना है। जेएमएम की महुआ माजी ने कहा कि एकतरफा दृष्टिकोण नहीं अपनाया जाना चाहिए और अगर कोई संशोधन किया जाना है, तो सरकार को सभी पक्षों की बात सुननी चाहिए। पंजाब वक्फ बोर्ड के सदस्य हाशिम सूफी ने कहा कि सरकार इस तरह के कदम उठाकर हिंदुओं और मुसलमानों के बीच नफरत फैलाने पर आमादा है, जबकि वह इस बात को नजरअंदाज कर रही है कि वक्फ बोर्ड द्वारा संचालित संपत्तियों और संस्थानों का लाभ हिंदुओं और सिखों सहित सभी समुदायों के सदस्यों को समान रूप से मिलता है।जमीयतउलेमा-ए-हिंद ने जोर देकर कहा कि वक्फसंपत्तियों की स्थिति और प्रकृति में कोई भी बदलाव लाना या सरकार या किसी व्यक्ति के लिए उनका च्दुरुपयोगज्ज् करना आसान बनाना अस्वीकार्य है। प्रमुख मुस्लिम निकाय ने इस बात पर भी जोर दिया कि अगर वक्फ बोर्डों को कमजोर करने के लिए कोई कदम उठाया जाता है तो वह सर्वोच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने के लिए तैयार है।

## संपादकीय

### कथनी-करनी के बीच फासले का भाषण

देश की आजादी के 77 वर्ष पूरे होने के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लगातार 11वीं बार लाल किले की प्राचीर से भाषण करते हुए विकास सम्बन्धी अनेक बातों का स्पर्श किया। किसानों की खुशहाली से लेकर महिलाओं की सुरक्षा और भारत को विकसित बनाने से लेकर पड़ोसी मुल्क बांग्लादेश में होने वाले घटनाक्रमों पर उन्होंने विचार रखे। वर्तमान दौर को %भारत का स्वर्णिम कालखंड% बतलाते हुए मोदी ने कहा कि %इस मौके को हाथ से जाने नहीं देना है।% 2047 तक भारत के विकसित राष्ट्र बन जाने का फिर से भरोसा जताते हुए उन्होंने कहा कि जब 40 करोड़ लोगों ने देश को आजाद करा दिया तो 140 करोड़ लोग बहुत कुछ कर सकते हैं। ऐसी अनेक अच्छी-अच्छी बातें उन्होंने अपने रिकॉर्ड-तोड़ 98 मिनट के उद्बोधन में की। बहुत से विषय वे ही थे जो वे टुकड़ों में अलग-अलग मंचों से कहते आये हैं। पीएम ने भारत की अपार क्षमता, विकास, नये संकल्प, सरकार की प्रतिबद्धता तथा रिफॉर्म-परफॉर्म-ट्रांसफॉर्म का फार्मूला किंचित अलग शब्दों में प्रस्तुतीकरण किया।

लोकसभा-2024 के चुनाव में पूरा बहुमत न पाने के कारण दो दलों के समर्थन पर चल रही सरकार के मुखिया होने के नाते उन्हें जिस कमजोरी का एहसास है, उसका प्रतिबिम्ब उनके भाषण में साफ झलक रहा था। 2014 से लेकर 2023 तक के दो कालावधियों में इसी मंच का उपयोग वे जिस कड़ी शब्दावली का इस्तेमाल करते हुए विपक्ष तथा सरकार के विचारों से इत्तेफ़ाक न रखने वालों के लिये करते रहे हैं, वह तेवर भी ज्यादा नज़र नहीं आया। हालांकि बहुत सख्त लहज़ा न अपनाते हुए भी उन्होंने विपक्ष को ऐसे %कुछ लोगों% के रूप में इंगित किया %जो विकास नहीं होना देना चाहते।% उन्होंने विपक्ष को यह कहकर कठघरे में खड़ा करने की कोशिश की कि %जब तक उनका खुद का भला न हो वे दूसरों का भला नहीं देख सकते।% इस बात को आगे बढ़ाते हुए मोदी ने देश को चेताया कि ऐसे लोगों से उन्हें बचना होगा। विकास को अपनी %प्रतिबद्धता% बताया, न कि कोई %राजनीतिक मजबूरी%। उनका कहना था कि वे जो भी कर रहे हैं वह राजनीतिक गुणा-भाग करते हुए नहीं वरन %नेशन फर्स्ट% की थ्योरी काम करते हुए कर रहे हैं। रिफॉर्म्स (सुधारों) पर तो उनका दावा था कि इस पर घंटों चर्चा हो सकती है लेकिन अगर देशवासी इसका अंदाज़ा लगाना चाहें तो केवल बैंकिंग सेक्टर देख सकते हैं जिसमें बड़े सुधार हुए हैं।भ्रष्टाचार का ज़िक्र तो हुआ पर उस पर उतना वक्त और ऊर्जा मोदी जी ने नहीं लगाई, जितनी वे करते आये हैं। यह सम्भवत॰ वही %राजनीतिक मजबूरी% है जिसे वे नकार तो रहे हैं लेकिन यह सर्वविदित है कि इस बार के लोकसभा के चुनाव में उन्हें अपेक्षित सफलता नहीं मिली जिसके कारण वे तेलुगु देसम पार्टी और जनता दल यूनाइटेड पर आश्रित हैं।ध्रुवीकरण के लिये भी मोदी इस मंच का बेधड़क इस्तेमाल करते आये हैं। इस बार उन्होंने वैसा खुल्लमखुल्ला तो नहीं किया परन्तु बांग्लादेश में जारी घटनाओं का उल्लेख कर कहा कि वहां के अल्पसंख्यकों के साथ जो हो रहा है, वह रूकना चाहिये क्योंकि इसे लेकर भारत के 140 करोड़ लोग चिंतित हैं। वे हिन्दू सेंटिमेंट को जगाने की कोशिश तो कर रहे थे पर देखना यह होगा कि उनके इस बयान की बांग्लादेश में क्या प्रतिक्रिया होती है। वहां सरकार के नुमाइंदे इस पर खेद जता चुके हैं और मंदिरों में जाकर वहां के अल्पसंख्यकों की विश्वास बहाली कर रहे हैं। मोदी ने कहा कि महिलाओं के साथ होते अत्याचारों से जनसामान्य आक्रोशित है। इस पर देश, समाज और राज्य सरकारों को गम्भीरता से विचार करना होगा। उत्पीड़कों के खिलाफ शीघ्रातिशीघ्र और कड़ी कार्रवाई की उन्होंने अपेक्षा जतलाई। न्याय में विलम्ब होने पर भी चिंतित होते हुए पीएम ने कहा कि न्याय व्यवस्था में सुधार किये जाने की आवश्यकता है।पिछले ज्यादातर भाषणों की ही तरह 15 अगस्त, 2024 का भी उनका उद्बोधन विरोधाभासों और विसंगतियों से भरा था। 2047 तक विकसित भारत के पीछे उन्होंने समर्पण और कड़ी मेहनत बताई, लेकिन यह नहीं बतलाया कि यह मेहनत किसकी ओर से किये जाने की आवश्कता है। आम जनता तो जीवन-यापन के लिये पहले से कड़ी मेहनत कर रही है। विकास के जिस ब्लू प्रिंट की बात उन्होंने कही; और पहले भी करते आये हैं, वह कौन सा ब्लू प्रिंट है, .

# रोजगारविहीन विकास की रणनीति पर नरेंद्र मोदी सरकार

एक तरफ बेरोजगारी बढ़ती जा रही थी, दूसरी तरफ आबादी के एक छोटे से हिस्से के पास धन का अधिकाधिक संकेन्द्रण हो रहा था। आबादी का मात्र एक प्रतिशत हिस्सा अब देश की सत्तर प्रतिशत (70प्रतिशत) संपत्ति का मालिक था। दुनिया में कहीं भी, अमीर और गरीब के बीच का अंतर इतना बड़ा नहीं है। भारत को %एकाधिकार पूंजीवाद% के रास्ते पर ले जाया जा रहा है! सुविधाकर्ता %भारत सरकार% है। अहमदाबाद से लेकर कोलकाता तक हर हवाई अड्डा अब अडानी समूह का है। हवाई यात्रा की लागत में अचानक वृद्धि के खिलाफ उंगली उठाने की हिम्मत किसी में नहीं है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के बारे में कई बातें सामने आयी हैं, जिनमें से एक प्रमुख है वर्तमान में अपनायी जा रही रोजगार विहीन विकास की रणनीति जिसके कारण बेरोजगारी की ऊंची दरको लेकर चिंता बढ़ती जा रही है।वर्ष 2014 में चुनाव के लिए प्रचार के दौरान, नरेंद्र मोदी ने मतदाताओं से कई वायदे किए थे। उनके द्वारा किये गये सबसे प्रमुख वायदों में से एक था हर साल दो करोड नौकरियों का सृजन करना। अपने वायदे के अनुसार, दस वर्षों में उन्हें और उनकी सरकार को प्रधानमंत्री के रूप में तीसरे कार्यकाल के लिए जाने से पहले (प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से) बीस करोड़ नौकरियां (दो सौ मिलियन नौकरियां) पैदा करनी चाहिए थीं।

अपने कई वायदों की तरह, पीएम ने बहुत ही चतुराई और सुविधापूर्वक इस वायदे को भूलने का विकल्प चुना। वास्तव में उनके कई नीतिगत निर्णयों के कारण रोजगार में गिरावट आयी, जिससे ऐसी स्थिति पैदा हुई कि पिछले चालीस वर्षों में बेरोजगारी सबसे अधिक बढ़ गयी। देश में रोजगार में गिरावट का एक महत्वपूर्ण कारण सरकार द्वारा सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों (पीएसयू) को बेचना था। स्वतंत्र भारत में किसी अन्य सरकार ने इतने सस्ते दरों पर इतने सारे पीएसयू नहीं बेचे। कुल मिलाकर इसका असर न केवल उत्पादकता पर पड़ा, बल्कि रोजगार पर भी पड़ा। लाखों युवा बेरोजगार रह गये!एक तरफ बेरोजगारी बढ़ती जा रही थी, दूसरी तरफ आबादी के एक छोटे से हिस्से के पास धन का अधिकाधिक संकेन्द्रण हो रहा था। आबादी का मात्र एक प्रतिशत हिस्सा अब देश की सत्तर प्रतिशत (70प्रतिशत) संपत्ति का मालिक था। दुनिया में कहीं भी, अमीर और गरीब के बीच का अंतर इतना बड़ा नहीं है। भारत को %एकाधिकार पूंजीवाद% के रास्ते पर ले जाया जा रहा है! सुविधाकर्ता %भारत सरकार% है। अहमदाबाद से लेकर कोलकाता तक हर हवाई अड्डा अब अडानी समूह का है। हवाई यात्रा की लागत में अचानक वृद्धि के खिलाफ उंगली उठाने की हिम्मत किसी में नहीं है।

पीएम नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की कॉरपोरेट



समर्थक आर्थिक नीतियों से जो निकला, वह %बेरोजगारी वाला विकास% का एक पाठ्यपुस्तक मामला था। भारत की अर्थव्यवस्था बढ़ रही है। हम जल्द या थोड़ी देर से %पांच ट्रिलियन% की अर्थव्यवस्था बन सकते हैं, फिर भी हमारे युवा बेरोजगार रहेंगे! पिछले साल जब फ्रांस में पर्याप्त नौकरियाँ नहीं बनीं और मौजूदा नौकरियों में %हायर एंड फायर% की नीति लायी गयी, तो देश का पूरा युवा बेहतर नौकरी और बेहतर वेतन की माँग को लेकर सड़कों पर उतर आया। एक पूरे हफ्ते तक फ्रांस में ज़िंदगी ठहर सी गयी थी। आखरिकार मैक्रोन की सरकार ने युवाओं की माँगों के आगे घुटने टेक दिये। %हायर एंड फायर% की नीति को समय की गारंटी से बदल दिया गया। तभी स्थिति सामान्य हो सकी। नौकरियाँ बहुत ज़रूरी हैं!

जब भी अर्थव्यवस्था में मंदी आती है, तो सबसे पहले आकस्मिक कामगारों को मंदी का सामना करना पड़ता है। महिलाओं को सबसे पहले घर भेजा जाता है। फिर अस्थायी कामगारों का नंबर आता है। चूंकि असंगठित क्षेत्र में कोई यूनियन नहीं है, इसलिए गरीब कामगार ठेकेदारों की दया पर निर्भर हैं। रिपोर्ट कहती है कि जब भी बाजार में उथल-पुथल होती है, तो सबसे कम आय वाले लोगों की आय में सबसे ज्यादा गिरावट आती है।मोदी सरकार ने एक और चाल चली है। गरीब लोगों को शिक्षा से दूर रखकर। ऐसे लोगों की रोजगार क्षमता कम हो जाती है। यह एक अवलोकन है कि जब युवा ठीक से शिक्षित नहीं होते हैं तो वे सबसे कम पारिश्रमिक पर जल्दी नौकरी की तलाश करते हैं। यह निजी कंपनियों के लिए अच्छा है।

जब कोई बड़ी सार्वजनिक क्षेत्र की इकाई किसी निजी कंपनी को सौंपी जाती है, तो सबसे पहले नया मालिक कर्मचारियों की संख्या कम कर देता है। इससे तुरंत लाभ की सीमा बढ़ जाती है। चूंकि काम वही रहता है, इसलिए मौजूदा कर्मचारियों को लंबे समय तक काम पर रहना पड़ता है। पूंजीवाद समर्थक स्तंभकार तुरंत निजी खिलाडियों के अधीन कंपनी की कार्यकुशलता के बारे में लिखना शुरू कर देते हैं। वे चतुराई से इस तथ्य को छिपाते हैं कि बहुत से कर्मचारियों की नौकरी चली गयी और शेष कर्मचारियों का प्रतिदिन शोषण किया जा रहा है। बढ़ा हुआ लाभ शोषित श्रमिकों के खून-पसीने की कमाई का प्रतिबिम्ब है। हाल ही में भारत के एक बड़े पूंजीपति ने बैंगलोर में सत्तर घंटे काम करने का आह्वान किया।सभी केंद्रीय ट्रेड यूनियनों ने तुरंत इस प्रस्ताव के खिलाफ आवाज उठाई।जयो को लाभ में लाने के लिए, बीएसएनएल के 70,000 कर्मचारियों को वीआरएस (स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना) के नाम पर घर भेज दिया गया। वास्तव में उस योजना को सीआरएस (अनिवार्य सेवानिवृत्ति योजना) कहा जाना चाहिए था। कुछ समय तक जियो कम लागत पर सेवाएं देकर चमक सकता था। जब बीएसएनएल के ग्राहक जियो में बदल गये, तो असली खेल शुरू हुआ। अब जियो बहुत महंगा हो गया है और ग्राहक बीएसएनएल की ओर लौटना चाहते हैं। लेकिन समस्या यह है कि बीएसएनएल में अब कर्मचारियों की कमी है। जब तक सरकार तुरंत नये कर्मचारियों की भर्ती नहीं करती, ग्राहकों को परेशानी होती रहेगी और युवाओं को बेरोजगारी का सामना करना पड़ेगा।

कुछ साल पहले तक भारतीय रेलवे में कर्मचारियों की कुल संख्या 19 लाख थी। नई आर्थिक व्यवस्था शुरू होने के बाद भारतीय रेलवे में कर्मचारियों की संख्या में लगातार कमी की गयी। आज भारतीय रेलवे में कर्मचारियों की संख्या केवल 12 लाख रह गयी है। इस कमी का दुर्भाग्यपूर्ण प्रभाव सुरक्षा और सेवाओं पर पड़ा है। रेल पटरियों पर दुर्घटनाओं की एक श्रृंखला इस बात का प्रमाण है कि मानव संसाधन के अभाव में सबसे अच्छा स्वचालन भी विफल हो जाता है। जिस देश में हमारे पास तकनीकी रूप से शिक्षित मानव संसाधन प्रचुर मात्रा में हैं, वहां स्वचालन पर किसी भी तरह की निर्भरता अनावश्यक है।

आज अधिकांश भारतीय युवा हैं। हमारी आबादी दुनिया में सबसे युवा है। इस स्थिति का उपयोग करने का सबसे अच्छा तरीका हमारे युवा बेटे-बेटियों के लिए अधिक से अधिक रोजगार सृजित करना है। इससे न केवल देश की विकास दर बढ़ेगी बल्कि इस महान भूमि के लाखों घरों में ढेर सारी खुशियाँ भी आयेंगी।भारत तभी समृद्ध होगा जब भारतीयों का जीवन सुखी होगा!



## कर्मचारियों के लिए सैलरी हाइक से ज्यादा

# ये चीज है महत्वपूर्ण




एक सर्वे के मुताबिक कंपनियों के रोजगार का मूल्यांकन करने पर देखा गया कि कर्मचारियों के लिए अच्छा वर्क कल्चर, सेलरी हाइक से ज्यादा बड़ा आकर्षण है। जॉबबज.इन द्वारा किए गए सर्वे के मुताबिक 90 प्रतिशत वर्किंग प्रोफेशनल्स ने कहा है कि वे ऐसी कंपनी में ज्यादा बड़ी सेलरी पर भी काम करना पसंद नहीं करेंगे जहां का वर्किंग कल्चर खराब है। इस रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि सीनियर कर्मचारी वह कंपनी चुनते हैं जो कि सक्रिय रूप से अच्छा वर्क कल्चर प्रमोट करती हो लेकिन ऐसा जूनियर लेवल पर नहीं है। सर्वे के मुताबिक 66 प्रतिशत लोगों ने बुरे वर्क कल्चर का दोषी टॉप मैनेजमेंट को माना है। उनके मुताबिक बॉस को 12 प्रतिशत और एचआर को 11 प्रतिशत दोषी माना है। बचे हुए 11 प्रतिशत में उन्होंने साथ काम करने वाले कर्मचारियों को नेगेटिव वर्ककल्चर के लिए जिम्मेदार माना है। सर्वे के मुताबिक 65 प्रतिशत लोग उस कॉर्पोरेट कल्चर को हाइलाइट न करने वाली कंपनी की तुलना में उस कंपनी में काम करना पसंद करेंगे जो सक्रिय रूप से वर्क कल्चर को प्रमोट करती है।

## जानवरों से करते हैं प्यार

# तो करियर होगा बेहतर

वह नौकरी करना ज्यादा महत्वपूर्ण है जिसमें अच्छी सैलरी ही नहीं मिले बल्कि आपका हर दिन एक्साइटमेंट से भरा हो। यह तब ही हो सकता है जब वह जॉब आपकी रुचि का हो। ऐसा ही कुछ एनिमल लवर्स के साथ है। अगर आप जानवरों से विशेष लगाव रखते हैं, उनसे प्यार करते हैं तो आपके लिए यहां भी करियर के कई विकल्प हैं जो आपको आपकी रुचि से जोड़े रहेंगे।



अगर आप जानवरों की दुनिया में करियर बनाना चाहते हैं तो आपको अलग-अलग तरह की स्कूलिंग और ट्रेनिंग लेनी पड़ेगी। लेकिन पहली आपको निश्चित करना होगा कि आप किस क्षेत्र में जाना चाहते हैं और उस मुताबिक आप स्किल्स, सर्टिफकिट्स और एजुकेशन लेकर आप करियर बना सकते हैं।

वेटरनेरीयन बतौर आप खुद का एनिमल हॉस्पिटल, क्लिनिक खोल सकते हैं, किसी बड़ी कंपनी में काम कर सकते हैं। वेटरनेरीयन बनकर आप अच्छी इनकम के साथ अपने समाज में जानवरों के स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए योगदान दे सकते हैं। वाइल्डलाइफ बायोलॉजिस्ट बनना उन लोगों के लिए अच्छा करियर विकल्प है जो जानवरों और विज्ञान दोनों को पसंद करते हैं। ग्रूमर बनने का करियर विकल्प उन लोगों के लिए बेस्ट है जो प्रतिदिन ज्यादा से ज्यादा समय जानवरों को लाड़-प्यार में बिताते हैं। बड़ी कंपनियों में इसमें सैलरी भले ही बहुत ज्यादा न हो लेकिन बिजनेस माइंड के इस क्षेत्र में अच्छा खासा पैसा कमा सकते हैं और खुद की डॉग ग्रूमिंग कंपनी खोल सकते हैं। डॉग ग्रूमर की तरह डॉग वॉकर उनके लिए बनना बेहतर है जो कि खुद का बिजनेस खोलना चाहते हैं। यहां बहुत ज्यादा कंपनियां नहीं है जो कि डॉक वॉकर्स को एम्प्लॉयमेंट देती है लेकिन ऐसे कई पोटेंशियल क्लाइंट्स हैं जो प्रोफेशन को हायर करना पसंद करते हैं। खुद का डॉग वॉकिंग बिजनेस और क्लाइंट बेस तैयार कर आप कई डॉगीज के साथ पूरा दिन भी बिताते हैं। जूलॉजिस्ट बनना उनके लिए बेहतर है जो प्रत्यक्ष रूप से जानवरों के साथ ज्यादा से ज्यादा समय बिताने की इच्छा रखते हैं या उनके बारे में पढ़ना चाहते हैं। कई जूलॉजिस्ट जू में काम करते हैं और जानवरों की पूरी देखभाल की जिम्मेदारी लेते हैं। अन्य जूलॉजिस्ट किसी जानवरी की प्रजाति के बारे में पढ़ते हैं। वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर एक एडवेंचर जॉब हो सकता है जो कि जानवरों और फोटोग्राफी दोनों से खास लगाव रखते हों। वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर को ट्रेवलिंग काफी करनी होती है और अपना खूब समय देना होता है। कई घंटों की मेहनत के बाद कई शॉट्र्स मिलते हैं। वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर बड़े पब्लिकेशन के लिए काम कर सकते हैं। यह जॉब उनके लिए है जो पालतू जानवरों को प्यार करते हैं। यह एन्टरप्रेन्योरशिप से जुडा है। खुद का पेट सिटिंग बिजनेस लेकर आप जानवरों के करीब रहेंगे।

# बीपीओ/केपीओ में करियर की संभावनाएं



बीपीओ (बिजनेस प्रोसेस आउटसोर्सिंग)/केपीओ (नॉलेज प्रोसेस आउटसोर्सिंग) उद्योग ने भारतीय युवाओं के लिए अवसरों के द्वार खोल दिए हैं। यह एक ऐसा क्षेत्र है जिसने न केवल हज़ारों लोगों को नौकरी प्रदान की है बल्कि उन्हें बेहतरीन वेतनमान के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय वातावरण में काम करने का मौका भी प्रदान किया है। ये कम्पनियां भारतीय युवाओं को आकर्षक पैकेज के साथ नौकरी पर रखकर उनसे विभिन्न देशों में बैठे अपने ग्राहकों के लिए कार्य कराती हैं। सरल भाषा में कहें तो एक बीपीओ कंपनी अपने विदेशी ग्राहकों को सेवा प्रदान करने के लिए भारतीय युवाओं को नौकरी पर रखती है।

ये कम्पनियां अपने भारतीय संसाधनों द्वारा डाटा-एंट्री, मेडिकल ट्रान्सक्रिप्शन, कंटेंट राइटिंग, एचआर व वित्तीय सेवा जैसे कार्य कराती हैं। बीपीओ शब्द जहां इस क्षेत्र में होने वाले सभी तरह के व्यवसाओं के लिए प्रयुक्त होता है वहीं केपीओ ज्ञान व सूचना आधारित सेवाओं से जुड़ा होता है व इसके लिए उच्च शिक्षा का होना जरूरी है। केपीओ सेवा के कुछ उदाहरण हैं - कानूनी सेवा, बौद्धिक सम्पदा एवं पेटेंट से जुडी सेवाएं, अभियांत्रिकी सेवाएं, वेब डेवलपमेंट, कैड/कैम अनुप्रयोग, व्यापार अनुसंधान एवं विश्लेषण, कानूनी अनुसन्धान, चिकित्सा अनुसंधान, प्रकाशन और विपणन अनुसंधान (मार्केट रिसर्च केपीओ)। बीपीओ में कार्य करने के लिए आपको बहुत ज़्यादा शिक्षित व अनुभवी होने की आवश्यकता नहीं है। आप स्कूल या कॉलेज की पढ़ाई ख़त्म करने बाद सीधे यहाँ नौकरी पा सकते हैं। यहां चुनौती अपने कार्य में ज्यादा तेज़ एवं प्रोफेशनल होने की है। आपको शिफ्ट में काम करने में दिक्कत नहीं होनी चाहिए। यदि आपमें संवाद क्षमता है तो आप ग्राहक सेवा के क्षेत्र से शुरूआत कर सकते हैं। यदि आप आईटी में तकनीकी रूप से सक्षम हैं तो आप टेक्नीकल सपोर्ट प्रोफेशनल जैसे पदों के लिए आवेदन कर सकते हैं। बीपीओ की अपेक्षा केपीओं में अधिक शिक्षित एवं योग्य व्यक्तिओं की जरुरत होते है। एक बीपीओ में डाटा एंट्री, डाटा प्रोसेसिंग, डिपार्टमेंट आउटसोर्सिंग, टेक्नीकल सपोर्ट एवं ग्राहक सेवा जैसे कार्य किये जाते हैं जबकि केपीओ में अनुसंधान और विकास, वित्तीय सलाह व सेवाएं, आधुनिक वेब एप्लीकेशन, व्यवसायिक और तकनीकी विश्लेषण, लर्निंग सॉल्यूशन, एनीमेशन और डिजाइन, बिजनेस एंड मार्केट रिसर्च, औषधि और जैव तकनीकी, चिकित्सा सेवाएं, राइटिंग एंड कॉन्टेंट डेवेलपमेंट, कानूनी सेवाएं, बौद्धिक सम्पदा अनुसंधान, डाटा विश्लेषण, नेटवर्क मैनेजमेंट तथा प्रशिक्षण एवं सलाह जैसे विशेषज्ञता वाले क्षेत्रों में काम किया जाता है। इसलिए केपीओ में जॉब के लिए आपको क्षेत्र विशेष का ज्ञाता होना चाहिए। ऐसे छात्र जिन्होंने अपनी स्कूल की पढ़ाई पूरी कर ली है तथा पार्ट-टाइम जॉब की तलाश कर रहे हैं, उनके लिए बीपीओ सबसे अच्छा विकल्प है। आप वहां कस्टमर सपोर्ट एग्जीक्यूटिव, टेक्नीकल सपोर्ट एग्जीक्यूटिव अथवा प्रोसेस एग्जीक्यूटिव जैसे पदों पर शुरूआत में अपने जेब-खर्चे के लायक एक अच्छी-खासी सैलेरी प्राप्त कर सकते हैं। कॉलेज के दिनों से ही बीपीओ ज्वाइन करने पर आपको कम उम्र में ही वास्तविक दुनिया की चुनौतियों से निपटने का साहस एवं समझ विकसित हो जाती है।



# इंटरव्यू में इस तरह दें महत्वपूर्ण सवालों के जवाब...

इस सवाल को कहानी की तरह बताने के बजाय इसके शॉर्ट और क्रिस्प रखें। इंटरव्यूअर को अपनी स्ट्रेंथ, अचीवमेंटग्स और स्किल्स के बारे में बताएं। इससे इंटरव्यूअर को पता चलेगा कि किस तरह से आप कंपनी के लिए फायदेमंद साबित होंगे।

### आप नौकरी क्यों बदलना चाहते हैं ?

हर एम्प्लॉयर जानना चाहता है कि कैंडिडेट ने अपनी पिछली नौकरी किन कारणों से छोड़ी थी। इस सवाल का सबसे बेहतर जवाब आप अपने भविष्य पर फोकस्ड होकर दे सकते हैं। अपने पिछली कंपनी के बारे में निगेटिव बोलने की बजाए उसकी पॉजिटिव साइड को हाइलाइट करें और अपने एम्प्लॉयर की कोई निगेटिव इमेज सामने न रखें।

### अपनी स्ट्रेंथ को किस तरह परिभाषित करेंगे?

यह सवाल कैंडिडेट्स के लिए अवसर होता है कि वह इंटरव्यूअर के सामने अपना बेस्ट साइड रख सकें। इस सवाल से इंटरव्यूअर जानना चाहता है कि आप उनकी कंपनी के लिए किस तरह रिलिवेंट एम्प्लॉई साबित होंगे। इसलिए इस सवाल का जवाब बहुत ध्यान से दें और अपनी एक्चुअल स्ट्रेंथ और स्किल्स को शोकेस करें।

### आपका 5 साल बाद का करियर ग्राफ ?

इस सवाल से इंटरव्यूअर आपको भविष्य के लिए वास्तविक उम्मीदों के बारे में जानना चाहता है। अच्छा होगा कि आप इस सवाल का जवाब अपनी करियर ग्रोथ को सामने रखकर दें। इंटरव्यूअर को आप अपने करियर के लिए मोटिवेटेड और फोकस्ड लगने चाहिए।

### आप क्या सैलरी एक्सपेक्ट करते हैं ?

इस सवाल से एम्प्लॉयर आपकी प्रायोरिटीज के बारे में जानना चाहता है, वहीं दूसरी तरफ, इस सवाल का जवाब देते वक्त बेहतर होगा कि आप एम्प्लॉयर को अपनी जरूरतों का एक रीजनेबल आइडिया दे दें। अगर आप अपनी स्किल्स को लेकर श्योर हैं तो इस सवाल में किसी तरह का समझौता न करें।



# हेल्थ प्लस

## लाल अंगूर खाने से दिल की बिमारियाँ कम होती हैं

**स्पेनिश** वैज्ञानिकों ने दावा किया है कि लाल अंगूर खाने से रक्तचाप कम होता है, कोलेस्ट्रोल घटता है और दिल की बिमारियाँ कम होती हैं।

मेड्रिड विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने अपनी जाँच मे पाया कि लाल अंगूर के छिलके और अंदर के गुदे में मौजूद फाइबर से तथा एंडिओक्सिड से दिल की बिमारियाँ कम हो सकती है।

वैज्ञानिकों ने कुछ स्वयंसेवकों के उपर इसका शोध का परीक्षण किया। इस परीक्षण से पता चला कि इन स्वयंसेवकों के शरीर में मौजूद कोलेस्ट्रोल 14 प्रतिशत तक कम हो गया।

इन वैज्ञानिकों का कहना है कि हमें दिन में कम से कम 30 ग्राम लाल अंगूर खाना चाहिए। यह स्वास्थ्य वर्धक



है और दिल की बिमारियों को होने से रोकता है।

## गर्भावस्था के दौरान होने वाली तकलीफे

**गर्भावस्था** के दौरान महिलाएं विभिन्न शारीरिक तथा मानसिक समस्याओं से गुजरती है। इन्हे दूर करने के लिए चिकित्सक की सलाह लेनी चाहिए। गर्भावस्था को समान्यरूप से तीन चरणों में बाँटा जा सकता है। पहला चरण 1 से 12 सप्ताह का, दूसरा चरण 13 से 28 सप्ताह का तथा तीसरा चरण 29 से 40 सप्ताह का।

**प्रथम चरण में होने वाली तकलीफे**

- उबकाइयाँ आना, घबराहट होना, खाने में अरूची तथा उल्टियाँ होना।



- अतिशय उल्टियाँ होने के कारण निम्न हो सकते है : जुड़वाँ बालक होना, खून का ऊँचा दबाव, असामान्य गर्भ, पीलिया, एसिडिटी, मधुप्रमेह तथा मूत्र पिण्ड की कोई तकलीफ।
- योनिमार्ग से रक्तस्त्राव होना, यह लाल रंग का भी हो सकता है, तो गहरा कत्थई भी। इस स्थिति में गर्भ सुरक्षित हो सकता है, तो गर्भपात भी हो सकता है।

**गर्भावस्था के दूसरे चरण में होने वाली तकलीफे**

- डकारें आना, घबराहट होना, वायु तथा एसिडिटी बनना।
- गर्भावस्था के दौरान होने वाले अंत:स्त्राव के कारण कुछ जोड़ व स्नायु ढिले होते है, इसके कारण कमर दर्द, पैर खीचना, चलने में तथा करवट बदलने में तकलीफ होना।
- सरदर्द तथा कब्ज होना तथा मस्से से खून गिरना
- नींद न आना, विचारों का उमड़ना, चिड़चिड़ापन, मूड बदलना, याददाश्त कमजोर होना।
- स्तनों से चिकना द्रव्य निकलना तथा स्तन भारी होना तथा उसके कारण दर्द होना।
- मुँह, योनि तथा बगल में संक्रमण लगना।

**गर्भावस्था के तीसरे चरण में होने वाली तकलीफे**

- नींद न आना। इसके कारणों में गर्भाशय का बढ़ना, डकारें, उबकाईयाँ, प्रसूति सम्बन्धी चिंताएं शामिल है।
- चमड़ी सम्बन्धी तकलीफे होना, गर्भाशय के बढ़ने से चमड़ी व स्नायु खींचते है जिससे पेट व स्तनो पर धारियाँ बन जाती है।
- खून का दबाव बढ़ना, पैरों में सूजन आना, पेशाब में प्रोटीन जाना वगेरे समस्याजनक हो सकते है।
- योनिमर्ग से द्रव्य गिरना। यह दुर्गंधयुक्त हो तो संक्रमण को दर्शाता है, अगर प्रवाही पतला पेशाब जैसा हो तो वह गर्भजल भी हो सकता है। चिकित्सक की सलाह लें।
- बालक असामान्य अवस्था में रहना। 36 - 37 सप्ताह तक बालक उल्टा नहीं होता है तथा टेढी मेढी अवस्था में रहता है तो शल्य-चिकित्सा द्वारा प्रसूति करवानी पड़ती है।

## रसोई में छिपा सेहत का खजाना

**गुणकारी हींग**

- दिल से जुड़ी बीमारियों में आराम पाने के लिए चुटकी भर हींग 1 बड़े मुनक्के के साथ रोज सुबह खाएं। हृदय से जुड़ी बीमारियों में आराम मिलता है।
- पेट की गैस की समस्या होने पर पके केले में चुटकी भर हींग मिला कर खाएं।
- पेट में दर्द होने पर 1 कप गर्म पानी में 1 छोटा चम्मच हींग घोल लें और नरम कपड़े को उसमें भिगो कर पेट की सिंकाई करें।

**अनार के छिलके**

- आधा छोटा चम्मच दालचीनी और 2 छोटे चम्मच शहद 1 कप अनार के रस में मिला कर पीने से खून की कमी जाती रहती है।
- अनार के छिलकों को सुखा कर बारीक पीस लें। इस पाउडर को गुनगुने सरसों के तेल में मिला कर छालों पर लगाने से राहत मिलती है।
- अनाक के छिलकों को पीस कर उसका लेप लगाने से घाव जल्दी ठीक होता है।

## स्वस्थ रहने के लिए टिप्स

स्वस्थ रहना सबको भता है पर स्वस्थ रहना आसान नहीं है। स्वस्थ रहना है तो इन्हें अपनाएं और स्वस्थ रहें।

- उम्र के अनुसार अन्न का सेवन करें-
- नाश्ता अवश्य करें पर ध्यान रखें कि नाश्ते में अन्न की मात्रा अधिक न लें।
- टी.वी. देखते और पढ़ते समय भोजन न करें। न ही बातें करते हुए भोजन करें।
- बीमार होने पर भोजन में संयम बरतें।
- लम्बी आयु पाने के लिए भूख से कम भोजन खाएं। एक ही समय में अधिक न खाएं।
- तीन बार मुख्य भोजन लें और दो बार हल्का नाश्ता लें।
- सुबह और रात के खाने में विभिन्नता रखें।
- बासी खाना न खाएं। थोड़ा खाएं पर ताजा खाएं।
- चाहे घर हो या बाहर, मर्यादा में रहकर खाएं।
- खाना खाते समय मन में किसी प्रकार के बुरे विचार न रखें। प्रसन्न मन से भोजन करें।
- एक ही समय अधिक चीजों का सेवन न करें। भोजन में तले हुए भोज्य पदार्थों का सेवन कम से कम करें।
- भोजन चबा-चबा कर खाएं। शीघ्र भोजन न खाएं, न ही अधिक चटखारे लेकर खाएं।
- भोजन से एकदम पहले और एकदम बाद पानी न पीएं।

## क्या दिन में आठ ग्लास पानी पीना आवश्यक है ?

### कोई जरूरी नहीं कि हमें दिन में 8 ग्लास पानी पीना ही चाहिए

**एक** पुरानी मान्यता के अनुसार हमें दिन में आठ ग्लास पानी पीना चाहिए। इस बात पर अमूमन हर कोई यकीन करता है, लेकिन बहुत कम इसके पीछे कितनी सच्चाई है यह जानने की कोशिश करते हैं।

यकीकत यह कि यह कोई जरूरी नहीं कि हमें दिन में 8 ग्लास पानी पीना ही चाहिए। शरीर के लिए पानी बहुत आवश्यक होता है यह सच है। लेकिन शरीर पानी की जरूरत को कई अन्य स्रोतों से भी पूरा करता है। जैसे कि फल, सब्जी, वातावरण, चाय अथवा कॉफी इत्यादि।

तो शरीर को नमी प्रदान करने के लिए पानी पीना ही एकमात्र विकल्प नहीं होता है। इसके अलावा पानी की जरूरत मौसम के हिसाब से बदलती भी है। बरसाती माहौल में आप कम पानी पीते हैं, क्योंकि वातावरण मे मौजूद नमी बाकी की जरूरत को पूरा कर देती है।

तो आपको पानी कब पीना चाहिए? जाहिर है, जब प्यास लगी हो। इसके अलावा अपने मूत्र के रंग को भी ध्यान मे रख सकते हैं। सामान्य स्थिति मे यह सफेद या हल्का पीला होना चाहिए। गहरा पीला हो रहा है तो इसका एक कारण यह भी हो सकता है कि आप कम पानी पी रहे हों।



## नजला-जुकाम के उपचार

**सर्दी** लग जाने, शरीर में बने मल, मूत्र, पसीना, कफ आदि की सफाई न हो सकने, किसी चिंता में रहने धूल-मिट्टी में जाने, अधिक शराब आदि पीने, कब्ज के ठीक न होने, गलत खान-पान से, पानी में भीग जाने आदि से जुकाम हो जाता है।

**घरेलू उपचार**- नजला या जुकाम को साधारण रोग तो मानते हैं मगर जब यह बार-बार होने लगता है, बिगड़ जाता है तो सांस के रोग, दमा आदि का जन्मदाता भी बन जाता है। टी.बी. जैसे रोग का भी कारण बनता है अत: उपचार जरूरी है।

**सावधानियां**- 1. रात को देर तक नहीं जागें। प्रात: जल्दी बिस्तर त्यागें।

2. कब्ज की शिकायत न होने दें। अधिक तरल खाएं।

3. एकदम सर्दी में न निकलें। गर्म-सर्द न हों।

4. पूरा आराम किया करें। हर समय की भाग-दौड़ बंद करें।

5. भारी, तला हुआ तेल व मसालों वाले भोजन न खाएं।

**उपचार**- निम्नलिखित कुछ उपचार करें-

**कपूर की पोटली**- यदि नजला जुकाम का रोगी कपूर की पोटली दिन में कई बार सूंघ ले तो आराम मिलेगा।

**लौंग का तेल**- इस रोग को शांत करने के लिए लौंग का तेल सूंघें अथवा दो-तीन बूंदें नाक में डालें।

**दूध व हल्दी**- एक गिलास दूध में एक चम्मच हल्दी मिलाएं। इसे अच्छी प्रकार उबालें व रोगी को पिलाएं। कुछ दिन नियमित पिलाते रहें।

**काढ़ा तैयार करें**- ग्रीन टी 2 चम्मच, 7 दाने काली मिर्च, 11 पत्तियां तुलसी की, दो लौंग, अंदाज से दाल चीनी तथा तेजपत्ता इन सबको एक गिलास पानी में खूब उबालें। जब एक चौथाई रह जाए तो उतार लें।

एक गिलास दूध में इस काढ़े का एक तिहाई डालें, फिर उबालें। रोगी इसे गर्म चाय की तरह पीता जाए। इसमें जरूरत के अनुसार शक्कर भी डाल लें।

**बादाम तथा मुनक्के**- रात को एक गिलास पानी में चार गिरी-बादाम, 11 मुनक्के डालें। रात भर पड़ा रहने दें। प्रात: इन बादामों व मुनक्के को पिसी काली मिर्च के साथ रोगी खा ले। पांच दिनों तक बिना नागा इसे खाएं, आराम रहेगा।

**काली मिर्च**- नजला-जुकाम से बचने या इसे ठीक करने के लिए काली मिर्च के पांच दाने गर्म पानी के साथ चबा कर निगल जाएं।

**अजवायन**- अजवायन को तवे पर भूनें। पोटली बनाकर सूंघें। काफी आराम मिलेगा। चार दिन लगातार इस उपचार को करें।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कर भला तो हो भला वाली कहावत याद रखें। किसी को हानी पंहुचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-5-6-8

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-6-7-8

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): शनै:-शनै: स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। शुभांक-2-6-9

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्त्वपूर्ण कार्यों को आज ही निबटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। इच्छित कार्य सफल होंगें। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-6-7-9

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। यात्रा का परिणाम मिल जाएगा। शुभांक-4-6-7

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): अपने काम पर पैनी नजर रखिए। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। शुभांक-4-6-8

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नही गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-1-5-7

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पुराने मित्र से मिलन होगा। अपने हित के काम सुबह-सबेरे निपटा लें। शुभांक-5-6-8


**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। समय पक्ष का बना रहेगा। शुभांक-2-6-8

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जीवन साथी अथवा यार दोस्तों के साथ सांझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। शुभांक-5-6-9

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मित्र से मिलन होगा। शुभांक-3-8-9


**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। शुभांक-3-5-6

## काकुरो पहेली - 2559




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए.किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:




**काकुरो - 2558 का हल**



## लॉफिंग ज़ोन

प्रेमी नेता सभा के पश्चात अपनी प्रेमिका पर बरस पड़े - तुमने मुझे इतना लंबा भाषण क्यों लिखाकर दिया था? भाषण के बीच कई बार तो बहुत हूटिंग हुई.

प्रेमिका ने माफी मांगते हुए कहा - भाषण ज्यादा नहीं था. हां.. इतनी गलती मुझसे जरूर हो गई कि मैंने भाषण की चारों कापियां तुम्हें थमा दी थी.

☺ ☺ ☺

पागलखाने का दौरा करने आये मंत्री जी से पागलो का परिचय कराते हुए निरीक्षक ने कहा - ये है उमेश, यह सुरेश और यह है बेचारा मुकेश.

मंत्री जी ने बीच में ही टोक कर पूछा - बेचारा मुकेश, तुमने इसे बेचारा क्यों कहा?

निरीक्षक ने मुंह बिचका कर जवाब दिया- दरअसल साहब यह अकेला ऐसा व्यक्ति है, जो विवाह से पहले ही पागल हो गया.

☺ ☺ ☺

वकील - जब इन दोनों पति-पत्नी में लड़ाई हो रही थी, तो क्या तुम वहां मौजूद थे?


गवाह - जी हां.

वकील - तो तुम्हें कुछ कहना है?

गवाह - यही कि मैं कभी शादी नहीं करूंगा

☺ ☺ ☺

## फिल्म वर्ग पहेली - 2559




**बायें से दायें:-**

१. सलमान, आयशा की 'बैठा नीली झील किनारे' गीत वाली फिल्म-३
३. 'और हम तुम' गीत वाली नाना पाटेकर, माधुरी की फिल्म-३
६. जीतेंद्र, रीना, रामेश्वरी की 'तूने मुझे बुलाया' गीत वाली फिल्म-२
७. 'जब भी ये दिल उदास' गीत वाली राकेश रोशन, सिम्मी की फिल्म-२
८. 'आज नाचूं ऐसे' गीत वाली आशा पारेख, सुनील दत्त की फिल्म-२
९. फिल्म 'कसक' की नायिका कौन थी-३
१२. 'शहर की लड़की' गीत वाली फिल्म-३
१४. अमिताभ, परवीन की 'अंग्रेजी में कहते हैं' गीत वाली फिल्म-३
१७. 'घर आजा परदेसी' गीत वाली सनी देओल, अमीषा की फिल्म-३
१८. हिंदी फिल्मों का पहला 'ही-मैन' किसे कहा जाता है-४
२०. 'छुपा रूस्तम' में नायिका कौन -२
२१. फिल्म 'अंत' में नायिका कौन थी-२
२२. अजय देवगन, ट्विंकल की 'मेरे सीने में तेरा' गीत वाली फिल्म-२
२३. 'दर्दे दिल दर्दे जिगर' गीत वाली फिल्म-२
२४.'चाइना टाउन' के संगीतकार कौन-२
२६. 'कभी खुशी कभी गम' में अमिताभ की पत्नी की भूमिका किसने की है-२
२७. 'फूल और कांटे' में अजय देवगन के साथ नायिका कौन थी-२
२८. 'नी मैं यार मनाना नी' गीत वाली राजेश, राखी, शर्मिला की फिल्म-२
३०. राजकुमार, राजेश, माला की 'गुस्सा इतना हसीन' गीत वाली फिल्म-३
३१. 'सारे मोहल्ले में हल्ला' गीत वाली फिल्म-२
३३. 'मनोरंजन' में शम्मी व संजीव कुमार के साथ नायिका कौन थी-३
३४. 'सजना साथ निभाना' गीत वाली फिल्म-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. फिरोज खान, जीनत की 'हम तुम्हें चाहते हैं' गीत वाली फिल्म-३
२. 'कभी-कभी' में ऋषि की नायिका -३
४. 'बंदिश' में जैकी की नायिका-२
५. ऋषिकपूर, अरबाज, जूही की 'ऐसे मिली निगाहें' गीत वाली फिल्म-३
६. 'ओ मेरे ढोलना' गीत वाली बॉबी देओल, करिश्मा की फिल्म-३
१०. 'मोहे छेड़ो ना' गीत वाली फिल्म-२
११. 'दिल मेरा कहता है' गीत वाली सुनील, हरीश, सोनाली की फिल्म-३
१३. सनी, संजय, रवीना, दिव्या की 'दिल ना किसी का' गीत वाली फिल्म-३
१४. 'मय से मीना से ना' गीतवाली फिल्म-४
१५. 'कसम से तेरी आँखें' गीतवाली फिल्म-४
१६. 'जिस दिल में बसा था' गीत वाली प्रदीपकुमार, कल्पना की फिल्म-३
१८. अमिताभ, विनोद, सायरा की 'तुम भी चलो' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'फूल माँगू ना बहार' गीत वाली संजयकपूर, माधुरी की फिल्म-२
२३. 'उधर से जो तुमको मिले फुरसत' गीत वाली फिल्म-४
२५. 'देखो देखो जी, ये है मेरी' गीत वाली जीतेंद्र, लीना की फिल्म-३
२७ रंजन, चित्रा, जयश्री की 'दिल लूटने वाले जादूगर' गीत वाली फिल्म-३
२९.'तदबीर से बिगड़ी हुई' गीतवाली फिल्म-२
३१. गोविंदा, जूही की 'आ जाना जरा' गीत वाली फिल्म-२
३२. 'माई हार्ट इज बीटिंग' गीतवाली फिल्म-२

**फिल्म वर्ग पहेली - 2558**



## सूडोकु -2559


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 6 | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 2 | | | | 9 | | 7 | |
| 4 | | | 1 | 6 | | | | 2 |
| | | 8 | | | 2 | | 3 | |
| 1 | | 4 | | | | 2 | | 5 |
| | 3 | | 5 | | | 8 | | |
| 7 | | | | 9 | 5 | | | 3 |
| | 8 | | 6 | | | | 4 | |
| 6 | | 2 | | 7 | | 5 | | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु -2558 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |

## शब्द पहेली - 2559



**बाएँ से दाएँ**

1.सुरक्षित-4
4.माहुर,आलता-4
7.कार्य,काज-2
8.रांझे की प्रेमिका-2
9.स्याही,कालिख-2
10.भूमि,धरा-2
12.ठाठ-बाट-2
14.अधर,होठ-2
16.विशाल,श्रेष्ठ-3
18.आदेश,आज्ञा-4
20.कृष्ण भक्त एक मुस्लिम कवि-4
23.काका की पत्नी-2
24.कामदेव की पत्नी-2
25.जनवासा,हरम-4
28.हमसफर-4
30.कपड़े धोने वाला-3
33.आनंद,मौज-2
35.संदेह-2
37.सरूर,खुमार-2
39.मृत्यु का देवता-2
41.पुण्य का विलोम-2
42.परछाई,छाया-2
43.शिव,रुद्र,शंकर-4
44.सराबोर,सना हुआ-4

**ऊपर से नीचे**

1.समान,एक जैसा-2
2.बारीक-3
3.भीगा हुआ-2
4.मेरा (संस्कृत-2)
5.पाना,प्राप्त-3
6.घोड़ागाड़ी,गाड़ी-2
7. कहवा-2
11.उद्देश्य-2
12.गजल लिखनेवाला-3
13.उस जगह-2
15.बारिश,वर्षा-3
16.जी,चित-2
17.मर्द,आदमी-2
18.दरवेश-3
19.मध्य प्रदेश का एक क्षेत्र-3
21.साजन,प्रेमी-3
22.मुलायम-3
26.कायदा,कानून-3
27.महोदय (अंग्रेजी)-2
28.अधिकार-2
29.खटखटाना-3
31.जगत,दुनिया-2
32.प्राण,जीव-2
34.स्वाद-3
35.प्रतिज्ञा-3
36.शरीर,तन-2
38.संध्या,सांझ-2
40.अपशिष्ट पदार्थ-2
41.मस्तूल,नौका पर बांधा जाने वाला कपड़ा-2
42.संग,संगत-2

**शब्द पहेली -2558 का हल**



## नीतीश कुमार को कुछ पता नहीं रहता है : तेजस्वी यादव

**पटना ।** बिहार की कानून व्यवस्था को लेकर विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने शनिवार को नीतीश कुमार सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि सरकार का इक़बाल खत्म हो गया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को कुछ अता-पता नहीं रहता है, जो अधिकारी कहते हैं, वही सुनते हैं। तेजस्वी यादव ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि बिहार में अपराध की घटनाएं बढ़ी हैं। इसमें सरकार का इकबाल खत्म हो गया। जो अधिकारी बोलते हैं, वही वे सुनते हैं। कानून व्यवस्था बहुत जरूरी है। जब तक कानून व्यवस्था की स्थिति अच्छी नहीं रहेगी, तब तक कोई काम नहीं होगा। इस कारण ज्यादा जरूरी है कि कानून व्यवस्था की स्थिति ठीक की जाए। उन्होंने नीतीश कुमार को थका हुआ मुख्यमंत्री बताते हुए कहा कि उनसे अब बिहार संभल नहीं रहा है, गृह मंत्रालय संभल नहीं रहा है तो स्वाभाविक है कि अपराधियों में कोई खौफ नहीं रह गया है। मुख्यमंत्री कहते हैं कि हम ना तो किसी को बचाते हैं और ना ही किसी को फंसाते हैं। लेकिन, चुनाव में जिसकी जरूरत पड़ती है, उसे जेल से बाहर निकलवा लेते हैं और फिर अंदर करवा देते हैं। उन्होंने कहा कि जब तक मुख्यमंत्री सही चीजों को देखेंगे नहीं, लोगों से मिलेंगे नहीं, कानून व्यवस्था कैसे सामान्य होगी। तेजस्वी ने कहा, बिहार में पुलिस की संख्या कम है। पुलिस की संख्या नहीं बढ़ाएंगे, उन्हें आधुनिक संसाधनों से लैस नहीं करेंगे, जब तक उन्हें अपराधियों से लड़ने के लिए तैयार नहीं करेंगे, तब तक कुछ होना मुश्किल है।

## जम्मू-कश्मीर, हरियाणा में कांग्रेस बनाएगी सरकार, भाजपा का चेहरा होगा बेनकाबः आलोक शर्मा

**नई दिल्ली ।** जम्मू-कश्मीर और हरियाणा में विधानसभा चुनाव की घोषणा के बाद सभी दल एक्शन मोड में आ गए हैं। आईएएनएस से खास बातचीत में कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता आलोक शर्मा ने कहा कि चाहे हरियाणा हो या दिल्ली, जो इंडिया गठबंधन था वह कांग्रेस का गठबंधन नहीं था। शुरुआत नीतीश कुमार जी ने की थी, हालांकि बाद में वह अलग हो गए। वह किस दबाव में गए, यह तो वही ज्यादा बेहतर बता सकते हैं। जहां तक दिल्ली और हरियाणा की बात है। कांग्रेस पार्टी अकेले दम पर चुनाव लड़ेगी। इस बार दिल्ली में चौंकाने वाले नतीजे सामने आएंगे। हमारे बगैर किसी की सरकार नहीं बनेगी। इस बार दिल्ली से केजरीवाल का जो घड़ा है, वह फूट जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि मेरा मानना ??है कि चाहे जम्मू-कश्मीर हो या हरियाणा, कांग्रेस पार्टी अपने दम पर सरकार बनाएगी। बीजेपी डरी हुई है। देश और जम्मू-कश्मीर के लोग जानना चाहते हैं कि डॉ. मनमोहन सिंह की सरकार के दौरान जिन 5,000 कश्मीरी पंडितों को नौकरी दी गई थी, उनमें से कितने आज भी घाटी में हैं। हरियाणा में हम दो तिहाई बहुमत से ज्यादा सीटें जीत रहे हैं। वहीं जम्मू-कश्मीर में हमारी सरकार बनने जा रही है। इसका जीता जागता उदाहरण लेह लद्दाख डेवलपमेंट काउंसिल है जहां हमने 22 में से 18 सीटें हमने जीती। वहां से हमारा सांसद भी जीत कर आया है। उन्होंने आगे कहा कि हमारा मानना है कि सीबीआई, इनकम टैक्स तमाम जो एजेंसियां हैं, उनका दुरुपयोग हो रहा है।

## बिना किसी व्यवधान के होगा जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव, लोकतंत्र होगा कायम : गुलाम अली खटाना

**श्रीनगर ।** चुनाव आयोग ने जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव का ऐलान कर दिया है। जिसको लेकर भाजपा एक्शन मोड में है।जम्मू-कश्मीर के गुर्जर मुस्लिम नेता और भाजपा के राज्यसभा सांसद गुलाम अली खटाना ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी लोकतंत्र में विश्वास करती है और दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है। प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने विभिन्न प्लेटफार्मों पर कहा है कि वे जम्मू-कश्मीर में लोकतंत्र को कायम रखेंगे। महत्वपूर्ण बात यह है कि इस बार का चुनाव बिना किसी व्यवधान के होने जा रहा है। आज जम्मू-कश्मीर में शांति व्यवस्था कायम है और हम लोगों का भरोसा जीतने में लगे हुए हैं। कांग्रेस पार्टी पर करारा हमला बोलते हुए गुलाम अली खटाना ने कहा, कांग्रेस कहती कुछ है और करती कुछ और। उन्होंने एक नासूर बनाया था। लोगों को डराओ, दबाओ और लाशों पर हुकूमत करो, जबकि भारतीय जनता पार्टी जम्मू कश्मीर में तरक्की की बात करती है। उन्होंने डर पैदा कर लोगों को दबाकर एक घाव बनाया है। कांग्रेस पार्टी ने यहां जाति और धर्म की राजनीति कर इसे पिछड़ा रखने का काम किया। मुझे उम्मीद है कि विधानसभा चुनाव में जनता इन्हें सबक सिखाएगी।

## स्पीकर देवनानी ने राज्यपाल बागडे को दी जन्म दिवस की बधाई



**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने शनिवार को प्रातः दूरभाष से बात करके राज्यपाल हरिभाऊ किशनराव बागडे को जन्म दिवस की बधाई दी है। देवनानी ने राज्यपाल को सुदीर्घ एवं स्वस्थ जीवन के लिए शुभकामनाएं भी दी।

# बेईमान, अपराधी और अराजकता बढ़ाने वालों को छूट नहीं दी जाएगी : मुख्यमंत्री योगी

**एजेंसी**

**अंबेडकर नगर ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को अंबेडकर नगर कटेहरी स्थित देव इंद्रावती महाविद्यालय में आयोजित जनपद स्तरीय वृहद रोजगार एवं ऋण मेले में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि राज्य में होने वाली पुलिस भर्ती में 20 प्रतिशत बेटियों को भी नियुक्ति दी जाएगी। वे प्रदेश की सड़कों पर उतरकर शोहदों का सही इलाज करेंगी।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में होने वाली पुलिस भर्ती में 20 प्रतिशत बेटियों को भी नियुक्ति दी जाएगी। युवाओं के भविष्य के साथ किसी को भी खिलवाड़ करने की इजाजत नहीं दी जाएगी। वो समय गया, जब प्रदेश में चाचा-भतीजा की गैंग वसूली करने निकलती थी। अब तो जो भी ऐसा करेगा, उनकी संपत्ति जब्त कराकर जरूरतमंद में बंटवा दी जाएगी।

सीएम योगी ने कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि श्रावण मास में मुझे श्रवण की इस पावन स्थली पर युवाओं के साथ संवाद का अवसर प्राप्त हुआ है। इस पावन धरा को नमन करते हुए यहां के अन्नदाता किसानों समेत सभी नागरिकों का अभिवादन करता हूं। उन्होंने कहा कि रोजगार मेले में 46 कंपनियों के स्टॉल को



देखा, महिला स्वयंसेवियों की कार्यप्रणाली देखी और उद्यमियों के प्रयास देखे।

अब, संतोष हो रहा है कि कभी आपराधिक व अराजक तत्वों समेत माफिया के लिए कुख्यात अंबेडकरनगर आज छवि बदल चुका है। यहां नए उद्योग आ रहे हैं, युवाओं को रोजगार के अवसर मिल रहे हैं। आज हमारा अंबेडकरनगर किसी मायने में कम नहीं है।उन्होंने कहा कि अंबेडकर नगर अयोध्या धाम की परिवर्तन यात्रा का न केवल साक्षी है बल्कि लाभ भी पा रहा है। अंबेडकर नगर से पूर्वांचल व गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे होकर गुजर रहे हैं। यहां हम औद्योगिक गलियारा भी बना रहे हैं। दोनों एक्सप्रेसवे के किनारे औद्योगिक टाउनशिप भी बनाएंगे। इससे युवाओं को उनके जनपद में ही रोजगार प्राप्त होंगे। फरवरी 2023 में आयोजित सबसे बड़े इन्वेस्टर समिट में 40 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए, जो कि प्रदेश के 1.35 करोड़ युवाओं को रोजगार के अवसर की गारंटी है। अंबेडकर नगर में भी इन्वेस्टर समिट के माध्यम से 6,000 करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जो धरातल पर उतर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि मौजूदा कार्यक्रम में 46 कंपनियां हिस्सा ले रही हैं, जो कि जनपद के 21 हजार युवाओं को रोजगार देंगी और उनके प्लेसमेंट के लिए प्रतिबद्ध हैं। रक्षाबंधन की सभी जनपदवासियों को अग्रिम शुभकामनाएं देता हूं। इस अवसर पर सभी बहन-बेटियों को परिवहन निगम की बसों में फ्री यात्रा की सुविधा प्राप्त होगी। वहीं, 26 और 27 अगस्त को 'परित्राणाय साधूनाम् विनाशाय च दुष्कृताम्' का उद्घोष करने वाले लीलाधर श्रीकृष्ण की जन्माष्टमी का भी अवसर है। प्रदेश में किसी बेईमान, अपराधी और अराजकता को बढ़ावा देने वाले तत्वों को छूट नहीं दी जाएगी।

कार्यक्रम में कुल 2,500 युवाओं को प्रशस्ति पत्र, 5,100 छात्र-छात्राओं को टैबलेट और कुल 211 करोड़ रुपए के ऋण का वितरण किया गया।

## देहरादून में निकली टपकेश्वर महादेव की भव्य शोभायात्रा, सीएम धामी ने की पूजा-अर्चना

**एजेंसी**

**देहरादून ।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को देहरादून के सहारनपुर



चौक में आयोजित टपकेश्वर महादेव की भव्य शोभायात्रा में हिस्सा लिया। इस दौरान मुख्यमंत्री धामी, टपकेश्वर महादेव मंदिर के महंत कृष्णा गिरी महाराज और महंत दिगंबर भरत गिरी महाराज ने पूजा-अर्चना कर शोभायात्रा का शुभारंभ किया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर तस्वीरों को शेयर किया। उन्होंने लिखा- ÷देहरादून में टपकेश्वर महादेव की भव्य शोभायात्रा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर देवाधिदेव महादेव की पूजा-अर्चना कर बाबा भोले से समस्त प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की। शोभा यात्रा में दिखे लोक संस्कृति के विभिन्न रंग हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और लोककला का अप्रतिम उदाहरण प्रस्तुत करते हैं। शोभायात्रा के मद्देनजर उत्तराखंड पुलिस ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए। इससे पहले पुलिस ने शोभायात्रा को लेकर पुलिस ने यातायात एडवाइजरी जारी की थी।

टपकेश्वर महादेव की भव्य शोभायात्रा के अवसर पर विधायक खजान दास, टपकेश्वर सेवा दल के अध्यक्ष गोपाल कुमार गुप्ता, महासचिव महेश खंडेलवाल, अनुज गुप्ता समेत कई लोग उपस्थित रहे।

## वाराणसी पहुंचे अखिलेश यादव ने शिक्षक भर्ती में कोर्ट के फैसले का किया स्वागत, उपचुनाव में किया जीत का दावा

**एजेंसी**

**वाराणसी ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव शनिवार को वाराणसी के बाबतपुर एयरपोर्ट पहुंचे। यहां उन्होंने शिक्षक भर्ती मामले पर कोर्ट के फैसले का स्वागत किया। साथ ही आगामी उपचुनाव में अपनी जीत का भी दावा किया।

कन्नौज से सांसद अखिलेश यादव शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी पहुंचे। यहां पर सपा कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने यूपी में 69 हजार शिक्षक भर्ती मामले में कोर्ट के फैसले का स्वागत किया। अखिलेश यादव ने इसे शिक्षक अभ्यर्थियों की संयुक्त जीत बताते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी।उन्होंने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा, 69000 शिक्षक भर्ती भी आखिरकार भाजपाई घपले,



घोटाले और भ्रष्टाचार की शिकार साबित हुई। यही हमारी मांग है कि नए सिरे से न्यायपूर्ण नई सूची बने, जिससे पारदर्शी और निष्पक्ष नियुक्तियां संभव हो सके और प्रदेश में भाजपा काल मे बाधित हुई शिक्षा-व्यवस्था पुनः पटरी पर आ सके। हम नई सूची पर लगातार निगाह रखेंगे और किसी भी अभ्यर्थी के साथ कोई हकमारी या नाइंसाफी न हो, ये सुनिश्चित करवाने में कंधे-से-कंधा मिलाकर अभ्यर्थियों का साथ निभाएंगे। ये अभ्यर्थियों की संयुक्त शक्ति की जीत है। सभी को इस संघर्ष में मिली जीत की बधाई और नव नियुक्तियों की शुभकामनाएं! दरअसल, यूपी में 69 हजार शिक्षक भर्ती का मामला लंबे समय से चल रहा था। इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच ने शुक्रवार को सुनवाई करते हुए इस भर्ती की मेरिट लिस्ट को रद्द कर दिया। साथ ही कोर्ट ने 3 महीने के भीतर नई मेरिट लिस्ट जारी करने का भी आदेश दिया। सपा सांसद अखिलेश यादव ने आगामी यूपी उपचुनावों में अपनी जीत पर भरोसा जताया है। उन्होंने कहा कि उपचुनाव में जनता पीडीए (पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक) को जिताएगी। समाजवादी पार्टी और इंडिया गठबंधन ऐतिहासिक जीत हासिल करेगी। इसके बाद अखिलेश यादव सड़क मार्ग से आजमगढ़ के लिए रवाना हो गए, जहां वो लालगंज में निजी अस्पताल का उद्घाटन करेंगे।

बता दें कि उत्तर प्रदेश में 10 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होने हैं। इसमें करहल, मिल्कीपुर, सीसामऊ, कुंदरकी, गाजियाबाद, फूलपुर, मझवां, कटेहरी, खैर और मीरापुर सीट शामिल है। इनमें से नौ सीटें संसद का चुनाव जीतने के बाद खाली हुई हैं। वहीं कानपुर की सीसामऊ सीट सपा विधायक इरफान सोलंकी को सजा मिलने की बाद से रिक्त है।

## झोटवाड़ा में इंटीग्रेटेड प्लानिंग, मैपिंग और ड्रोन सर्वे से होगा योजनाओं का क्रियान्वयन : कर्नल राज्यवर्धन

**एजेंसी**

**जयपुर।** सूचना प्रौद्योगिकी, उद्योग-वाणिज्य और खेल एवं युवा मामले मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति के बारे में जानकारी ली। झोटवाड़ा से भाजपा विधायक कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र के समग्र विकास के लिए इंटीग्रेटेड प्लानिंग (एकीकृत योजना), मैपिंग, इंस्पेक्शन और ड्रोन सर्वे के तहत कार्य योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने झोटवाड़ा में अधिकारियों के संग सीवरेज लाइन, जल निकासी व्यवस्था व सड़कों के निर्माण एवं मरम्मत समेत कई विकास कार्यों पर सकारात्मक विचार



विमर्श किया। कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहाकि जन आकांक्षाओं को पूर्ण करते हुए झोटवाड़ा के सर्वांगीण विकास के लिए हम सभी प्रतिबद्ध हैं और लगातार अभूतपूर्व विकास कार्य किए जा रहे हैं।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से केन्द्रीय मंत्री रामदास अठावले ने की मुलाकात



**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री रामदास अठावले ने शनिवार को मुख्यमंत्री निवास पर मुलाकात की। शर्मा से अठावले की यह शिटाचार भेंट थी। इस दौरान उनके बीच केन्द्र एवं राज्य सरकार की सामाजिक कल्याण की योजनाओं पर चर्चा हुई।

## दो एयरपोर्ट टर्मिनल समेत पांच नए इन्फास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट को मोदी सरकार ने दी मंजूरी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** केंद्रीय कैबिनेट की ओर से पांच नए इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दी गई है। इन प्रोजेक्टों में बेंगलुरु, ठाणे और पुणे की मेट्रो और बिहार एवं पश्चिम बंगाल में नए एयरपोर्ट टर्मिनल शामिल हैं।

कैबिनेट से बेंगलुरु मेट्रो के फेस-3 प्रोजेक्ट को अनुमति मिल गई है। इसके तहत 44.65 किलोमीटर के दो एलिवेटेड कॉरिडोर बनाए जाएंगे, इसमें 31 स्टेशन होंगे। इसकी अनुमानित लागत 15,611 करोड़ रुपये निर्धारित की गई है।कैबिनेट ने महाराष्ट्र के ठाणे इंटीग्रल रिंग मेट्रो रेल प्रोजेक्ट को अनुमति दे दी है। इसका बजट 12 हजार 200 करोड़ रुपये तय किया



गया है। इसमें 22 स्टेशन होंगे और यह 29 किलोमीटर लंबा होगा। यह प्रोजेक्ट ठाणे के नौपाड़ा, वागले एस्टेट, हीरानंदानी एस्टेट और कोलशेत जैसे अहम इलाकों को जोड़ेगा। महाराष्ट्र के एक अन्य शहर पुणे मेट्रो के फेस-1 प्रोजेक्ट के तहत स्वारगेट से कात्रज की ओर मेट्रो का विस्तार किया जाएगा। इस परियोजना की लागत 2,054.53 करोड़ रुपये है। इसके अलावा कैबिनेट द्वारा पश्चिम बंगाल के बागडोगरा हवाई अड्डे पर नया सिविल एन्क्लेव की मंजूरी दी गई है। इसके तहत प्रस्तावित नया एकीकृत टर्मिनल भवन 70,390 वर्ग मीटर में फैल हुआ होगा। इसकी सालाना क्षमता एक करोड़ यात्रियों को संभालने की होगी। इस परियोजना की लागत करीब 1,549 करोड़ रुपये आएगी।

बिहार के पटना स्थित बिहटा में नया सिविल एन्क्लेव बनाने के प्रस्ताव को कैबिनेट ने मंजूरी दी है। इसमें 1,413 करोड़ रुपये की लागत आएगी। इसके तहत 66,000 वर्ग मीटर में फैला हुआ नया एकीकृत टर्मिनल भवन बनाया जाएगा, जो सालाना 50 लाख यात्रियों को सेवा देगा।

## स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच के लिए सिद्धारमैया मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दें : तेजस्वी सूर्या

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** भाजपा युवा मोर्चा (भाजयुमो) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और लोकसभा सांसद तेजस्वी सूर्या ने कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत द्वारा मुदा घोटाले में राज्य के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया पर मुकदमा चलाने की अनुमति देने का स्वागत करते हुए सीएम से इस्तीफा देने की मांग की है।

भाजपा राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा के साथ पार्टी मुख्यालय में संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए तेजस्वी सूर्या ने कहा कि राज्यपाल द्वारा मुकदमा चलाने की अनुमति देने के बाद यह साफ हो गया है कि जांच एजेंसी अपना काम करेगी। लेकिन, जो एजेंसी सीएम को ही रिपोर्ट करती है, वह सिद्धारमैया के खिलाफ स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच कैसे कर सकती है। यह न्याय का तकाजा है कि स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच के लिए सिद्धारमैया को घोटाले की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए तुरंत मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। तेजस्वी सूर्या ने कहा कि कांग्रेस के नेता कह रहे हैं कि यह राज्यपाल बनाम राज्य सरकार का मसला है। लेकिन, वे कहना चाहेंगे कि यह राज्यपाल बनाम राज्य सरकार का मसला नहीं है बल्कि यह भ्रष्टाचार का बहुत ही गंभीर मामला है और राज्यपाल ने तमाम नियमों और प्रक्रियाओं का पालन करते हुए मुख्यमंत्री पर भ्रष्टाचार के इस मामले में मुकदमा चलाने की अनुमति दी है। उन्होंने कांग्रेस, मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, गांधी परिवार और रॉबर्ट वाड्रा पर भ्रष्टाचार के मसले पर जमकर निशाना साधा। इससे पहले लोकसभा सांसद और पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा कि गांधी परिवार के पदचिन्हों पर चलते हुए कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (मुदा) में चार हजार करोड़ रुपए का मुदा घोटाला किया है।

उन्होंने आरोप लगाया कि इससे पहले गांधी परिवार ने भी नेशनल हेराल्ड मामले में इसी तरह से घोटाला किया था, जो पांच हजार करोड़ रुपए का था, इस मामले में सोनिया गांधी और राहुल गांधी दोनों जमानत पर हैं। उन्होंने कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया पर मुकदमा चलाने की अनुमति देने के लिए राज्यपाल को धन्यवाद कहते हुए कहा कि पहले इस तरह की अनुमति मांगने की फाइल पर गवर्नर बैठ जाया करते थे, मनमोहन सिंह के कार्यकाल में राजनीतिक कारणों से इस तरह के मामलों में मुकदमा चलाने की अनुमति नहीं दी जाती थी, लेकिन, कर्नाटक में मुदा भूमि घोटाले के मामले में मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के खिलाफ राज्यपाल ने मुकदमा चलाने की मंजूरी दी है। इसके लिए राज्यपाल धन्यवाद के पात्र हैं।

उन्होंने बताया कि 2004 में सिद्धारमैया की पत्नी पार्वती के भाई ने लगभग 3.61 एकड़ जमीन केसरी नामक गांव में खरीदी थी। 2005 में पार्वती इसकी मालकिन बनी थी। बाद में मालूम हुआ कि ये लैंड ट्रांसफर डील हो ही नहीं सकता था, क्योंकि ये दलित की भूमि थी। लेकिन, बाद में पता लगा कि मुदा द्वारा सिद्धारमैया की पत्नी पार्वती को इसके बदले 14 प्लॉट दिए जा चुके हैं। पात्रा ने कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के बेंगलुरु पहुंचने पर कटाक्ष किया।

## डीएलएफ मॉल में आया बम से उड़ाने का मेल, पुलिस ने जगह खाली कर जांच की, डीएलफ बोले-मॉक ड्रिल

**एजेंसी**

**नोएडा ।** नोएडा के डीएलएफ मॉल में सुबह अफरा-तफरी का माहौल देखने को मिला। वजह थी कि डीएलएफ मॉल के बाहर बम स्क्वायड, डॉग स्क्वायड, फायर ब्रिगेड के साथ-साथ पुलिस की कई टीमें पहुंच कर लोगों को बाहर कर रही थी। पता चला कि डीएलएफ मॉल के मैनेजमेंट और कस्टमर केयर के मेल आईडी पर एक मेल आया है। जिसमें लिखा था कि मॉल को बम से उड़ा दिया जाएगा।

इसके बाद इसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही थाना सेक्टर 20 पुलिस ने अपने आला अधिकारियों को मामले में सूचित किया और मौके पर सभी टीम पहुंच गई। जानकारी के मुताबिक, डीएलएफ मॉल को ईमेल शनिवार सुबह 9:27 पर मिला था। जिसके बाद सूचना मिलते ही मौके पर बम डिस्पोजल स्क्वाड, डीजीपी स्क्वाड, फायर ब्रिगेड समेत पुलिस की कई टीमें पहुंच गई।



पूरे मॉल को घेर लिया गया और अंदर मौजूद सभी लोगों को बाहर कर दिया गया। इसके बाद मॉल के एक-एक कोने की गहनता से छानबीन और जांच की गई। मॉल को मेल भेजने वाले ने मेल में लिखा था, 'बम इन दी बिल्डिंग', यानी इस मॉल में एक बम लगाया गया है। जिससे कोई भी नहीं बच पाएगा। भागने का कोई रास्ता नहीं है। उसने यह भी लिखा था कि मैं अपनी जिंदगी से नफरत करता हूं। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, लगातार कई घंटे की गहन जांच के बाद मॉल को फिर से खोला गया और उसके बाद लोगों की एंट्री दोबारा उसमें शुरू हुई। लेकिन तब तक आसपास के इलाकों में भी इसको लेकर दहशत बनी रही। नोएडा जोन के डीसीपी राम बदन सिंह ने बताया कि यह एक मॉक ड्रिल था और इसे त्योहारों के मद्देनजर किया गया था। आगे भी इस तरीके की मॉक ड्रिल जारी रहेगी। वहीं, थोड़ी देर बाद इस मामले को लेकर नोएडा के ज्वाइंट सीपी ला एंड ऑर्डर शिवहरी मीणा का कहना है कि इस ईमेल की जांच भी की जा रही है।

# पीड़िता की मां ने पुलिस पर लगाए दबाव बनाने के गंभीर आरोप, कहा- मामले को भटकाने की कोशिश की


**एजेंसी**

**कोलकाता।** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में महिला ट्रेनी डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या के मामले पर लगातार विवाद गहराता जा रहा है। मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर और छात्र सड़क पर उतरकर लगातार विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। वहीं, इस मामले में हर दिन नए चौंकाने वाले खुलासे हो रहे हैं। अब मृतका की महिला ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि पुलिस ने परिवार पर दबाव बनाए रखा था और नौ अगस्त, जिस दिन उनकी बेटी का शव मिला था, उस दिन उन्हें परेशान किया गया। एक न्यूज चैनल को दिए इंटरव्यू में महिला ने कहा कि उन्होंने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को बताया था कि दुष्कर्म और हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया गया नागरिक स्वयंसेवक संजय रॉय मुख्य आरोपी नहीं है। इस अपराध में कोई और भी शामिल है।महिला ने आगे कहा, जबतक बेटी का शव नहीं मिला, तब तक हमें बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ा। उन्होंने हम पर दबाव बनाए रखा। पुलिस ने मेरी बेटी की कार को भी नुकसान पहुंचाने की कोशिश की। मैंने कहा कि मेरी बेटी का निधन हो गया है, कृपया उसकी कार को नुकसान न पहुंचाएं। अपनी बेटी के लिए न्याय मांग रही मां ने कहा, मुख्यमंत्री ने मुझे बताया कि मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। मैंने उनसे कहा कि मैं उस व्यक्ति को मुख्य आरोपी नहीं मानती हूं। अगर इसमें अंदर से कोई शामिल नहीं था तो उसे (रॉय को) कैसे पता चल सकता था कि मेरी बेटी अकेली है। उन्होंने आगे कहा, इस मामले में अंदर से कोई निश्चित रूप से शामिल था। इस पर मुख्यमंत्री ने अपने साथ आए पुलिस अधिकारी की ओर देखा और कहा कि यह मेरा भी सवाल है। बता दें, मुख्यमंत्री ने सोमवार को परिवार से मुलाकात की थी।पीड़िता की मां ने यह भी आरोप लगाया कि पुलिस ने मामले को भटकाने की कोशिश की थी। जब्ती सूची तैयार किए जाने के दौरान उन्हें दवाएं और नुस्खे दिखाए और बताया कि उनकी बेटी बीमार थी।

## नेल्लोर में स्वर्ण भारत ट्रस्ट के कार्यक्रम में शामिल हुए उपराष्ट्रपति

**एजेंसी**

**नेल्लोर।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ शनिवार सुबह जिले के वेंकटचलम स्थित अक्षरा विद्यालय पहुंचे, जहां पूर्व उपराष्ट्रपति मुप्पावरपु वेंकैया नायडू और स्वर्ण भारत ट्रस्ट के प्रबंधक ट्रस्टी दीपा वेंकट ने उनका स्वागत किया। उपराष्ट्रपति ने अक्षरा विद्यालय के बच्चों से मुलाकात की और विद्यालय में प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद लिया। उन्होंने विद्यार्थियों के कला और विज्ञान से जुड़े मॉडलों की प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। उपराष्ट्रपति धनखड़ आज सुबह नेल्लौर जिले के दौरे के लिए हैदराबाद के शमशाबाद हवाई अड्डे पर पहुंचे और यहां से वे एक विशेष हेलीकॉप्टर से रवाना होकर नेल्लोर के पुलिस परेड ग्राउंड पर पहुंचे। इसके बाद से वह सड़क मार्ग से वेंकटचलम स्थित अक्षरा विद्यालय पहुंचे।विद्यालय में पूर्व उपराष्ट्रपति मुप्पावरपु वेंकैया नायडू और स्वर्ण भारत ट्रस्ट के प्रबंधक ट्रस्टी दीपा वेंकट ने उनकी अगवानी की। धनखड़ ने अक्षरा विद्यालय परिसर में स्थापित स्वामी विवेकानन्द और सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित की।उपराष्ट्रपति यहां स्वर्ण भारत ट्रस्ट की ओर से आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लेने पहुंचे थे।



# शरीर से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने का काम करती है कुंजल क्रिया

**क्या आपने कभी कुंजल क्रिया के बारे में कुछ सुना है। अगर नहीं तो यह क्रिया आपके शरीर से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने का काम करती है। आइए जानते हैं कुंजल क्रिया के बारे में और जानते हैं कैसे यह आपकी सेहत पर असर डालती है।**

भारत में योग का चलन आज से नहीं बल्कि सदियों से रहा है। योग महज एक शारीरिक व्यायाम नहीं है। बल्कि यह जीवन को सरल और बेहतर बनाने का एक बेजोड़ तरीका है। आज हम आपको योगा की एक ऐसी ही टेक्निक से रूबरू कराएंगे। जो आपके शरीर से विषाक्त पदार्थों को तो बाहर निकालती ही है। साथ ही आपको कई दूसरे लाभ भी देती है। दरअसल हम बात कर रहे हैं कुंजल क्रिया के बारे में। यह अन्य योगासन से बहुत भिन्न है। ऐसा इसलिए भी क्योंकि इस क्रिया में आपको उल्टी करनी होती है। हां शायद यह आपको थोड़ी अजीब लग सकती है। लेकिन कुंजल क्रिया सही मायने में बहुत ज्यादा फायदेमंद है। आइए जानते हैं इस क्रिया के बारे में।

## क्या है कुंजल क्रिया

कुंजल क्रिया आपके शरीर से अशुद्धियां बाहर निकालने की एक जबरदस्त टेक्निक है। कुंजल क्रिया के बारे में सबसे पहले हठयोग से संबंधी एक प्रदीपिका ग्रंथ में दिया गया था। इस ग्रंथ में ही इसे शरीर की सफाई करने की तकनीक के रूप में बताया गया है। कुंजल क्रिया न केवल आपके शरीर को साफ करती है बल्कि यह आपके मन को भी नियंत्रित करने में भी सहायता प्रदान करती है। इसके अलावा जर्नल ऑफ आयुर्वेद एंड इंटीग्रेटिव मेडिसिन में इसे लेकर एक शोध भी प्रकाशित किया गया है। इसमें बताया गया है कि उल्टी करने के बाद व्यक्ति को खालीपन महसूस होता है और इससे कई शारीरिक लाभ होते हैं। आइए जानते हैं कैसे की जाती है कुंजल क्रिया।

## कैसे होती है कुंजल क्रिया

- इसके लिए आपको कम से कम 6 से 8 गिलास गुनगुने पानी की जरूरत होगी और हर एक लीटर पानी पर एक चम्मच सेंधा नमक या साधारण नमक भी चाहिए होगा।
- अब आपको एक लीटर पानी में एक चम्मच सेंधा नमक मिलाना होगा और कगासन की मुद्रा में बैठना होगा।
- इसके बाद आपको इसी मुद्रा में यह पानी जल्दी से जल्दी पीना होगा और उल्टी करने के लिए थोड़ा आगे झुक कर खड़ा होना होगा।
- जब आपको लगे की पेट खाली हो चुका है तो शवासन की मुद्रा में 30 मिनट के लिए लेट जाएं।
- इस क्रिया में आपको उल्टी तुरंत आ जाती है। ऐसे में अगर यह क्रिया करें तो विशेषज्ञ की निगरानी में ही करें।

## वजन और पाचन के लिए

जब भी आप कुंजल क्रिया करते हैं तो इससे आपके पेट की मांसपेशियां सिकुड़ जाती है और फैट कम हो जाता है। ऐसे में अगर आप फैट या वजन कम करने की कोशिश में लगे हुए हैं तो य क्रिया आपके लिए बहुत फायदेमंद होगी। यह पाचन तंत्र को पूरी तरह स्वस्थ रखने काम काम करती है।


## तनाव और चिंता से राहत

जब आप इस क्रिया को करते हैं तो इससे शरीर में रक्त प्रवाह बेहतर हो जाता है और आपके शरीर के हर हिस्से तक ऑक्सीजन पहुंचने लगता है। इससे आपका हार्ट रेट कम हो जाता है और सांस लेना भी आसान हो जाता है। साथ ही यह ब्लड प्रेशर को भी ठीक करता है। ऐसे में कहा जा सकता है कि कुंजल क्रिया के जरिए तनाव और चिंता को कम किया जा सकता है। ध्यान रहे कि यह क्रिया किसी विशेषज्ञ की

या फिर आपकी आयु 16 साल से कम है तो इस आसन को बिल्कुल ना करें।

## खांसी और सर्दी से राहत

जब आप कुंजल क्रिया करते हैं तो इससे आपके फेफड़ों की मांसपेशियां मजबूत होती है और इनकी सहन शक्ति बढ़ जाती है। साथ ही इसके जरिए आपके फेफड़े भी साफ हो जाते हैं और आपके लिए सांस लेना आसान हो जाता है। इस तरह यह सर्दी और खांसी के लक्षणों से राहत दिलाती है।





**एलईडी और टीएफटी स्क्रीन से निकलने वाली सफेद रोशनी आंखों को तनाव में डालती है। आयुर्वेद के अनुसार, संपूर्ण शरीर की तरह आंख भी तत्वों से संबंधित है। आंख की मांसपेशियां पृथ्वी तत्व द्वारा नियंत्रित होती हैं, जबकि ब्लड वेसल्स अग्नि द्वारा और आंखों का रंग हवा से नियंत्रित होता है।**

# ऐसे करें आंखों की देखभाल

मोबाइल और लैपटॉप के बढ़ते इस्तेमाल के कारण हमारी आंखों का इस्तेमाल पहले से कहीं ज्यादा हो रहा है। जिससे लोगों में सिरदर्द, जलन और आंखों में तनाव के मामले बढ़े हैं। खासकर, एलईडी और टीएफटी स्क्रीन से निकलने वाली सफेद रोशनी आंखों को तनाव में डालती है। आयुर्वेद के अनुसार, संपूर्ण शरीर की तरह आंख भी तत्वों से संबंधित है। आंख की मांसपेशियां पृथ्वी तत्व द्वारा नियंत्रित होती हैं, जबकि ब्लड वेसल्स अग्नि द्वारा और आंखों का रंग हवा से नियंत्रित होता है। आंखें पित्त दोष का आसन हैं। चूंकि पित्त दोष उम्र के साथ असंतुलित हो जाता है, इसलिए आंखें प्रभावित होती हैं।

## सुबह उठकर मुंह में पानी भरें

रोज सुबह उठकर टॉयलेट जाने से पहले या बाद में मुंह में पानी भरें और कुछ सैकंड्स तक होल्ड करें। इस दौरान आपकी आंखें बंद होनी चाहिए। अब कुल्ला कर दें और इस प्रक्रिया को दो से 3 बार दोहराएं।

## त्रिफला वॉटर का उपयोग करें

त्रिफला वॉटर आई वॉश आंखों के स्वास्थ्य के लिए बहुत अच्छा माना जाता है। यह न केवल आपके आंखों की रोशनी बढ़ाता है, बल्कि आंखों की चमक में भी सुधार करता है। खासतौर से थकी हुई आंखों को आराम देने का यह बेहतरीन तरीका है।

## स्वस्थ आंखों के लिए षटकर्म करें

आयुर्वेद में शरीर से विषाक्त पदार्थों को निकालने ,उसे मजबूत बनाने और रोगमुक्त बनाने के लिए 6 प्यूरीफिकेशन टेकनीक के बारे में बताया गया है। इनमें से नेती और त्राटक सूखी आंखों और आंखों के स्वास्थ्य के लिए सबसे अच्छे आयुर्वेदिक उपाय के रूप में काम करते हैं। बता दें कि त्राटक षटकर्म आंख का व्यायाम है जिसमें किसी भी बिंदु पर आंखों को स्थिर करके निरंतर देखना होता है।

## बरतें ये सावधानियां

- आंखों की देखभाल के दौरान कभी भी बहुत तेज गर्म या फिर बर्फ के पानी का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए।
- अचानक तापमान में हुए परिवर्तन से बचने का प्रयास करें।
- अगर आपका शरीर गर्म हो रहा है या आप पसीने से तर हैं, तो अपने चेहरे और आंखों पर पानी के छीटें मारने से पहले 10 मिनट तक इंतजार करें। जब तक आपकी बॉडी सही तापमान में एडजस्ट न हो जाए, छीटें मारने से बचें।
- सुबह-शाम चेहरे पर पानी के छीटे मारें
- 10-15 बार अपनी आंखों और चेहरे पर ठंडे या फिर नॉर्मल पानी के छीटें मारें। इस प्रक्रिया को आप तब भी दोहराएं , जब शाम को काम से वापस घर लौटें। ऐसा करने से आंखों को बहुत आराम मिलेगा।



## स्वस्थ आंखों के लिए फायदेमंद है अंजन

स्वस्थ आंखों के लिए अंजन का उपयोग बहुत फायदेमंद है। अंजना एक आयुर्वेदिक दवा है, जिसे आंखों के स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए पलकों के अंदरूनी हिस्से पर लगाते हैं। बता दें कि अंजना जड़ी-बूटियों से बना एक गाढ़ा आईलाइनर है। इसे कोलिरिसम भी कहते हैं। इसका उपयोग आंखों की रोशनी बढ़ाने और आंख से जुड़ी अन्य बीमारियों के लिए किया जाता है। हालांकि, यह काजल की तरह दिखता है, लेकिन इससे काफी अलग है। इसे मिनरल्स और जड़ी- बूटियों को पीसकर पेस्ट के रूप में तैयार किया जाता है। आंखों की रोशनी को बढ़ाने के लिए इनकी देखभाल करना बेहद जरूरी है। उम्मीद है यहां एक्सपर्ट द्वारा बताए गए तरीकों से आपको आंखों की सही देखभाल करने में मदद मिलेगी।





# वायु प्रदूषण और रोड ट्रैफिक से पड़ता है सेहत पर बुरा असर

**वायु प्रदूषण और रोड ट्रैफिक से हमारी सेहत पर बहुत बुरा असर पड़ता है। लेकिन कई दफा हम इसे नजरअंदाज करते हैं। शोध में पता चला है कि ये दोनों पर्यावरण हार्ट फेलियर का भी एक कारण हैं।**

देश में दिवाली आने वाली है और इस माह में लोगों द्वारा की जाने वाली आतिशबाजी के कारण वायु प्रदूषण काफी ज्यादा बढ़ जाता है और स्मॉग का रूप ले लेता है। इस तरह के पॉल्युटिड स्मॉग में धूल और वायु प्रदूषक जैसे नाइट्रोजन ऑक्साइड, सल्फर डाई आक्साइड, ज्वलनशील कार्बनिक यौगिक आदि हानिकारक मिश्रण रहते हैं। जो खांसी, गले में खराश, छाती में जलन, स्किन डिजीज, फेफड़ों के संक्रमण, आंख व नाक में एलर्जी के अलावा इम्यून सिस्टम को भी कमजोर बनाते हैं। हाल ही में वायु प्रदूषण पर एक शोध आया है जिसमें चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। नए शोध के अनुसार, वायु प्रदूषण और सड़क यातायात के शोर के संपर्क में आने से हृदय गति रुकने का खतरा बढ़ सकता है। शोध का रिजल्ट अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन के एक ओपन-एक्सेस जर्नल 'जर्नल ऑफ द अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन' में प्रकाशित किया गया था। इसलिए आपको वायु प्रदूषण से खुद को सेफ रखने की बहुत ज्यादा जरूरत है।

## वायु प्रदूषण पर शोध

नए रिसर्च के विश्लेषण में शोधकर्ताओं ने 15 से 20 साल के पीरियड में लॉन्ग टर्म एनवायरनमेंट इंपैक्ट को लेकर हर्ट फेलियर की जांच की। डेनमार्क में महिला नर्सों पर हुए शोध में एयर पॉल्यूशन और रोड ट्रैफिक हर्ट फेलियर की मुख्य वजह पाया गया। बता दें कि शोध में जिन महिलाओं को लिया गया था उनकी उम्र 44 वर्ष और उससे अधिक थी। प्रतिभागियों को 1993 और 1999 में भर्ती किया गया था और जब उन्होंने नामांकन किया, तो हर महिला ने बॉडी मास इंडेक्स, लाइफस्टाइल फैक्टर जैसे धूम्रपान, शराब का सेवन, शारीरिक गतिविधि और आहार संबंधी आदतों के अलावा अपनी मेडिकल कंडीशन के बारे में भी पूरी जानकारी दी थी। इन सभी प्रतिभागियों को डेनिश नेशनल पेशेंट रजिस्टर से लिंक करने के 20 साल के बाद हार्ट फेलियर के बारे में पता चला जिनका बाद में इलाज भी हुआ और इसके रिकॉर्ड भी हैं।

## दिल के लिए ज्यादा खतरनाक है वायु प्रदूषण

डेनमार्क स्थिति कोपेहेगन यूनिवर्सिटी के एनवायरनमेंट डिपार्टमेंट से जुड़े असिस्टेंट प्रोफेसर और शोध को लीड करने वाले ऑथर ने कहा कि स्टडी में पाया गया है कि तीन वर्षों में रोड ट्रैफिक का शोर 12 फीसदी हार्ट फेलियर के खतरे का कारण बना। उन्होंने आगे कहा, हम आश्चर्यचकित थे कि कैसे दो पर्यावरणीय कारक - वायु प्रदूषण और सड़क यातायात शोर ने एक साथ हृदय गति रुकने का जोखिम बढ़ा दिया है। शोध में पता चला है कि रोड ट्रैफिक की तुलना में एयर पॉल्युशन हर्ट फेलियर के खतरे की मजबूत वजह बना। हालांकि, इन हर्ट फेलियर वाली 30 प्रतिशत नर्सों में हाई ब्लड प्रेशर की भी समस्या थी।

## सांस लेने में तकलीफ

वायु प्रदूषण की वजह से बुजर्ग लोगों को भी कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। एयर पॉल्युशन के कारण बुजुर्गों के शरीर के कई अंग धीमी गति से कार्य करते हैं और इसी तरह का हाल फेफड़ों का रहता है। क्योंकि लंग्स प्रदूषित हवा को सही तरीके से फिल्टर नहीं कर पाते हैं जिस वजह से उन्हें सांस लेने में दिक्कत आती है।

## आंखों में परेशानी

वायु प्रदूषण के चलते कई बार बच्चों से लेकर बुजुर्गों की आंखों में भी दिक्कतें आती हैं। दूषिक हवा के कण हमारी आंखों में एलर्जी पैदा करने लगते है जिससे कई बार हमें आस-पास की चीजें साफ नहीं दिखती हैं। साथ ही धूल मिट्टी से आंखों में खुजली भी होती है।

## सेहत संबंधी दिक्कतें

बुजुर्गों का इम्यून सिस्टम बहुत कमजोर होता है जिसकी वजह से उनको वायू प्रदूषण और रोड ट्रैफिक से उनका दम घुटने लगता है। वे इस वातावरण को आसानी से हैंडल नहीं कर पाते। इसके चलते कई दफा, छींकआना, छाती में जलन, स्किन डिजीज, फेफड़ों के संक्रमण और गले में खराश जैसी कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।



# साइलेंट किलर है तनाव, इसे गंभीरता से लेना है बहुत जरूरी

**मेंटल हेल्थ एक पुराना विषय रहा है, लेकिन अब कोरोना के बाद यह और ज्यादा घातक हो गया है। अब इसे गंभीरता से लेकर इस पर बात करना जरूरी है। कोरोना ने कई तरह के मानसिक रोगों को जन्म दिया है**

आज के दौर में हर शख्स अपनी जिंदगी में स्ट्रेस से गुजरता है। स्ट्रेस को आजकल एक कॉमन परेशानी के रूप में देखा जाता है और यही सबसे बड़ी गलती है। 2020 में आए कोविड 19 ने सोशल और इकोनॉमिक तौर पर काफी बदलाव लाया है। लाखों लोगों ने अपनी जिंदगी गवां दी, यहां तक की एक दूसरे से मिलना-जुलना भी दूभर हो गया था। आज जहां 2021 में कोविड 19 को 2 साल हो गए हैं और आज भी मानव जाति इस विपदा से उबरने की कोशिश में है। कई देश आज भी इस वायरस के नए स्ट्रेन से लड़ रहे हैं। वर्ल्ड हेल्थ आर्गेनाइजेशन ने ये चेतावनी जारी की है कि कोरोनावायरस का मेंटल हेल्थ पर काफी लंबे समय तक असर होता रहेगा। आज लोगों में एंजाइटी, स्ट्रेस, डिप्रेशन जैसी कई समस्या बहुत हद तक बढ़ चुकी हैं। इस पैंडेमिक के दौरान मेंटल हेल्थ पर गहरा असर पड़ा है। 2020 में माइसेंसी द्वारा एक सर्वे के आधार पर ठ्ट्ठ के 75 प्रतिशत और एशिया के 33 प्रतिशत एम्प्लॉय में बर्न आउट के लक्षण दिखे हैं। यूरोपियन देशों में भी पैंडेमिक फैटिग के लेवल में बढ़ोतरी हुई है।

जिन लोगों ने अपनी मेंटल हेल्थ को बहुत खराब रेट दिया है, उनकी मात्रा पैंडेमिक आने के बाद तीन गुना बढ़ गई है। ओरेकल और वर्क प्लेस इंटेलिजेंस जैसी कंपनियों द्वारा एक हालिया सर्वे जिसमें 11 देशों के 12000 लोगों ने भाग लिया ये दर्शाता है कि मैनेजमेंट एक्जीक्यूटिव में एम्प्लॉय के बदले ज्यादा मेंटल हेल्थ इश्यूज पाए गए हैं। 53% ने माना की उन्हें मेंटल हेल्थ इश्यूज पैंडेमिक के शुरू होते ही शुरू हो गए थे। इसी कड़ी में 5 में से 4 मैनेजमेंट एक्जीक्यूटिव यानी लगभग 85% ने माना कि उन्हें काम को पूरा करने में दिक्कत आई। इसके कुछ कारण हैं जैसे घर से काम करने के दौरान नई तकनीक को समझने और उसका उपयोग करने में परेशानी और दूसरा यह कि ऑफिस के माहौल से दूर साथ बैठकर काम करने और कोलेबरेट करने की जगह घर से काम करना।

## क्या कहती है रिपोर्ट ?

इस कड़ी में लगभग 39% लोगों को घर से वर्चुअली काम करने में दिक्कत आई। वहीं 34% को वर्क कल्चर के ना होने की कमी खली। वहीं 29% लोगों को नई तकनीकों को समझने में दिक्कत का सामना करना पड़ा। जहां एक तरफ कंपनी के सीनियर अधिकारी वर्कप्लेस पर मेंटल हेल्थ और हेल्थी वर्क कल्चर को बनाने में अहम भूमिका निभाते हैं, वहीं आज भी मेंटल हेल्थ को एक स्टीरियोटाइप के तौर पर देखा जाता है। कंपनी में ओपन कम्युनिकेशन और सपोर्ट की कमी खलती है। कंपनी के लीडर को अपने स्टॉफ को न सिर्फ इंस्पायर करना चाहिए ताकि वे अपनी बात को खुलकर शेयर कर सकें, बल्कि उन्हें इंस्पायर भी करना चाहिए। जरूरत पड़ने पर वे कोच या थेरेपिस्ट से मदद भी ले सकें। विशेषज्ञ कहते हैं कि किसी भी तरह की हेल्थ प्रॉब्लम को इग्नौर नहीं करना है, अगर तनाव से संबंधी कोई भी लक्षण नजर आता है तो तत्काल डॉक्टर से मिलना है। इसे हल्के में बिल्कुल नहीं ले सकते।



# जान भी ले सकती है लौकी

लौकी का सेवन करना सेहत के लिए बहुत अच्छा है। इसे कई प्रकार से खा सकते हैं। सब्जी, जूस, खीर, कलाकंद, पराठे सहित अन्य तरीकों से इसका सेवन किया जा सकता है। इसका सेवन करने से कब्ज और गैस की समस्या में राहत मितली है। इसमें विटामिन ए, विटामिन सी, कैल्शियम, आयरन, मैग्नीशियम,

कड़वी लौकी का सेवन करने से आपकी जान पर बात बन सकती

नौबत आ जाती है। इसलिए भूलकर भी कड़वी लौकी का सेवन नहीं करें। लौकी का जूस बनाने से पहले इसे जरूर टेस्ट करें। अगर वह कड़वी लगती है तो इसका सेवन नहीं करें। कड़वी विषैली लौकी का सेवन करने के नुकसान- बेचैनी, घबराहट, ब्लड प्रेशर की समस्या, उल्टी होने लगती है। ऐसे में तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। कई बार अंगों पर भी इसका असर पड़ सकता है। ऐसे में अंग फैल भी हो सकते हैं। इसलिए भूलकर भी लौकी को टेस्ट किए बिना इसका प्रयोग नहीं करें। कड़वी लौकी की पहचान उसे चखकर की जा सकती है। बता दें कि इसे पकाने पर भी कड़वापन खत्म नहीं होगा। कड़वी लगने

डिफेंस सिस्टम विकसित कर लेती है। जिससे उसमें केमिकल विकसित हो जाता है। तो कई बार तापमान कम ज्यादा होने पर भी यह बदलाव होने लगते हैं। इतना ही नहीं पर्याप्त पानी नहीं मिलने पर भी ऐसा हो सकता है।

# जर्मन कप फुटबॉलः पहले दौर में बायर्न म्यूनिख ने उल्म को 4-0 से हराया

एजेंसी


**बर्लिन।** थॉमस मुलर के दो गोलों की बदौलत रात जर्मन कप के पहले दौर में बायर्न म्यूनिख ने निचली लीग की टीम उल्म पर 4-0 से जीत हासिल की। उल्म ने जर्मन दिग्गजों के खिलाफ एक उद्देश्य के साथ खेला और पहले पांच मिनट के भीतर ही गोल करने के करीब पहुंच गया। बायर्न द्वारा बॉक्स में फ्री किक को क्लियर करने में विफल रहने के बाद मौरिस क्रैटनमेकर के पास खेल का सबसे अच्छा मौका था, लेकिन उनका शॉट वाइड चला गया। जर्मनी ने 12वें मिनट में खाता खोला, जब जोशुआ किमिच ने मुलर को सटीक पास दिया, जिन्होंने बिना किसी गलती के आठ मीटर की दूरी से पहला गोल दाग दिया। मुलर ने दो मिनट बाद ही दूसरा गोल कर जर्मनी की बढ़त 2-0 कर दी। मध्यांतर तक जर्मनी की टीम 2-0 से आगे रही। मध्यांतर के बाद किंग्सली कोमन (79वें मिनट) और हैरी केन (90+3) ने गोल कर जर्मनी को 4-0 से जीत दिला दी। अन्य मैचों में, हॉफेनहाइम ने पेनल्टी पर वुर्जबर्गर किकर को 5-3, मेन्ज़ ने वेहेन वीसबैडेन को 3-1 और सेंट पॉली ने अतिरिक्त समय में हॉलरशर एफसी को 3-2 से हराया।

# पीकेएल 2024 नीलामी के बाद टीमें तैयार, ये रही खिलाड़ियों की सूची

**नई दिल्ली।** प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) सीजन 11 के लिए नीलामी समाप्त हो गया। मुम्बई में हुए दो दिवसीय ऑक्शन में 500 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। ऑक्शन के दौरान खिलाड़ियों पर जमकर पैसे बरसे हैं। सचिन तंवर 2.15 करोड़ रुपये के साथ पीकेएल 2024 के सबसे महंगे खिलाड़ी बने। उन्हें तमिल थलाइवाज ने खरीदा है। ईरानी ऑलराउंडर मोहम्मदरेजा शादलोई चियानेह प्रो कबड्डी लीग प्लेयर ऑक्शन में सबसे महंगे विदेशी खिलाड़ी बने। उन्हें हरियाणा स्टीलर्स ने 2.07 करोड़ रुपये में खरीदा। पीकेएल के 11वें सीजन के लिए सभी टीमों ने तीन कैटेगरी में कुल 88 खिलाड़ियों को रिटेन किया था। एलीट रिटेन्ड प्लेयर्स कैटेगरी में 22, रिटेन्ड यंग प्लेयर्स श्रेणी में 26 और एक्साइटिंग न्यू यंग प्लेयर्स कैटेगरी में 40 प्लेयर रिटेन किए गए हैं।

# राष्ट्रीय स्पीड और फिगर स्केटिंग चैंपियनशिप के दूसरे दिन मीराबाई चानू ने विजेताओं को किया सम्मानित

**गुरुग्राम।** 19वीं राष्ट्रीय स्पीड और फिगर स्केटिंग चैंपियनशिप के दूसरे दिन भी भारत के आइस स्केटर्स की अद्भुत प्रतिभा का प्रदर्शन जारी रहा। दूसरे दिन इस आयोजन में ओलंपिक पदक विजेता मीराबाई चानू की उपस्थिति ने इसे और खास बना दिया। यह आयोजन आईस स्केटिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में आईस्केट बाय रोज़ेट, एंबियंस मॉल में हो रहा है। मीराबाई चानू ने दूसरे दिन के सभी विजेताओं को पदक प्रदान किए और स्केटर्स का उत्साहवर्धन किया।



उन्होंने आइस स्केटिंग के प्रति अपनी प्रशंसा और समर्थन व्यक्त करते हुए कहा, मेरा पहली बार आइस स्केटिंग इवेंट में आना हुआ है, और मैं यहां आकर बहुत खुश और उत्साहित हूं और इतने सारे लड़कियों को इस चैंपियनशिप में भाग लेते हुए देखकर बहुत अच्छा लग रहा है। मुझे लगता है कि हर राज्य में एक आइस स्केटिंग रिंक होना चाहिए, ताकि स्केटर्स आसानी से अभ्यास कर सकें और अपनी प्रतिभा को निखार सकें। मुझे विश्वास है कि अगर पूरे देश में ऐसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी, तो और भी प्रतिभाशाली स्केटर्स उभरेंगे, शीतकालीन ओलंपिक में भाग लेंगे, और हमें वैश्विक स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करने में मदद करेंगे।

# गोल्ड मेडल जीतकर लौटी महिला सिपाही पुष्पा चाहर को एसएसपी ने किया सम्मानित

**मुरादाबाद।** बरेली में आयोजित उत्तर प्रदेश पुलिस की वार्षिक वेटलिफ्टिंग, पॉवर लिफ्टिंग प्रतियोगिता गोल्ड मेडल जीतकर लौटी मुरादाबाद में तैनात महिला सिपाही पुष्पा चाहर को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने सम्मानित किया। बीते दिनों बरेली जनपद में यूपी पुलिस की वार्षिक वेटलिफ्टिंग, पॉवर लिफ्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में मुरादाबाद में तैनात महिला सिपाही पुष्पा चाहर ने 63 किग्रा भारवर्ग में तीन प्रयास में कुल 375 किलोग्राम वजन उठाकर गोल्ड मेडल जीता। पुष्पा चाहर ने एसएसपी सतपाल अंतिल से मुलाकात कर अपना मेडल और प्रमाणपत्र दिखाया। मूल रूप से गाजियाबाद निवासी महिला सिपाही पुष्पा चाहर पुलिस विभाग मुरादाबाद में में सिपाही के पद पर तैनात है। वह पूर्व में भी कई प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर मेडल जीत चुकी है।



# भाग्यश्री और सुमित होंगे पेरिस पैरालंपिक में भारत के ध्वजवाहक

एजेंसी

**नई दिल्ली।** पेरिस में 28 अगस्त से शुरु हो रही पैरालंपिक खेलों में भाग्यश्री जाधव और सुमित अंतिल भारत के ध्वजवाहक होंगे।

इस बार के पैरालंपिक खेलों में भारत 84 सदस्यीय दल भेज रहा है। यह पैरालंपिक इतिहास में भारत का सबसे बड़ा दल है। इससे पहले टोक्यों ओलंपिक में 54 पैरालंपिक एथलीटों ने शिरकत की थी।

भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) ने बताया कि इस बार भारत तीन नए स्पर्धा पैरा साईकिलिंग, पैरा रोइंग और ब्लाइंड जूडो में भी हिस्सा ले रहा है। इन तीनों खेलों को मिलाकर भारत पैरालंपिक में कुल 12 खेलों में चुनौती पेश करेंगे।महाराष्ट्र की भाग्यश्री ने 2022 एशियाई पैरा खेलों में गोला फेंक एफ34 स्पर्धा में रजत पदक जीता था और टोक्यो पैरालंपिक में सातवें स्थान पर रही थीं। उन्होंने फेजा विश्व कप और विश्व पैरा एथलेटिक्स खेलों में भी पदक जीते थे। स्टार पैरा भाला फेंक एथलीट सुमित ने 2020 टोक्यो पैरालंपिक में 68.55 मीटर के विश्व रिकॉर्ड थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता था। इसके अलावा उन्होंने 2023 विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भी स्वर्ण पदक जीता तथा 2022 एशियाई खेल में 73.29 मीटर के थ्रो के साथ नया विश्व रिकॉर्ड बनाया था।



# भुवन राजू के अर्धशतकीय पारी ने दिलायी बेंगलुरु ब्लास्टर्स को जीत

एजेंसी

**बेंगलुरु।** भुवन राजू के विस्फोटक अर्धशतक की बदौलत बेंगलुरु ब्लास्टर्स ने श्रीराम कैपिटल महाराजा ट्रॉफी केएससीए टी20 में मैसूर वॉरियर्स पर रोमांचक जीत हासिल की। प्रति टीम 18 ओवरों तक कम किए गए मैच में बेंगलुरु ने 183 रनों के चुनौतीपूर्ण लक्ष्य का पीछा किया। राजू ने सिर्फ 24 गेंदों में 51 रनों की पारी खेल कर लक्ष्य को बौना कर दिया। इससे पहले मनोज भंडागे (58 नाबाद) और हर्षिल धमानी (50) की अर्धशतकीय पारियों की मदद से मैसूर ने मजबूत लक्ष्य खड़ा किया। बेंगलुरु के नवीन एमजी 25 रन पर चार विकेट चटकाये। बेंगलुरु ब्लास्टर्स ने लक्ष्य का पीछा करते हुए मयंक अग्रवाल (1) को सीए कार्तिक के हाथों जल्दी खो दिया, लेकिन भुवन राजू ने चार छक्के लगाए। उन्होने आठवें ओवर में धनुष गौड़ा पर दो छक्के लगाए और अंततः सीज़न का सबसे तेज़ अर्धशतक दर्ज किया। रन आउट होने से पहले उन्होने केवल 23 गेंदों में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की।



संक्षिप्त स्कोर

मैसूर वॉरियर्स 18 ओवर में 182/6 (मनोज भंडागे 33 गेंदों पर 58* रन, हर्षिल धमानी 32 गेंदों पर 50 रन, सीए कार्तिक 10 गेंदों पर 27 रन, नवीन एमजी 4/25, आदित्य गोयल 1/47)

बेंगलुरु ब्लास्टर्स 17.1 ओवर में 183/6 (भुवन राजू 24 गेंदों पर 51 रन, सूरज आहूजा 18 गेंदों पर 39 रन, चेतन एलआर 25 गेंदों पर 33 रन, विद्याधर पाटिल 2/32, सीए कार्तिक 2/37)।

# सिद्धार्थ विश्वकर्मा डेविस कप में चयनित होने वाले यूपी के पहले खिलाड़ी

एजेंसी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के टेनिस खिलाड़ी सिद्धार्थ विश्वकर्मा ने स्वीडन के खिलाफ खेलने वाली भारत की डेविस कप टीम में चयनित होकर इतिहास रच दिया। वह डेविस कप टीम में चयनित होने वाले यूपी के पहले खिलाड़ी हैं।

उत्तर प्रदेश टेनिस एसोसिएशन (यूपीटीए) सचिव पुनीत अग्रवाल के अनुसार आल इंडिया टेनिस एसोसिएशन यानी आइटा की चयन समिति ने स्वीडन के खिलाफ 14 और 15 सितंबर को होने वाले मुकाबले के लिए भारतीय टीम की घोषणा की है। स्वीडन के स्टॉकहोम में होने वाली इस डेविस कप टाई में चयनित खिलाड़ियों में सुमित नागल, रामकुमार रामनाथन, एन श्रीराम बालाजी, निकी पोनाचा और सिद्धार्थ विश्वकर्मा शामिल हैं। इस टीम में आर्यन शाह को रिजर्व खिलाड़ी के तौर पर जगह दी गयी है। भारतीय टीम का नेतृत्व गैरखिलाड़ी कप्तान रोहित राजपाल करेंगे। टीम के कोच का दायित्व आशुतोष सिंह को सौंपा गया है।



उत्तर प्रदेश के वाराणसी निवासी खिलाड़ी सिद्धार्थ विश्वकर्मा के चयन पर यूपीटीए के प्रेसीडेंट नवनीत सहगल ने खुशी जताई है। सिद्धार्थ की ये उपलब्धि उनके लिए तो बहुत बड़ी है पर इसका बहुत व्यापक असर यूपी टेनिस पर पड़ने वाला है।

यूपीटीए के सचिव पुनीत अग्रवाल ने सिद्धार्थ के चयन को यूपी टेनिस के लिए बहुत बड़ा मील का पत्थर बताया। उन्होंने कहा कि सिद्धार्थ चूंकि अभी अपनी प्रैक्टिस पर पूरा ध्यान लगा रहे हैं इसलिए जब वो स्वीडन से लौटेंगे तो उत्तर प्रदेश टेनिस एसोसिएशन उनका सम्मान करेगा।

# लीमा में होने वाली विश्व एथलेटिक्स अंडर-20 चैंपियनशिप में 42 एथलीट उतारेगा भारत

**नई दिल्ली।** इस महीने के अंत में लीमा में आयोजित होने वाली आगामी अंडर-20 विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2024 के लिए प्रवेश सूची जारी कर दी गई है, जिसमें 134 टीमों के 1700 से अधिक एथलीट भाग लेंगे। भारत में विभिन्न खेलों में 42 एथलीट भाग लेंगे। यह आयोजन 27-31 अगस्त के बीच एस्टाडियो एटलेटिको डे ला विडेना में होगा।कोलंबिया में 2022 के संस्करण में, भारत तीन पदक (2 रजत और 1 कांस्य) के साथ संयुक्त 25वें स्थान पर रहा था। पुरुष वर्गः हिमांशु, सचिन - 10,000 मीटर रेस वॉक; कार्तिक राजा अरुमुगम, मुराद कालूभाई सिरमन - 400 मीटर बाधा दौड़; अंकुल, रिहान चौधरी, बापी हांसदा, अबीराम प्रमोद, जय कुमार, - 4×400 मीटर रिले; बापी हांसदा, जय कुमार - 400 मीटर; सिद्धार्थ चौधरी, अनुराग सिंह कलेर - गोला फेंक; मृत्युम जयराम दोंदापति - 100 मीटर; हरिहरन कथिरवन, नयन प्रदीप सारदे - 110 मीटर बाधा दौड़; साहिल खान - 800 मीटर; सारुक खान, रणवीर अजय सिंह - 3000 मीटर स्टीपलचेज़; देव कुमार मीना - पोल वॉल्ट; प्रतीक - हैमर थ्रो; रितिक - डिस्कस थ्रो; मो. अट्टा साजिद - लंबी कूद; दीपांशु शर्मा, रोहन यादव - भाला फेंक महिला वर्गः आरती - 10,000 मीटर रेस वॉक; रुजुला अमोल भोंसले, नियोले अन्ना कॉर्नेलियो, सुदीक्षा वल्दुरी, अबिनया राजराजन, सिया अभिजीत सावंत - 4×100 मीटर रिले; नीरू पहतक, उन्नति अयप्पा बोलैंड - 200 मीटर; नीरू पहतक, अनुष्का कुंभार - 400 मीटर; तमन्ना - गोला फेंक; अबिनया राजराजन- 100 मीटर; उन्नति अयप्पा बोलैंड - 100 मीटर बाधा दौड़; श्रेयस राजेश - 400 मीटर बाधा दौड़; एकता डे - 3000 मीटर स्टीपलचेज़; अमानत कंबोज, निकिता कुमारी - डिस्कस थ्रो; पावना नागराज - लंबी कूद; पूजा - ऊंची कूद; लक्सिता विनोद सैंडिलिया - 800 मीटर, लक्सिता विनोद सैंडिलिया - 1500 मीटर; नीरू पहतक, कनिस्ता तेन्ना मारिया देवा शेकर, सैंड्रामोल साबू, श्रावणी सचिन सांगले, अनुष्का कुंभार - 4-400 मीटर रिले।

# सुमित नागल डेविस कप में भारतीय टेनिस टीम की करेंगे अगुवाई

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** सुमित नागल अगले महीने स्वीडन के खिलाफ डेविस कप 2024 विश्व ग्रुप द्व मुकाबले के लिए पांच सदस्यीय भारतीय टेनिस टीम की अगुवाई करेंगे।अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) ने यह घोषणा की है। उन्होंने कहा कि भारत 14 और 15 सितंबर को स्टॉकहोम के रॉयल टेनिस हॉल में इनडोर हार्ड कोर्ट पर स्वीडन से मुकाबला करेगा।

उन्होंने कहा कि पूर्व राष्ट्रीय चैंपियन आशुतोष सिंह भारत की डेविस कप टीम के नए राष्ट्रीय कोच होंगे। विश्व टेनिस रैंकिंग में 74वें स्थान पर काबिज और भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल की फरवरी में इस्लामाबाद में पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले में नहीं खेल पाने के बाद डेविस कप टीम में वापसी हुई है।

इस बीच भारत के नंबर वन युगल खिलाड़ी युकी भांबरी ने स्वीडन के खिलाफ मुकाबले से बाहर होने का फैसला किया है। युकी की जगह एन श्रीराम बालाजी लेंगे। रामकुमार रामनाथन ने भी भारतीय डेविस कप टीम में जगह बनाई है।



वह स्वीडन के साथ एकल और युगल दोनों स्पर्धाओं में खेल सकते हैं। पाकिस्तान के खिलाफ पदार्पण करने वाले निकी पूनाचा और पूर्व राष्ट्रीय चैंपियन सिद्धार्थ विश्वकर्मा को भी भारत की डेविस कप टीम में शामिल किया गया है। आर्यन शाह को रिजर्व खिलाड़ी बनाया गया है।

एआईटीए ने एक बयान में कहा कि भारतीय डेविस कप टीम का चयन खिलाड़ियों की रैंकिंग, उपलब्धता, हालिया प्रदर्शन और मौजूदा फॉर्म के आधार पर गहन विचार-विमर्श के बाद किया गया।

# कमर की चोट के कारण पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला से बाहर हुए महमूदुल हसन

एजेंसी

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज से पहले बांग्लादेश को करारा झटका लगा है क्योंकि उसके नियमित सलामी बल्लेबाज महमूदुल हसन कमर की चोट के कारण बाहर हो गए हैं। बीसीबी ने अभी तक महमूदुल के लिए किसी प्रतिस्थापन की घोषणा नहीं की है।

बीसीबी के मुख्य चिकित्सक देबाशीष चौधरी ने शनिवार को क्रिकबज से पुष्टि करते हुए कहा, हमें महमूदुल के बारे में एक मेल मिला है, जिसमें कहा गया है कि उनके दाहिने कमर में चोट लगी है और इसके परिणामस्वरूप उन्हें तीन सप्ताह के लिए आराम दिया जा रहा है।



टेस्ट टीम में शामिल होने से पहले इस्लामाबाद में शाहीन्स के खिलाफ खेलने वाली बांग्लादेश ए टीम का हिस्सा रहे महमूदुल को फील्डिंग के दौरान चोट लग गई और इसके परिणामस्वरूप वे दूसरी पारी में बल्लेबाजी नहीं कर सके। दाएं हाथ के बल्लेबाज शाहीन्स के खिलाफ पहली पारी में 65 रन बनाकर अच्छी फॉर्म में दिखे। उन्होंने शाहीन्स के खिलाफ हाई परफॉरमेंस यूनिट के हिस्से के रूप में खेले गए चार दिवसीय मैचों में भी 69 और 65 रन बनाए।

पहला टेस्ट 21 अगस्त से रावलपिंडी में खेला जाएगा जबकि दूसरा टेस्ट 30 अगस्त से कराची में खेला जाएगा।

शनिवार को तीन दिवसीय अभ्यास सत्र समाप्त करने के बाद बांग्लादेश लाहौर से इस्लामाबाद जा रहा है। टीम परिस्थितियों से परिचित होने और बेहतर तैयारी के लिए जल्दी पाकिस्तान पहुंची, जो देश में राजनीतिक अशांति के कारण बाधित हो सकती थी।

# पूर्व हॉकी खिलाड़ियों ने जमीनी स्तर पर खेल को विकसित करने की हॉकी इंडिया की पहल की सराहना की

**नयी दिल्ली।** पूर्व भारतीय हॉकी खिलाड़ियों ने देश में जमीनी स्तर पर खेल को विकसित करने के लिए हॉकी इंडिया की प्रतिबद्धताकी सराहना की है। हॉकी इंडिया ने जमीनी स्तर पर खेल को विकसित करने के अपने निरंतर प्रयासों के तहत पिछले डेढ़ महीने में देश भर में 20 क्षेत्रीय चैंपियनशिप आयोजित की हैं।हॉकी इंडिया ने जारी विज्ञप्ति में बताया कि पुरुष और महिला दोनों के लिए आयोजित क्षेत्रीय चैंपियनशिप ने देश के उत्तर, दक्षिण, पूर्व और पश्चिम क्षेत्रों में जूनियर और सब-जूनियर श्रेणी की टीमों को महत्वपूर्ण प्रदर्शन करने का मौका दिया। इसके अलावा जूनियर और सब जूनियर अकादमी चैंपियनशिप ने यह सुनिश्चित किया कि जो पुरुष और महिला खिलाड़ी अपने राज्य संघों के लिए खेलने का मौका चूक गए थे।

# डोपिंग मामले में डिकवेला अनिश्चितकाल के लिए निलंबित

एजेंसी

**कोलंबो।** श्रीलंका के विकेटकीपर बल्लेबाज निरोशन डिकवेला को डोपिंग टेस्ट में विफल पाये जाने पर अनिश्चितकालीन प्रतिबंधित कर दिया गया है।

श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने यहां जारी विज्ञप्ति में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि डिकवेला पर निलंबन तत्काल प्रभाव से लागू होगा और तब तक जारी रहेगा जब तक कि आगे की सूचना न दी जाए।

विज्ञप्ति अनुसार, लंका प्रीमियर लीग (एलपीएल) 2024 के दौरान श्रीलंका एंटी-डोपिंग एजेंसी द्वारा आयोजित परीक्षण खेल की अखंडता बनाए रखने के लिए एसएलसी की प्रतिबद्धता का हिस्सा है। खेल मंत्रालय के सहयोग से और विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) के दिशानिर्देशों के अनुसार की गई इस पहल का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि क्रिकेट निषिद्ध पदार्थों के प्रभाव से मुक्त रहे। एसएलसी, खेल मंत्रालय और एसएलएडीए के साथ मिलकर खेल को डोपिंग उल्लंघनों से बचाने के लिए घरेलू टूर्नामेंटों के दौरान इन परीक्षणों को भी आयोजित कराया जाता है।



डिकवेला हाल ही में संपन्न लंका प्रीमियर लीग (एसपीएल) के दौरान विश्व डोपिंग रोधी दिशा-निर्देशों के तहत आयोजित एक डोपिंग टेस्ट को पास करने में विफल रहे हैं। आगे की जांच पूरी होने तक उन्हें क्रिकेट के सभी प्रारूपों से निलंबित कर दिया गया है।

विकेटकीपर बल्लेबाज डिकवेला ने एलपीएल 2024 में गैल मार्वल्स की टीम की कप्तानी की थी। वह आखिरी बार मार्च 2023 में राष्ट्रीय टीम के लिए खेले थे। इस साल की शुरुआत में बंगलादेश के खिलाफ श्रीलंका की टी-20 सीरीज के लिए उन्हें टीम में शामिल किया गया था। हालांकि उन्हें एक भी मैच खेलने का अवसर नहीं मिला था।

# दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों ने वेस्टइंडीज को 144 पर समेटा

एजेंसी

**प्रॉविडेंस।** वियान मुल्डर(चार विकेट) और नांद्रे बर्गर (तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे टेस्ट मैच में वेस्टइंडीज को पहली पारी में 144 के स्कोर पर समेट दिया है। दक्षिण अफ्रीका ने लंच तक बिना कोई विकेट खोए 30 रन बना लिये है। वेस्टइंडीज की पारी की शुरुआत अच्छी नहीं रही और 56 के स्कोर तक अपने छह विकेट गवां दिये थे। मिकाइल लुईस (शून्य), कप्तान क्रेग ब्रैथवेट (3), ऐलेक ऐथनेज (1), केवम हॉज (4) केसी कार्टी (26), जॉशुआ डासिल्वा (4) रन बनाकर आउट हुये। जेसन होल्डर ने टीम के लिए सर्वाधिक नाबाद 54 रनों की पारी खेली। गुडाकेश मोटी (11) और शमार जोसेफ ने (25) रनों की जुझारू पारी खेली। जेसन होल्डर के अलावा कोई भी बल्लेबाज दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों के आगे नहीं टिक सका और वेस्टइंडीज की पूरी टीम 42.1 ओवर में 144 रन पर सिमट गई। इसी के साथ पहली पारी के आधार पर दक्षिण अफ्रीका को 16 रनों की बढ़त मिल गई। हालांकि पिच का मिजाज देखते हुए ऐसा लग रहा है कि यह बल्लेबाजों के लिए घातक और गेंदबाजों की मददगार होगी तथा जिस तरह से पिच व्यवहार कर रही है इस पर बड़ा स्कोर खड़ा करना मुश्किल है।




दक्षिण अफ्रीका की ओर से वियान मुल्डर ने 32 रन देकर (चार विकेट) और नांद्रे बर्गर 49 रन देकर (तीन विकेट) लिये। केशव महाराज ने दो बल्लेबाजों को आउट किया। कगिसो रबाडा को एक विकेट मिला। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका की भी शुरुआत खराब रही थी और उसने 57 रन पर अपने चार विकेट गवां दिये थे। एडन मारक्रम (14), टोनी डी जॉर्जी (01), ट्रिस्टन स्टब्स (26), बेडिंघम (28), वराने (21) और नांद्रे बर्गर ने (23) रन की पारी खेली। पीट 38 रन बनाकर नाबाद रहे। कप्तान तेम्बा बावुमा, वियान मुल्डर, केशव महाराज और कगिसो रबाडा खाता नहीं खोल पाए। दक्षिण अफ्रीका की पारी 54 ओवर में 160 रन पर सिमट गई थी।वेस्टइंडीज की ओर से शमार जोसेफ ने पांच विकेट लिए। जेडन सील्स को तीन विकेट मिले। जेसन होल्डर और गुडाकेश मोटी को एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# महिला टी-20 विश्वकप 2024 की मेजबानी करना चाहता है जिम्बाब्वे

एजेंसी

**हरारे।** जिम्बाब्वे क्रिकेट ने महिला टी-20 विश्वकप की मेजबानी करने की इच्छा व्यक्त की है। जिम्बाब्वे ने पिछले दो एकदिवसीय विश्वकप क्वालीफायर (2023 और 2018 में) की सफलतापूर्वक मेजबानी की है और उनके दो नए स्टेडियम निर्माणाधीन हैं। इसी कारण से जिम्बाब्वे इस टूर्नामेंट की मेजबानी में अधिक दिलचस्पी ल रहा है। हालांकि उनकी महिला टीम क्वालीफाइ नहीं होने कारण कभी भी विश्वकप में भाग नहीं ले पाई है। जिम्बाब्वे अन्य बड़े आयोजनों की तैयारी के लिए टूर्नामेंट के तटस्थ मेजबान बनने के इच्छुक है।जिम्बाब्वे 2026 में नामीबिया के साथ पुरुष अंडर 19 विश्वकप और 2027 में दक्षिण अफ्रीका और नामीबिया के साथ एकदिवसीय विश्वकप की सह मेजबानी करेगा। तब तक देश में दो और अंतरराष्ट्रीय मैदान होंगे। जिम्बाब्वे क्रिकेट और स्थानीय सरकारी अधिकारी विक्टोरिया फॉल्स और मुतारे में बहुउद्देशीय सुविधाओं के निर्माण पर काम कर रहे हैं।

जिम्बाब्वे हरारे स्पोर्ट्स क्लब और बुलावायो में क्वींस स्पोर्ट्स क्लब को टी-20 विश्वकप के मेजबान के रूप में पेश कर सकता है। इन मैदानों ने 2023 विश्वकप क्वालीफायर के सभी मैचों की मेजबानी की थी।

जिम्बाब्वे में विश्वकप के आयोजन के लिए मौसम एक प्रमुख बिंदु साबित हो सकता है, क्योंकि देश में अक्तूबर में गर्मियों का मौसम रहेगा और तब कम बारिश की उम्मीद है। जिम्बाब्वे में अगर मैच होते है तो वहां दर्शकों की संख्या भी अच्छी होगा, जिसमें स्कूली बच्चों को भी शामिल किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि भारत ने बारिश के मौसम के कारण मेजबानी की पेशकश को अस्वीकार कर दी थी तथा श्रीलंका भी मौसम संबंधी कारणों से दौड़ से बाहर हो गया है।



# हमारे पैरा एथलीटों में चुनौतियों को पार पाने की क्षमता है: मांडविया

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** केन्द्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल तथा श्रम और रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा कि हमारे पैरा एथलीटों में बाधाओं को दूर करने और चुनौतियों को पार पाने की पूरी क्षमता है।डा. मांडविया ने आज यहां भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) और भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) द्वारा भारतीय पैरालंपिक टीम के लिए आयोजित भव्य विदाई समारोह यह बात कही। उन्होंने कहा, हमारे पैरा एथलीटों में बाधाओं को दूर करने और चुनौतियों को अवसरों में बदलने की उल्लेखनीय क्षमता है। एथलीटों ने पेरिस पैरालिंपिक 2024 की तैयारी में उल्लेखनीय दृढ़ संकल्प और शक्ति दिखाई है। कई एथलीटों को खेलो इंडिया पहल से फायदा हुआ है और वहां से बड़ी संख्या में एथलीट पेरिस पैरालिंपिक में जा रहे। सरकार उन्हें उच्चतम स्तर पर प्रदर्शन के लिए आवश्यक संसाधन और सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। हमें विश्वास है कि वे हमारे देश को सम्मान दिलाएंगे। हम उन्हें वैश्विक मंच पर बेहतरीन प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं देते हैं। खेल मंत्री ने कहा कि भाला फेंक चैंपियन सुमित और गोला फेंक एथलीट भाग्यश्री जाधव उद्घाटन समारोह में भारतीय दल की ध्वजवाहक होंगी।इस अवसर युवा मामले और खेल राज्य मंत्री श्रीमती रक्षा निखिल खडसे ने कहा, ÷हमारे खिलाड़ियों ने टोक्यो 2020 खेलों में हमें गौरवान्वित किया, अब पेरिस 2024 खेलों का समय है। हमारे एथलीट समाज के नायक हैं और पदक जीते या न जीतें इसके बावजूद भी वे विजेता हैं। सरकार ने हमारे खिलाड़ियों की मदद करने के लिए हर संभव मदद की है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गतिशील नेतृत्व में पैरा खेलों को अन्य खेलों के बराबर माना जाता है। भारतीय पैरालंपिक समिति के अध्यक्ष देवेंद्र ने कहा, हमें अपने एथलीटों पर बेहद गर्व है, खिलाड़ियों ने अटूट समर्पण और जुनून के साथ प्रशिक्षण लिया है। पेरिस में खेल के महाकुंभ में खिलाड़ी भारत का प्रतिनिधित्व करने की तैयारी कर रहे हैं। पैरालिंपिक तक का उनका सफर उनकी कड़ी मेहनत का प्रमाण है।




# उर्फी जावेद

## की असल जिंदगी की कहानी बयां करने वाली सीरीज का ट्रेलर जारी, अतरंगी गर्ल का दिखेगा जबरदस्त अंदाज

सोशल मीडिया पर अपने अतरंगी फैशन स्टाइल के लिए पहचानी जाने वाली ऊर्फी जावेद अब ओटीटी पर दस्तक देने वाली है. यूं तो वह अक्सर सुर्खियों में छाई रहती हैं. लेकिन इस बार वह अपनी अपकमिंग सीरीज 'फॉलो कर लो यार' को लेकर चर्चा में हैंयह सीरीज कब ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर दस्तक देने वाली हैं. यह खबर सुनने के बाद अब उर्फी के फैंस भी काफी एक्साइटेड हैं. अब फाइनली मेकर्स ने सीरीज का जबरदस्त ट्रेलर को जारी कर दिया है. नौ एपिसोड वाली ये सीरीज़ भारत की सबसे बड़ी वायरल सेंसेशन कहे जाने वाली, उर्फी जावेद की असल जिंदगी को बयां करने वाली है.

**कब होगी रिलीज ?**

रिलीजिंग डेट की अगर बात की जाए तो इसी 23 अगस्त को अमेजन प्राइम पर यह सीरीज रिलीज होने वाली है. इसका ऑफिशियल वीडियो प्राइम वीडियो की ओर से साझा किया गया है. इस वीडियो में ऊर्फी ने जानकारी देते हुए कहा कि आपको लगता है कि अगर यह 'बहुत ज्यादा' है तो आपने अभी तक कुछ भी नहीं देखा है.ये सीरीज प्राइम वीडियो पर भारत और दुनिया भर के 240 से अधिक देशों और क्षेत्रों में 23 अगस्त को हिंदी में और अंग्रेजी में रिलीज होगी. 'फॉलो कर लो यार' उर्फी के संघर्षों को दिखाने, उसकी सफलताओं का जश्न मनाने और सोशल मीडिया और पापाराजी वीडियो से परे उसके जीवन की रॉ और अनफिल्टर्ड रियलिटी को दिखाने वाली है.



**कैसा है उर्फी की इस सीरीज का ट्रेलर**

सामने आए ट्रेलर में उर्फी जावेद के दिलचस्प जीवन और रहस्यमय दुनिया की निडर झलक नजर आ रही है. शोहरत, परिवार और निरंतर खोज के बीच तालमेल बिठाते हुए, ट्रेलर उर्फी की जिंदगी की गहराईयों को भी दिखाता है. जहां वह अपने जिंदगी के आने वाले प्लान के बारे में काफी कुछ सोचती नजर आती हैं. सेलिब्रिटी बनने के उसके सपने और उसे सुर्खियों में रखने वाले विवाद शामिल हैं. बहनों के साथ तीखे झगड़ों तक, असफल ब्रांड सहयोग को बचाने से लेकर एक गैर-मौजूद रोमांटिक जीवन तक सब कुछ शामिल हैं.

**कौन है असली ऊर्फी ?**

बीते दिनों मेकर्स ने एक वीडियो जारी किया था जिसमें ऊर्फी अपने बारे में बताती हुई नजर आती हैं. वह कहती हैं कि मैं अटेंशन सीकर हूं इसलिए अतरंगी कपड़े पहनती हूं. लेकिन जानें क्यों लोगों को इससे परेशानी होती है. वैसे किसी की किसी और की सफलता देखी कहा जाती है.

## कोलकाता रेप केस पर बॉलीवुड सितारों का फूटा गुस्सा, सरकार से लगाई गुहार- उसे फांसी पर लटका दो



कोलकाता में महिला डॉक्टर के साथ रेप और हत्या की घटना ने भूरे देश को झकझोर दिया है. आम लोगों के साथ-साथ फिल्मी सितारे मामले को लेकर अपना गुस्सा जाहिर कर रहे हैं. वे गुनहगार के खिलाफ कड़ा से कड़ा एक्शन लेने की बात कर रहे हैं. आलिया भट्ट, परिणीति चोपड़ा और अनुष्का शर्मा ने रेप की घटना पर दुख और गुस्सा जताया. परिणीति चोपड़ा ने गुनहगार को फांसी पर लटकाने की बात कही.आलिया भट्ट ने कोलकाता डॉक्टर रेप और मर्डर की घटना की तुलना 2012 में घटी निर्भया बलात्कार केस से की. उन्होंने कहा कि महिलाएं कहीं सुरक्षित नहीं हैं, जिसके लिए बहुत कम बदलाव हुए हैं. परिणीति चोपड़ा ने रेप की घटना पर कहा, 'अगर आपके लिए पढ़ना मुश्किल है, तो सोचिए कि उसके लिए कैसा होगा. बहुत घिनौना और भयावह. उसे फांसी पर लटका दो.'

अनुष्का शर्मा ने 'कोलकाता आरजी कर मेडिकल कॉलेज' में महिला ट्रेनी डॉक्टर के साथ रेप और मर्डर की घटना पर दुख जताया. उन्होंने इंस्टाग्राम पर आकर अपना गुस्सा जाहिर किया. एक्ट्रेस ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी में लिखा है, 'आप इस बार क्या तर्क देंगे या यहां भी उसकी गलती है, क्योंकि आदमी तो आदमी ही रहेगा, सही कहा?'

इंडो-कनाडाई पंजाबी सेंसेशन एपी ढिल्लों ने भी रेप की घटना पर गुस्सा और निराशा जाहिर की है. एपी ढिल्लों ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर लिखा, 'आज जागने पर मैंने अपने विचारों को उसी तरीके से सामने लाना चाहा, जो तरीका मैं जानती हूं.' उन्होंने एक क्लिप के साथ एक ट्रिब्यूट सॉन्ग भी लिखा, जिसमें दिल टूटने वाले इमोजी शेयर किए गए हैं. गाने में एपी ढिल्लों ने पीड़िता को न्याय दिलाने की मांग की. उन्होंने महिलाओं की जन्मजात ताकत पर बात की और बताया कि समाज कैसे विफल हो रहा है.

## सॉरी हमने गलत समझा, हार्दिक पांड्या की डेटिंग रूमर्स के बाद शर्मिंदा हैं नेटिजंस, नताशा से मांग रहे हैं माफी



नताशा स्टेनकोविक और हार्दिक पांड्या ने पिछले महीने यानी जुलाई में ही अपने तलाक का ऐलान कर उन खबरों को सच करार दे दिया, जो कई महीनों से उनको लेकर चल रही थी. रिश्ते में खटपट से लेकर अलग रहने की खबरें सामने आई. लोगों ने नोटिस किया कि दोनों साथ में न तो जश्न में हैं और न किसी वेकेशन में. नताशा और हार्दिक ने जैसे ही सोशल मीडिया पर रिश्ता खत्म कर देना का ऐलान किया तो पूरा सोशल मीडिया एक्ट्रेस के पीछे पड़ गया. उन पर क्रिकेटर की जिंदगी खराब करने का आरोप लगाने लगे.

हार्दिक पांड्या से रिश्ता टूटने का दुख नताशा स्टेनकोविक को भी था. लेकिन इस बात को कुछ लोगों ने नहीं समझा. अपने तलाक के चलते सोशल मीडिया पर काफी निगेटिविटी झेलनी पड़ी, लेकिन अब चीजें बदल गई हैं. इधर हार्दिक की डेटिंग रूमर्स उड़ीं और उधर लोगों ने नताशा से माफी मांगनी शुरू कर दी.

**नताशा से क्यों यूजर्स मांग रहे हैं माफी**

नताशा-हार्दिक को अपने तलाक का ऐलान किए एक महीने भी नहीं हुआ है. दोनों ने 18 जुलाई को अपने तलाक का ऐलान किया था और अब क्रिकेटर की जिंदगी में नई हसीना की एंट्री के चर्चे शुरू हो गए. ऐसी अफवाहें हैं कि नताशा से अलग होने के बाद हार्दिक फिर प्यार में पड़ गए हैं. हार्दिक के सिंगर जैस्मिन वालिया को डेट करने की अफवाहें जोरों पर हैं और इन अफवाहों के उड़ते ही सोशल मीडिया यूजर नताशा से माफी मांगने लगे हैं.

**नताशा से माफी मांग रहे यूजर**


नताशा को ट्रोल करने के बाद अब यूजर उनके पोस्ट पर कॉमेंट करते हुए उनसे माफी मांगने लगे हैं. एक यूजर ने एक्ट्रस के पोस्ट पर कमेंट करते हुए लिखा- 'सॉरी नताशा, हमने पूरी कहानी जाने बिना ही तुम्हें गलत ठहरा दिया. तुम अच्छा डिजर्व करती हो.' एक अन्य ने लिखा- 'क्योंकि, हार्दिक पांड्या फेमस क्रिकेटर हैं और अमीर है, इसका ये मतलब नहीं कि नताशा गुनहगार हैं.' एक अन्य यूजर ने लिखा- 'किसी भी औरत को रिलेशनशिप में दर्द नहीं मिलना चाहिए. हार्दिक अच्छे प्लेयर हो सकते हैं, लेकिन वह इससे अच्छे पति साबित नहीं होते.'

**कैसे शुरू हुई हार्दिक-जैस्मिन की अफवाहें**

हार्दिक और जैस्मीन के डेटिंग के बारे में अटकलें तब शुरू हुई जब दोनों के फॉलोअर्स ने देखा कि दोनों ने इंस्टाग्राम पर एक ही लोकेशन से तस्वीरें साझा की हैं. जैस्मीन ने हाल ही में एक नीली बिकनी में अपनी तस्वीरें पोस्ट की थीं, वहीं हार्दिक ने सेम लोकेशन से अपना वीडियो शेयर किया था, जिसमें वह पूल किनारे वॉक करते दिखे थे. इसके बाद से सोशल मीडिया पर ये सुगबुगाहट शुरू हो गई की दोनों साथ में हैं.

# अमिताभ बच्चन

## ने तमाम कयासों के बीच ली काम से छुट्टी, अपने शरीर पर किया काम, कहा- परिवार के साथ समय बिताया



अमिताभ बच्चन इन दिनों 'कौन बनेगा करोड़पति 16' को लेकर चर्चा में हैं. वह शो को होस्ट कर रहे हैं और कंटेस्टेंट्स के मस्ती भरे अंदाज में गेम को एन्जॉय कर रहे हैं. साथ ही अपनी पर्सनल लाइफ के जुड़े किस्से और अनुभवों को शेयर कर रहे हैं. 'केबीसी 16' के बिजी शेड्यूल के बाद भी अमिताभ लिखने से नहीं चूक रहे हैं. उन्होंने अपने ब्लॉग में बताया कि स्वतंत्रता दिवस को फैमिली संग एन्जॉय करने के लिए उन्होंने एक दिन की छुट्टी ली. उन्होंने छुट्टी वाले दिन अपने कई पेंडिंग काम भी निपटाए,अमिताभ बच्चन ने अपने ब्लॉग में लिखा, एक अच्छा दिन. शरीर पर काम करते हुए. और परिवार के साथ बिताया. वह अजीब छुट्टी का दिन जब सभी पेंडिंग कामों को पूरा करने की जरूरत होती है ु पिछले कुछ दिन स्टूडियो में बहुत बिजी रहे हैं, इसलिए एक लंबा ब्लॉग नहीं लिख पा रहा हूं.. लेकिन आने वाले दिनों में उम्मीद है कि कनेक्ट करने और ब्लॉग पर समय बिताने के लिए थोड़ा और समय निकाला जाएगा.



**अमिताभ बच्चन ने ऑडियंस के प्यार को बताया इंस्पिरेशन**

अमिताभ बच्चन ने आगे लिखा, हम सभी के लिए प्रेरणा हमेशा से दर्शक और उनका प्यार रहा है, या उनकी कमेंट्स जो ज्यादा ध्यान देने की मांग करते हैंु और उनके कमेंट्स का जबाव देने का हमेशा प्रयास किया जाता है. और यह जारी रहेगाु आप हमें बनाते हैंु हम आपके लिए क्या बनाते हैं...

**'केबीसी 16' की ऑडियंस को दिया इमोशनल मैसेज**

'केबीसी 16' की बात करें तो इसका पहला एपिसोड सोमवार को ऑन एयर हुआ. बिग बी ने सीजन के पहले कंटेस्टेंट को हॉट सीट पर लाने से पहले, उन सभी लोगों के साथ एक इमोशनल मैसेज शेयर जिन्होंने उनकी कौन बनेगा करोड़पति की पूरी जर्नी को देखा और सपोर्ट किया है. उनके मैसेज ने पूर ऑडियंस को इमोशनल कर दिया.